सुप्रभात
रांची, शनिवार
01.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी , संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 317

12 100 टन सोना लंदन से वापस आया भारत

न्यूज डायरी

जेल में हेमंत से मिले सीएम, कई मुद्दों पर चर्चा

रांची। सीएम चंपाई सोरेन ने शुक्रवार की सुबह होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच लंबी बातचीत में कई कई मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि दोनों के बीच क्या चर्चा हुई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। मुलाकात के बाद जेल से निकलने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की। इस मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। वहीं 1 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दिल्ली बैठक को लेकर भी पार्टी की रणनीति चर्चा होने के कयास लगाये जा रहे हैं।

युवक की गोली मार कर हत्या, एक को दबोचा

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा गांव के असनौर टोला के युवक योगेंद्र यादव को अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की देर शाम करीब 7:15 बजे की बतायी जाती है। सूचना मिलने के बाद पाटन थाना प्रभारी लालजी व किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार निरज पुलिस दलबल के पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये अपराधी को अपने कब्जे में लिया। घायल योगेंद्र व पकड़े गये अपराधी को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था. इलाज के दौरान घायल योगेंद्र यादव की मौत हो गयी।

ओड़िशा में गर्मी से जुड़ी बीमारी से 35 की मौत

भुवनेश्वर। ओड़िशा में गर्मी से संबंधित बीमारी से कम से कम 35 लोगों की मौत होने की आशंका है। सुंदरगढ़ में 16, संबलपुर में 8, झारसुगुड़ा में 8, बोलांगीर में 3 लोगों की मौत हुई है। एडीएमओ ने कहा कि 8 लोगों की मौत में से 5 की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिल गयी है। मौत का कारण हीट स्ट्रोक है।

एग्जिट पोल पर निवार्चन आयोग की सख्त हिदायत

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रानिक , प्रिंट और अन्य सभी तरह के प्रचार माध्यमों को निर्देश दिया है कि वे शनिवार को चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के पूर्व कोई एग्जिट पोल जारी नहीं करें। चुनाव समाप्त होने के बाद ही एग्जिट पोल का प्रचार या प्रसार कर सकते हैं। शनिवार को लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण का मतदान होना है।

आसमान में छाये बादल गर्मी से मिली थोड़ी राहत

रांची। किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत सारंडा जंगल क्षेत्र में शुक्रवार की अहले सुबह से ही आसमान में काले और घने बादल छाये रहे। बादलों की वजह से तापमान में थोड़ी गिरावट आयी। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। पिछले तीन से चार दिनों से पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही थी। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

दुमका, राजमहल और गोड्डा में आज मतदान

हर बूथ की कंट्रोल रूम से होगी मॉनिटरिंग

निशिकांत-प्रदीप, सीता-नलिन, ताला- विजय की प्रतिष्ठा दावं पर

बिहार व बंगाल से लगी सीमाएं सील

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए करीब दो महीने तक चले धुआंधार प्रचार के बाद अब सभी निगाहें शनिवार को होने वाले सातवें और अंतिम चरण के मतदान पर केंद्रित हैं। झारखंड की तीन दुमका, गोड्डा और राजमहल समेत आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 57 संसदीय सीटों पर एक जून को होनेवाले मतदान कराने सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पोलिंग पार्टियों कड़ी सुरक्षा में बूथों पर रवाना कर दी गयी हैं। झारखंड के संथाल की तीनों सीटों गोड्डा में निशिकांत दुबे और प्रदीप यादव, दुमका में सीता सोरेन और नलिन सोरेन, राजमहल में ताला मरांडी और विजय हांसदा की प्रतिष्ठा दावं पर है। मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों से जुड़े बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमाएं सील कर दी हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान हो सके, इसके लिए सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में भी सुरक्षा बलों की विशेष व्यवस्था की गयी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि दुमका, राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की जायेगी। सभी निर्वाचन क्षेत्रों के मतों की गणना चार जून को होगी।

(शेष पेज 11 पर)

तीन सीटों पर 52 प्रत्याशी

इस चरण में झारखंड की तीनों सीटों पर कुल 52 प्रत्याशी मैदान में हैं। राजमहल में 14 तथा गोड्डा और दुमका में 19-19 उम्मीदवार हैं। इन सभी सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन प्रत्याशियों में कड़ी टक्कर है। राजनीतिक दृष्टि से गोड्डा और दुमका प्रतिष्ठा की सीट मानी जा रही है। गोड्डा से तीन बार के सांसद रहे भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रदीप यादव चुनौती दे रहे हैं।

वहीं उपराजधानी दुमका सीट पर झामुमो से भाजपा में आयीं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ताल ठोक रहीं हैं। सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन को इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो के नलिन सोरेन चुनौती दे रहे हैं।

इसी तरह राजमहल में झामुमो के विजय हांसदा के सामने भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी मैदान में हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजमहल को छोड़कर शेष इन दोनों सीट भाजपा के खाते में थी।

ध्यान के दूसरे दिन मोदी ने सूर्य को दिया अर्घ्य



एजेंसी

कन्याकुमारी (तमिलनाडु)। कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर पीएम मोदी की ध्यान साधना शुक्रवार को जारी रही। सामने आये पहले वीडियो में पीएम मोदी मेमोरियल के ध्यान मंडप हॉल में ध्यान में लीन दिख रहे हैं। इससे पहले, सुबह-सुबह उन्होंने कन्याकुमारी के संगम पर पूजा की। फिर उगते सूर्य को अर्घ्य (हिन्दू शास्त्र के अनुसार सूर्य को जल अर्पित) दिया। पार्टी ने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और फोटो साझा की है, जिसमें प्रधानमंत्री भगवा चोला पहने भगवान सूर्य की प्रार्थना कर रहे हैं। वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते समय मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। फोटो में वह हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाये दिख रहे हैं। कुछ तस्वीरों में पीएम मोदी ध्यान मंडपम में ध्यान करते और प्रार्थना की माला हाथ में लिए मंडप की परिक्रमा करते नजर आ रहे हैं। पीएम 1 जून तक वहां रहेंगे। भाजपा ने अपने नेताओं से वहां ज्यादा भीड़ न लगाने के लिए कहा है।

मोदी ने श्री भगवती अम्मन मंदिर में विशेष प्रार्थना करने के बाद गुरुवार शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना ध्यान शुरू किया है। ध्यान सत्र पूरा करने के बाद पीएम मोदी शनिवार को स्मारक के पास एक तमिल संत के प्रसिद्ध तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा भी कर सकते हैं। उनकी यात्रा के मद्देनजर कन्याकुमारी में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक जहाजों को तटरेखा के करीब पानी में चौबीसों घंटे गश्त में तैनात है। तमिलनाडु समुद्री पुलिस का तटीय सुरक्षा समूह (सीएसजी) भी इस यात्रा को लेकर कड़ी निगरानी रख रहा है।

काशी पर लगी है देश-दुनिया की नजर

वाराणसी। देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विख्यात वाराणसी (काशी) में शनिवार को होनेवाले मतदान पर देश-दुनिया की नजर गड़ी हुई है। दिन निर्णायक होने वाला है। लोकतंत्र के महापर्व के सातवें व अंतिम पड़ाव में एक को मतदान होगा। वाराणसी का चुनाव यह तय करेगा कि क्या यहां से केवल एक सांसद चुनकर जायेगा या फिर तीसरी बार देश को काशी नेतृत्व की बागडोर देने जा रहा है। वाराणसी लोक सभा सीट से पीएम मोदी समेत सात प्रत्याशी मैदान में है। दो बार यहां का का प्रतिनिधित्व कर चुके पीएम मोदी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने जा रहे हैं। मोदी से दो बार शिकस्त खाकर तीसरे नंबर पर रहे , इंडी गठबंधन के अजय राय इंडियन नेशनल कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे है।

दिल्ली में आज इंडिया ब्लॉक की अहम बैठक

कल्पना और चंपई भाग लेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक जून को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक बुलायी है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के चार जून को होनेवाली मतगणना से ठीक पहले इंडिया ब्लॉक की बैठक में कई दलों के नेता शामिल होंगे। बैठक में झामुमो की ओर से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सीएम चंपाई सोरेन और पार्टी की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन भी शिरकत करेंगी। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इसकी जानकारी दी और बताया कि बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी भाग लेंगे। झामुमो ने दावा किया कि चार जून के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय है। ऐसे में आगे की रणनीति बनाने की दिशा में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बैठक बुलाये जाने को एक सुलझा हुआ फैसला करार देते हुए झामुमो ने कहा कि आने वाला वक्त हमारा है। आपसी एकजुटता बनाये रखने और चार जून के बाद की रणनीति बनाने की दिशा में कल की बैठक महत्वपूर्ण होगी।

झामुमो झारखंड की पांच लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। साथ ही राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा भी किया। झामुमो का कुछ सीटों ओर नजदीकी लड़ाई के बावजूद सभी लोकसभा सीट राज्य में इंडिया ब्लॉक के खाते में आयेगी।

जू के जानवरों को कूलर पंखा और बाथ टब से राहत

रांची। राजधानी रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में इन दिनों प्रचंड गर्मी है। इंसानों के साथ-साथ जानवर भी इससे परेशान हैं। बेजुबान जानवरों के पास गर्मी से बचने के कोई उपाय नहीं है, खास करके वैसे जानवर जो पिंजरे में कैद हैं। रांची के ओरमांझी स्थित बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में 1600 जानवरों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए वन विभाग और चिड़ियाघर प्रबंधन ने पिंजरे में कूलर और पंखे लगाये हैं। इस इंतजाम को लेकर ओरमांझी चिड़ियाघर के चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश साहू ने बताया कि जैविक उद्यान में रह रहे जानवरों को ठंडक पहुंचाने के लिए खस(पुवाल) की दीवार बनायी गयी है। वहीं इसके अलावा केज में शेड भी लगाए गए हैं ताकि पिंजरे में रह रहे जानवरों को कड़ी धूप से राहत मिल सके। चिड़िया घर के डॉक्टर ओम प्रकाश साहू ने बताया कि मांसाहारी और शाकाहारी जानवरों के खाने पीने में भी बदलाव किया गया है। शाकाहारी जानवरों के लिए मौसमी फल, आम इत्यादि दिये जा रहे हैं। वहीं शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों के लिए ग्लूकोज का घोल भी बना कर दिया जाता है ताकि जानवरों में डिहाइड्रेशन की समस्या ना हो।

झारखंड में मौसम का कहर

हीट वेव से 48 घंटे में 20, वज्रपात से 3 की मौत

खबर मन्त्र टीम

रांची। झारखंड में मौसम का कहर जारी है। पलामू प्रमंडल भीषण गर्मी की चपेट में है। जानकारी के अनुसार पिछले 48 घंटे में जिला के विभिन्न इलाकों में 20 से अधिक लोगों की मौत की खबर है। ग्रामीण और मृतक के परिजनों के अनुसार सभी की मौत लू लगने और भीषण गर्मी के कारण हुई है। वहीं बोकारो में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती समेत तीन लोगों की मौत हो गयी है। दो घायल हैं। इस बीच दुमका में भारी बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में 26 मवेशियों की मौत हो गयी। ये घटना मसलिया प्रखंड के कोलाबागान जंगल की है।

वज्रपात से मौत : घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरमसिया ओपी क्षेत्र के नूतनडीह में गुरुवार की रात दाह-संस्कार कर श्मशान घाट से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। उसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ कर नूतनडीह निवासी बादल राय (45) और पार्थ राय की मौत हो गयी। दूसरी बाइक पर सवार दुगाई बनर्जी और तारू बनर्जी घायल हो गये। वहीं दूसरी ओर दुमका के मसलिया प्रखंड के कोलाबागान जंगल में वज्रपात के कारण 26 पशुओं की मौत हो गयी।

(शेष पेज 11 पर)

चतरा में 20 हजार घूस लेते जेई और दलाल गिरफ्तार

रांची। चतरा में भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट करते हुए एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने मनरेगा जेई और उसके दलाल को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। जांच टीएम ने लावालौंग मनरेगा जेई दशरथ को जेल के समीप से और उसके दलाल ब्रजेश यादव को लमटा-चतरा मुख्य मार्ग से धर दबोचा। जेई दलाल के माध्यम से कूप निर्माण के लाभुक से मापी व भुगतान के नाम पर घूस मांग रहा था। लाभुक लमटा गांव निवासी नीलेश साव ने इसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की। इस मामले की एसीबी टीम ने जांच की। जांच के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम ने जाल बिछाया। इसके बाद रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा और अपने साथ हजारीबाग ले गयी।

१ उ

''घल्ले आवे नानका, सद्दे उठ्ठे जाये''

सरदारनी बलवंत कौर खनूजा

हमारी पूज्य माता जी सरदारनी बलवंत कौर खनूजा (धर्मपत्नी स्वर्गीय सरदार हरजीत सिंह खनूजा) का 31.05.2024 शुक्रवार अपराह्न 3 बजे निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा हमारे पैतृक आवास 14/407, काशीडीह, साकची (साकची गुरुद्वारा पेट्रोल पंप के सामने) दिनांक 02.06.2024 दिन रविवार को सुबह 10:00 गुरुद्वारा साहिब साकची होते हुए स्वर्णरेखा बर्निंग घाट, भुइयांडीह पहुँचेगी।

शोकाकुल :-
पुत्र :-
त्रिलोचन सिंह 'पम्मी', दलजीत सिंह 'राज़े', अमरप्रीत सिंह 'काले'
रणबीर सिंह 'बब्बू' एवं समस्त खनूजा परिवार

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	68300 रु./10 ग्राम
चांदी	96000 रु./प्रति किलो

प्रतिबंधित मछली लदा वाहन पलटा, लूट ले भागे लोग

- एनएच पर हादसे ने खोली तस्करी की पोल
- थाई मांगुर का धड़ल्ले से जारी है अवैध व्यापार

खबर मन्त्र संवाददाता

तोपचांची (धनबाद)। शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित थाई मांगूर मछली से भरा पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। वैन में भरी थाई मांगुर मछलियां सड़क पर फैल गयीं। पानी के बिना सभी मछलियां रोड पर तड़प रही थीं। खबर फैलते ही आसपास के लोग जुट गये और मछलियां लूटने की होड़ मच गयी। देखते-देखते ग्रामीणों ने रोड में बिखरी लगभग सभी मछलियां लूट ली और चलते बने। जबतक तोपचांची पुलिस पहुंचती, तब तक आसपास के लोग सभी मछलियां लूट कर जा चुके थे। मछलियां बंगाल से बिहार के औरंगाबाद ले जायी जा रही थी।

प्रतिबंध के भी तस्करी जारी : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केंद्र सरकार ने वर्ष 2000 से ही विदेशी थाई मांगूर मछली पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद इसकी तस्करी धड्डले से की जा रही है। खास कर एनएच अवैध व्यापार का सेफ जोन बना हुआ है। एनएच के रास्ते प्रतिदिन दर्जनों गाड़ियों में थाई मांगूर मछली बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जगहों में भेजी जाती है। प्रतिबंधित होने के बावजूद तस्करी रुक नहीं रही।

कैसे हुआ हादसा : चालक सुबोध कुमार ने कहा कि टायर फट जाने के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वैन के चारों पहिये हवा में उड़ गये। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटालड्डा स्थित ओवरब्रिज के पास एनएच पर हुआ।

सिदो कान्हु की धरती से होगी भाजपा के संकल्प की सिद्धि : लक्ष्मीकांत

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्ट राज्य सरकार की उल्टी गिनती होगी शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत का दावा किया। डॉ वाजपेयी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्य के ठगबंधन सरकार एवम इंडी एलायंस पर बड़ा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में दो क्रांति महत्वपूर्ण है। इसमे भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान एवम अमर शहीद सिदो कान्हु का हुल शामिल है। उन्होंने कहा कि जून महीना संथाल हुल क्रांति का महीना है। संथाल समाज कांग्रेस झामुमो मुक्त झारखंड के लिए हुल करने केलिये तैयार है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से संथाल समाज के अस्तित्व पर संकट के बादल छाये हुये हैं।बांग्लादेशी घुसपैठियों से केवल डेमोग्राफी नहीं बदली बल्कि जमीन और जमीर दोनो की हो रही लूट। विशिष्ट संस्कृति ही संथाल समाज की पहचान, जिसे समाप्त करने की कोशिश राज्य सरकार के संरक्षण में हो रहा है। झामुमो-कांग्रेस- राजद ठगबंधन वोट बैंक के कारण संथाल की अस्मिता और पहचान को मिटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी सत्ता को बचाने केलिए इंडी ठगबंधन ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हाथों गिरवी रख दी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की जमीन लव जिहाद के माध्यम से घुसपैठिये लूट रहे हैं।कांग्रेस झामुमो के संरक्षण में घुसपैठियों के राशनकार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से घट रही है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ भ्रष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है।खान खनिज, पत्थर कोयला, बालू की लूट हो रही है।केवल साहेबगंज जिला में एक हजार करोड़ से अधिक के घोटाले उजागर हुये हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में है। सरकार के मंत्री आलमगीर आलम जेल में हैं। कई आइएएस अधिकारी जेल में हैं। और कई जाने की कतार में खड़े दिखाई दे रहे। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के नेता चोरी और सीनाजोरी दोनो कर रहे हैं। भ्रष्टाचार को भी जाति धर्म समुदाय से जोड़कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जबकि जनता इनकी चालाकी खूब समझ रही है।

उन्होंने कहा कि आज जनता मोदी सरकार के विकास कार्य चाहे देवघर में एम्स की स्थापना हो, एयरपोर्ट हो या रेलवे की सुविधा हो, हाईवे का निर्माण, गंगा नदी पर साहेबगंज में पुल का निर्माण जैसे कार्यों को देख रही है। साथ ही, दूसरी ओर भाजपा की राज्य सरकार में किये गये विकास कार्यों को याद कर रही है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी की सभाओं में लाखों की भीड़ तपती गर्मी में सुनने केलिये उमड़ी वह दृश्य जनता के मिजाज को समझने केलिए काफी है।

उन्होंने कहा कि 1जून को वोट के माध्यम से जो हुल संथाल की धरती से होगा वह भ्रष्टाचार, लूट, लव जिहाद, लैंड जिहाद, घुसपैठ, तुष्टिकरण के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि 4जून के बाद देश में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कारवाई और तेज होगी। भाजपा कभी भी झारखंड को लूट और घुसपैठ की भूमि नही बनने देगी। घुसपैठियों को चुन चुन कर बाहर किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

अंतिम चरण के चुनाव में झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन के साथ : सोनाल शांति

रांची। यह चुनाव संविधान और आरक्षण हटाने वाले एनडीए एवं उसे बचानेवाले इंडिया गठबंधन के बीच है। चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को लोकसभा के लिए झारखंड की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव में जनता पूरी तरह से संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई में इंडिया जनबंधन के साथ है। शांति और अहिंसा के मार्गदर्शक बापू के अस्तित्व को नकारने वाले प्रधानमंत्री का घमंड जनता अंतिम चरण के चुनाव में तोड़ेगी। राजमहल, दुमका, गोड्डा की सीटों पर जनता बहुमत से इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों को चुनकर लोकसभा में भेजेगी और संथाल परगना इलाके से भाजपा का सुपड़ा साफ करेगी। उक्त दावा करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह साजिश के तहत इंडिया जनबंधन के दो कद्दावर नेताओं हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम को जेल भेजा है। उससे संथाल के लोगों में भारी आक्रोश है और यह आक्रोश संथाल के क्षेत्र में मतदान के रूप में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की 11 सीटों पर जनता ने अपना फैसला सुना दिया है और बाकी तीन सीटों को इंडिया जनबंधन की झोली में डालकर झारखंड की जनता चुनाव में इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा है किम चुनाव के हर चरण में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बदले रूप को देखकर लोग हैरान हैं, चुनाव के प्रत्येक चरण को सांप्रदायिक बनाने की लगातार कोशिश भी उनकी नाकाम हो गई और अंतिम चरण के पूर्व वन नेशन, वन चुनाव को लागू किए जाने का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने संविधान में बदलाव की मंशा को जाहिर कर दिया है।

दुमका, राजमहल व गोड्डा के हर बूथ की होगी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग

चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़े बिहार और प. बंगाल की सीमा सील : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि दुमका, राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की जायेगी। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदनए धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुमका, राजमहल और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को मतदान है। राजमहल में 14 और गोड्डा तथा दुमका में 19-19 उम्मीदवार हैं। प्रत्येक बूथ पर भीतर और बाहर एक-एक कैमरे लगाये गये हैं। पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाये हुये हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी मतदानकर्मी मतदान के बाद उसी दिन वापस लौटेंगे। बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन दूरस्थ इलाके के मतदाताओं को वाहन से मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि इस बार दिनभर मतदान है। समय निकाल कर परिवार और पड़ोसी संग मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के मद्देनजर हर बूथ पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़े बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा सील कर दी गयी है। बाइक सवार क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि देवघर में चुनाव कार्य से जुड़े एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की मौत हो गयी है। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 134 करोड़, 75 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को दी गई विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीसीएल से मई, 2024 में 81 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इसमें 8 अधिकारी और 73 कामगार हैं। रिटायर हुए कर्मियों में मुख्यालय से 7 हैं। मुख्यालय सहित क्षेत्रीय कार्यालयों में समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सीसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (खनन) महेंद्र कुमार पंजाबी, महाप्रबंधक (वित्त) अनिल कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम) सुनील कुमार, सीएमओ, मुख्यालय डिस्पेंसरी डॉ. अरबिंद कुमार, मुख्य भंडारपाल - ए-1 संजय कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक (मेडिकल विभाग) सौमेन रॉय एवं मैट्रन-ए-1 मनोज कुमारी सेवानिवृत्त हुए। सीसीएल की ओर से सम्मान- सह - विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश कुमार झा एवं सीवीओ पंकज कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया। निदेशक (वित्त) ने कहा कि आप सभी की समर्पित भावना के कारण ही कंपनी का विकास एवं भविष्य सकारात्मक है। कंपनी से जब भी कोई जरूरत पड़े, तब कंपनी एवं मैनेजमेंट आपके साथ होंगे। निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि सभी अपने-अपने स्वास्थ्य एवं वित्तीय अनुशासन पर विशेष ध्यान दें, ताकि दूसरों पर निर्भर नहीं रहें। वर्षों से आपके समर्पण, कड़ी मेहनत और समर्पित भावना का कंपनी को लाभ मिला है। इसके कारण सीसीएल अपना लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। निदेशक (तकनीकी/संचालन) ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की उपलब्धि के बारे में चर्चा की। कहा कि आपकी दूसरी पारी सुखमय हो। निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) ने कहा कि आप अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ समय बिताएं। बच्चों के भविष्य निर्माण में योगदान दें। सीवीओ पंकज कुमार ने दूसरी इनिंग के पहली इनिंग से और बेहतर होने की कामना की।

सलाह दी कि अपने और लाइफ पार्टनर के प्रति ध्यान दें। व्यक्तिगत हितों को दूसरे के लिए कोम्प्रोमाईज नहीं करें। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर बनी एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इसमें कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन, स्वागत एवं धन्यवाद विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया।

39 साल सरकारी नौकरी के बाद सेवानिवृत हो गये प्रधान लिपिक संजय

खबर मन्त्र संवाददाता

जिला अवर निबंधन कार्यालय रांची में समारोह आयोजित कर उन्हें दी गयी विदायी

रांची। रांची जिला निबंधन कार्यालय के प्रधान लिपिक संजय कुमार गुप्ता 31 मई शुक्रवार को सेवानिवृत हो गये। इन्होंने 39 साल एक महीने तक सरकारी सेवा में कार्यरत रहे। सरकारी सेवा के दौरान इन्होंने 21 अलग-अलग अवर निबंधक पदाधिकारी के साथ कार्य किये। प्रधान लिपिक संजय कुमार गुप्ता बेहद अनुशासित, मृदुभाषी, बेहतर प्रबंधनीय गुण वाले तथा जमीन से संबंधित दस्तावेज के अच्छे जानकार माने जाते रहे हैं। इन्हें सॉल ओढ़ाकर और बूके प्रदान कर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर रांची जिला अवर निबंधक पदाधिकारी वैभव मणि त्रिपाठी, रांची शहरी निबंधक पदाधिकारी हिनू बाल्मीकी साहु, रांची ग्रामीण निबंधक पदाधिकारी हिनू संतोष कुमार रजक के अलवा विशेष रूप से गढ़वा जिला अवर निबंधक पदाधिकारी विवेक कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वैभवमणि त्रिपाठी ने कहा कि संजय गुप्ता के कार्य काफी प्रशंसनीय रहे हैं। किसी को उन्होंने शिकायत का मौका नहीं दिया। उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। बाल्मीकी साहु ने कहा कि संजय कुमार सामंजस्य स्थापित कर काम करनेवाले व्यक्ति रहे। एक अच्छे मैनेजर के रूम में काम किया। किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दिया। इस मौके पर निबंधन कार्यालय रांची के लिपिक बासित हाफिज, पुष्कर कुमार साहु, किशोर साहु, श्रवण कुमार सिन्हा, रमेश कुमार, आनंद साहु, सुनील कुमार, शैलेश, प्रभात, असीम कुमार सिन्हा, गणेश साहु, नित्यानंद राय, गुड्डन कुमार समेत रांची जिला दस्तावेज नवीस संघ के पदधारी, सदस्य, अधिवक्तागण उपस्थित थे।

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ी, कम बिजली के कारण आपूर्ति चरमरायी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गर्मी बढ़ते ही झारखंड में जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोगों को जरूरत भर बिजली नहीं मिल रहा। बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। रांची सहित पूरे राज्य में भयंकर बिजली कटौती और पावर कट का सिलसिला जारी है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजधानी रांची में कब बिजली रहेगी, कब कट जायेगी, यह कहा नहीं जा सकता है। गर्मी का साइड इफेक्ट का सबसे बड़ा असर देशभर में पानी आधारित हाईडल पावर प्रोजेक्ट पर पड़ा है। पानी आधारित नेशनल हाईडल पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) से बिजली उत्पादन में कमी आयी है। इसका कारण नदी और अन्य सरफेस वाटर श्रोत में पानी की कमी हो जाना है। इसका असर झारखंड में भी पड़ रहा है। एनएचपीसी से झारखंड को करीब 1 हजार मेगावट तक बिजली मिलती है। मगर अभी झारखंड को 300 से 350 मेगावाट तक बिजली कम मिल रही है। इसके अतिरिक्त अन्य श्रोत से 50 से 100 मेगावाट तक बिजली की कमी दर्ज की जा रही है। पूरे स्टेट में करीब 400 मेगावाट बिजली की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण रांची सहित पूरे राज्य में जमकर बिजली कटौती की जा रही है।

महंगी बिजली की भी खरीददारी की तैयारी

हालात की गंभीरता को देखते हुए अब जेबीवीएनएल पीटीसी (पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन) से बिजली लेने की तैयारी कर रहा है। अगर दो दिनों के अंदर मौसम सामान्य नहीं हुआ तो जेबीवीएनएल 10 रूपए प्रति यूनिट महंगे दर पर बिजली खरीदकर हालात को सामान्य करने की तैयारी में है। औसतन जेबीवीएनएल पांच से छह रूपए प्रति यूनिट बिजली खरीदती है।

डीवीसी कमांड एरिया में भी बिजली की भारी कटौती

हमेशा बकाये के बोझ तले दबे होने के कारण डीवीसी अपने कमांड एरिया को संभाल नहीं पा रहा है। धनबाद, बोकारो, रामगढ़, गिरिडीह, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग में डीवीसी ढाई सौ मेगावट की बिजली कटौती कर रहा है। इसके कारण कमांड एरिया में छह से सात घंटे तक पावर कट हो रहा है. ऊपर से लोकल फॉल्ट ने समस्या और बढ़ा दी है। डीवीसी अपने कमांड एरिया में करीब 800 मेगावाट बिजली आपूर्ति करता है, मगर फिलहाल ढाई सौ मेगावाट तक की कमी दर्ज की जा रही है। इसका सीधा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ रहा है।

लोकल फॉल्ट बढ़ा रही बिजली की समस्या

रांची में लोकल फॉल्ट ने पावर की समस्या बहुत अधिक बढ़ा दी है। कब बिजली रहेगी, कब जाएगी। इसका अता-पता नहीं। सुबह से जो पावर कट का सिलसिला शुरू होता है वह देर रात तक जारी रहता है। किसी भी सबस्टेशन या लोकल सेक्टर कार्यालय में रात में न कोई भी इंजीनियर मौजूद होता है न ही ऑपरेशन-मेंटेनेंस गैंग, सबस्टेशन के जरिए ही पूरी व्यवस्था संचालित हो रही है। रात में अगर पावर कट हुआ तो ठीक होगा या नहीं, रात को बिजली आएगी या नहीं, इसकी गारंटी कोई नहीं दे सकता है। जबकि बिजली अफसरों का साफ निर्देश है कि रोटेशन के तहत रात में सभी सबस्टेशन में जेई और ऑपरेशन-मेटेनेंस गैंग तैनात रहेंगे, ताकि खराबी या विपरित परिस्थिति में वे मूव कर सकें। सबस्टेशन में तैनात कर्मी ही लाइन मैन को फोन करके खराबी की सूचना देते हैं और शट डाऊन देते हैं।

गर्मी में बढ़ी बिजली की मांग

सामान्य दिनों में झारखंड की बिजली खपत 1900 से 2000 मेगवाट तक रहती है। मगर अभी पीक गर्मी में डिमांड बढ़कर यह 2500 मेगावाट तक बढ़ गयी है। ऊपर से बिजली की कमी। ऐसे में राज्य में बिजली संकट बढ़ गया है। हालात से निपटने के लिए जेबीवीएनएल तैयारी में जुट गया है। एक से दो दिनों के अंदर अतिरिक्त बिजली खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है। पीटीसी से वार्ता जारी है। हालात बिगड़ने पर अतिरिक्त बिजली की खरीदी की जाएगी।

रांची को मिल रही बिजली की स्थिति

हटिया ग्रिड, फूल लोड : 260-265 मेगावाट, उपलब्धता : 250-255 के करीब

नामकुम ग्रिड, फुल लोड : 110-120 मेगावाट, उपलब्ध : 90-100 मेगावाट

कांके ग्रिड, फुल लोड : 60-80 मेगावाट, उपलब्ध : 70 मेगावाट

बुढ़मू ग्रिड, फुल लोड : 28-30 मेगावाट, उपलब्ध : 25 मेगावाट

रांची में बिजली डिमांड : 350 से 400

गर्मी में खपत बढ़ी : 35 से 40 मेगावाट

खबर एक नजर में

दादा-दादी के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने सरहुल पर्व मनाने के नाम पर पैसा नहीं देने पर दादा.दादी की एक साथ हत्या करने वाले पोते मंगलू उरांव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुमाने की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त छह माह की सजा भुगतनी होगी। दोहरे हत्याकांड की सुनवाई करते हुये अदालत ने 28 मई को अभियुक्त मंगलू उरांव को दोषी करार दिया है। अदालत ने फोरेंसिक रिपोर्ट एवं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है। बेड़ो थाना क्षेत्र के घाघरा पंचायत स्थित कैरो गांव में मंगलू उरांव ने बूढ़े दादा मंगरा उरांव एवं दादी चरिया की हत्या 14 अप्रैल 2021 को कर दी थी। सरहुल पर्व मनाने के लिए पैसे नहीं मिलने पर उसने आवेश में इस घटना को अंजाम दिया था। अभियुक्त ने घर में रखे दौली और हंसुआ से हमला कर दादा.दादी को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के लेकर मृतक के बेटे सह अभियुक्त के पिता सुका उरांव में बेड़ो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता को छोड़कर सूचक सहित सभी गवाह अदालत में गवाही के दौरान मुकर गए। लेकिन, अदालत ने फारेंसिक रिपोर्ट और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

हाईकोर्ट ने कहा : एक बार मिली जमानत तब तक रद्द नहीं हो सकती जब तक शर्तों का उल्लंघन न हो

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अगर किसी अभियुक्त को एक बार जमानत दे दिया जाता है, उसकी जमानत तब तक रद्द नहीं की जा सकती जब तक कि वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन न करे या निष्पक्ष सुनवाई में बाधा न डाले। दरअसल, जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दीक्षा कुमारी को एक आपराधिक मामले में आपसी समझौते के आधार पर जमानत दी थी। जिसके खिलाफ अमित कुमार ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल मिस्लीनियस पिटीशन दाखिल कर जमानत रद्द करने का आग्रह किया था। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अमित कुमार की ओर से यह बहस की गई की दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। वहीं राज्य सरकार की ओर से यह दलील दी गई कि समझौते की शर्तों का पालन न करना जमानत रद्द करने का आधार नहीं बन सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमशेदपुर कोर्ट के द्वारा दीक्षा कुमारी को दी गई जमानत को रद्द करने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। जमशेदपुर कोर्ट ने दीक्षा कुमार को वर्ष 2022 में जमानत दी थी। जमशेदपुर सिविल कोर्ट में लंबित मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है।

मेडिकल और ओरल एविडेंस में विरोधाभास हो, तो आई विटनेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए कहा है कि जहां भी चिकित्सा साक्ष्य (मेडिकल एविडेंस) और मौखिक साक्ष्य (ओरल एविडेंस) के बीच विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य (आई विटनेस) पर विश्वास नहीं किया जा सकता। दरअसल सरायकेला-खरसांवा सिविल कोर्ट ने निराकार महतो को माधो सिंह मुंडा की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। निराकार महतो ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में इस मामले पर सुनवाई हुई। निराकार महतो की ओर से अधिवक्ता सोनम कुमारी ने बहस की। अधिवक्ता सोनम की ओर से इस केस में की गयी मेहनत की सराहना करते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें 11 हजार रुपये फीस के तौर पर देने का निर्देश भी दिया। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि कानून में यह अच्छी तरह से स्थापित है कि अभियोजन पक्ष के गवाह के साक्ष्य में मामूली विसंगतियों पर अनावश्यक जोर नहीं दिया जाता, लेकिन जहां प्रत्यक्ष साक्ष्य, चिकित्सा साक्ष्य को गंभीर रूप से चुनौती देता है, वहां अभियोजन पक्ष के मामले को असंगत माना जाना चाहिए। इसलिए जहां भी चिकित्सा साक्ष्य और मौखिक साक्ष्य के बीच घोर विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

साल 1991 में हुई थी माधो सिंह मुंडा की हत्या : परशुराम महतो के बयान के आधार पर वर्ष 1991 में निराकार महतो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि निराकार महतो ने अन्य लोगों के साथ मिलकर माधो सिंह मुंडा पर हमला किया। इस हमले के बाद माधो सिंह मुंडा की मृत्यु हो गयी।

आज पीएमएलए कोर्ट में पेश होंगे आलमगीर आलम

रांची। ठेकों में कमीशनखोरी की बहुत बड़ी राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की पेशी शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में की जाएगी। यह पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। अदालत ने गुरुवार को 14 दिनों की ईडी रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए एक जून तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया था। बता दें कि ईडी ने 35.23 करोड़ रुपए नकद बरामदगी मामले में 15 मई को आमलगीर आलम को गिरफ्तार किया है।

बन्ना गुप्ता पर मनी लाउंड्रिंग का गंभीर आरोप लगाते हुये ईडी से जांच की मांग

सरयू राय ने कोविड प्रोत्साहन राशि में अनियमितता, अवैध तरीके से ट्रांसफर-पोस्टिंग और 50 एकड़ जमीन खरीदने के लगाये गंभीर आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने एक बार फिर चिळी बम फोड़ा है। बम स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर फूटा है। श्री राय ने बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार एवं मनी लाउंड्रिंग के गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने इस बाबत एक पत्र ईडी निदेशक को लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि बन्ना गुप्ता ने 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का लाभ खुद और अपने कर्मियों को दिलवाया था। वहीं बन्ना गुप्ता की सांठ-गांठ से स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का दवा घोटाला हुआ है। करोड़ों रुपये की दवाईयां स्वास्थ्य विभाग ने ऊंची दरों पर खरीदी है। उन्होंने बन्ना गुप्ता पर कार्यपालिका नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन कर डॉक्टरों, सिविल सर्जन और वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का अवैध तरीके से ट्रांसफर करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इसके जरिये मंत्री ने बड़े पैमाने पर मनी लाउंड्रिंग की है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर आयुष्मान घोटाला का भी आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि झारखंड के अस्पतालों से सांठ-गांठ कर योजना मद में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये गये फंड का दुरुपयोग मंत्री ने किया है। इसके अलावा आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री आरोग्य योजना में भी मंत्री ने गड़बड़ी की है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में दवाओं के साथ एंबुलेंस और अस्पतालों के लिए जरूरी उपकरण खरीदने में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें भी स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड में बड़े पैमाने पर कृषि भूमि खरीदी है। वहां 50 एकड़ से भी अधिक भूमि पर एक फॉर्म हाउस बनाया है। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है।

मतगणना 4 जून को, जिले में धारा 144 लागू, रहेगा ड्राई डे

डीसी ने मतगणना को लेकर प्रत्याशियों व चुनाव अभिकर्ताओं के साथ की बैठक

>> 08 बजे से पोस्टल बैलेट और 8:30 बजे से ईवीएम से कॉउंटिंग होगी शुरू
>> 4 बजे भोर में खोला जायेगा पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रुम,7 बजे सुबह खुलेगा ईवीएम स्ट्रांग रुम
>> मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंगम गम के साथ प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

चुनाव अभिकर्ताओं के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर 04 जून को को-ऑपरेटिव कॉलेज में मतगणना प्रस्तावित है।

मतगणना कार्य पूरी निष्पक्ष एवं पारदर्शी रहे, इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों व चुनाव अभिकर्ताओं के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक कर मतगणना से संबंधित तैयारियों एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव बैठक में मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतगणना संबंधित गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा। मतगणना प्रक्रिया के निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के लिये सभी आवश्यक कदम जिला प्रशासन द्वारा उठाये जा रहे हैं।

राजनीतिक दल व निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल के लिये काउंटिंग एजेंट रखे जा सकते हैं।

07:59 तक प्राप्त किये जायेंगे सर्विस वोटर के पोस्टल बैलेट

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को काउंटिंग एजेंट रखने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन से अवगत कराया। उन्होने कहा कि प्रत्याशियों एवं सभी काउंटिंग एजेंट को मतगणना के दिन कॉलेज परिसर में प्रवेश हेतु पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से सभी काउंटिंग एजेंट को सूचित कर दें ताकि निर्धारित समय में सभी मतगणना परिसर में प्रवेश कर जायें। ईवीएम स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल के बीच ईवीएम लाने के लिये अलग से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है।

इसके अलावा 360 डिग्री मूवमेंट वाला पर्याप्त सीसीटीवी भी लगवाया जा रहा है। पर्याप्त वीडियोग्राफर की भी प्रतिनियुक्ति रहेगी ताकि हर स्पॉट पर पूरी निगरानी हो सके। कोई भी एरिया शैडो एरिया नही रहेगा, चप्पे चप्पे पर पूरी निगरानी रहेगी। मतगणना के लिए विधानसभावार देखें तो 44-बहरागोड़ा के लिए 14 टेबल, 45-घाटशिला हेतु 15, 46-पोटका के लिए 16, 47- जुगसलाई के लिए 20, 48-जमशेदपुर पूर्वी के लिए 19 तथा 49-जमशेदपुर पश्चिमी के लिए 16 टेबल लगाये जाएंगे। इसके अलावा 04 जून को पूर्वाह्न 7:59 बजे तक सर्विस वोटर के पोस्टल बैलेट प्राप्त किये जायेंगे। सुबह 04 बजे ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम खुलेगा, वहीं पूर्वाह्न 7 बजे ईवीएम स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। 08 बजे से ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट की गणना शुरू होगी, वहीं 8:30 बजे से ईवीएम से कॉउंटिंग शुरू किया जाएगा। मतगणना केंद्र में प्रवेश के दौरान काउंटिंग एजेंट को कॉपी, पेन एवं कागज लाने की ही अनुमति होगी, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, खाने-पीने की वस्तु या अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नही हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से कहा कि अपने स्तर से सभी बातों को अच्छे से काउंटिंग एजेंट को ब्रीफ कर दें, दिए गए दिशा-निर्देशों एवं अनुशासन का पालन करेंगे। उन्होने कहा कि काउंटिंग एजेंट को मतगणना के दौरान कुछ पूछना/ जानकारी/ समस्या/ शिकायत रहने पर सीधे तौर पर एआरओ, आरओ, या ऑब्जर्वर को संज्ञान में दे सकते हैं।

सभी पदाधिकारी मतगणना के दौरान कॉलेज परिसर में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बताया गया कि पूरे जिले में धारा 144 लागू है। 04 जून को ड्राई डे रहेगा, सभी अनुज्ञप्तिधारी सरकारी शराब दुकान बंद रहेंगे, साथ ही किसी भी प्रकार से अवैध शराब बिक्री पर निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मतगणना के लिए अधिकारियों और कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार मतगणना हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने 4 जून को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के मतगणना को लेकर अधिकारी व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतगणना कायार्देश निकाला गया है, जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मियों के कार्य-दायित्व का स्पष्ट उल्लेख है। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका शतप्रतिशत अनुपालन करेंगे। इसमें किसी भी तरह की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्रमवार जारी कायार्देश में संबंधित पदाधिकारियों एवं उनके साथ टैग किए गए कर्मियों की पहचान कराते हुए मतगणना दिवस के काम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र में बिना परिचय पत्र के कोई प्रवेश नहीं करेंगे। मतगणना कार्य में जो काउंटिंग असिस्टेंट (सीए), काउंटिंग सुपरवाइजर (सीएस) एवं माइक्रो ऑब्जर्वर (एमओ) रहेंगे उन्हें नियुक्ति पत्र व परिचय पत्र उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देशित किया। सभी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित प्राप्त मतों के आंकड़ा को निवार्ची पदाधिकारी के टेबल को समर्पित करने से पूर्व आंकड़ों की दोबारा जांच के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने मतगणना से पूर्व के कार्यों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। पोस्टल बैलेट को वज्र गृह से ले जाने और मतगणना हॉल में रखने, बैलेट मत पत्रों, ईटीपीबीएस की गणना, पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने, मतगणना तिथि को सभी वज्र गृह में बिजली आपूर्ति सुचारू रखने आदि को लेकर जरूरी निर्देश दिया। कहा कि मतगणना केंद्र परिसर पूरी तरह सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेगा। मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंगम गम आदि के साथ प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनन्त कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एसडीओ धालभूम पारुल सिंह व घाटशिला समेत अन्य एआरओ, सभी एईआरओ उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

वरिष्ठ पत्रकार शक्तिब्रत चौधरी का निधन

जमशेदपुर। शहर में लंबे समय तक पत्रकारिता करने वाले हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार शक्तिब्रत चौधरी का निधन हो गया है। उन्होंने कोलकाता में अंतिम सांस लिया। वे बीमार चल रहे थे और इलाज के क्रम में उनका निधन गुरुवार की रात्रि 8 बजे हो गया। शुक्रवार को कोलकाता में ही उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। शक्तिब्रत चौधरी अपने पीछे पत्नी और इकलौती बेटी अंतरा चौधरी को छोड़ गए हैं। वे कुछ साल से कोलकाता में ही अपने परिजनों के साथ रहते थे। शक्तिब्रत चौधरी ने अपने पत्रकारिता का सबसे लंबी अवधि हिन्दुस्तान में सेवा देते हुए बितायी, और वहां से ईएसएस लेकर सक्रिय पत्रकारिता को अलबिदा कह दिया। उन्होंने पत्रकारिता पर कई पुस्तकें भी लिखीं। उनकी गिनती गंभीर और बेहद पेशेवर पत्रकार के रुप में होती थी। उनके आकस्मिक निधन पर शहर के पत्रकारों ने शोक प्रकट किया है और कहा है कि चौधरी जी का निधन पत्रकारिता के लिए अपूरणीय क्षति है।

वयोवृद्ध साहित्यकार श्रीराम पाण्डेय भार्गव पंचतत्व में विलीन

जमशेदपुर। नगर के वयोवृद्ध साहित्यकार सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन, साहित्य समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य पतिषद के उपाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय भार्गव (85 वर्ष) का निधन कल रात्रि प्रहर में हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार भूइंयाडीह स्वर्णरेखा शमशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में 'जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद' एवं 'तुलसी भवन' से जुडे.नगर के साहित्यकारों में सर्वश्री प्रसेनजित तिवारी, यमुना तिवारी व्यथित, अजय कुमार ओझा, उदय प्रताप हयात, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', अनिरुद्ध त्रिपाठी 'अशेष', हरिहर राय चौहान, ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र, सुरेशचंद्र झा, मामचंद्र अग्रवाल 'बसंत', शिव प्रसन्न पाण्डेय, मदन पाण्डेय, राजेश भोजपुरिया, संजय पाठक स्नेही टाटा मोटर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता लालचंद सिंह के अलावा अन्य अनेक साहित्यकार, समाजसेवी शमशान घाट पहुंच कर उनको श्रद्धांजलि दी।

गांधी घाट में आज से गीता थियेटर का समर कैंप

जमशेदपुर। शुक्रवार को विश्व तांबकू निषेध दिवस पर चर्चा वं गीता थिएटर के सौजन्य से 01-10 जून तक आयोजित होने वाले समर कैंप की रूप-रेखा तैयार करने हेतु कार्यशाला में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पहले सभी सदस्यों का स्वागत कर आयोजित बैठक के विषयों से अवगत करवाया गया। गीता थिएटर अध्यक्ष गीता कुमारी ने बताते हुए कहा कि इस कैंप के माध्यम से हमारी कोशिश रहती है कि हम ज्यादा से ज्यादा स्लम एरिया के बच्चों को नशामुक्त कर उन्हें कला संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय करें। 2016 से लगातार आयोजित होने वाले इस समर कैंप के माध्यम से अब तक 100 से अधिक नशे में लुप्त स्लम एरिया के बच्चों को संगठन से जोड़ा कला उन्हें कार्यक्रम में व्यस्त किया गया है।

समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले को मातृ शोक, अंत्येष्टि आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

दिवंगत सरदारनी बलवंत कौर खनूजा

जमशेदपुर। भाजपा के पूर्व प्रवक्ता एवं सुविख्यात समाजसेवी अमर प्रीत सिंह काले की माता एवं स्व सरदार हरजीत सिंह खनुजा की धर्मपत्नी सरदारनी बलवंत कौर खनुजा का आज अपराह्न 3 बजे स्वर्गवास हो गया।

वे एक अत्यंत धर्म परायण महिला थीं। वे अपने पीछे चार पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनकी उम्र 90 वर्ष से अधिक थी। उनके आशीर्वाद से सम्पूर्ण परिवार ही नहीं, समाज से जुड़े अनगिनत लोग लाभान्वित रहे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार (2 जून) को उनके साकची कालीमाटी रोड स्थित आवास से सुबह 10 बजे स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के लिए प्रस्थान करेगी। इसके पहले पार्थिव शरीर के साथ साकची गुरूद्वारे में संगत दर्शन किया जाएगा। काले के अलावे उनके तीन पुत्र त्रिलोचन सिंह (पम्मी), दलजीत सिंह (राजे) और रणवीर सिंह (बब्बू) हैं। इस निधन की खबर फैलते ही शुभचिंतकों का काले के निवास पर आकर संवेदना प्रकट करने का तांता लगा रहा। विधायक सरयू राय ने आवास पहुँच कर काले एवं अन्य परिजनों को ढाढस बंधाया। केंद्रीय जन जातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने दूरभाष पर काले से बात कर शोक प्रकट किया। शहर के कई व्यवसायी व उद्योगपति, विभिन्न समाज के प्रतिनिधिगण, मिथिला संस्कृति परिषद, पुरोहित महासंघ, बीजेपी व अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, यूनियन के नेता , सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान भगवान सिंह, साकची प्रधान निशान सिंह, सरदार शैलेन्द्र सिंह समेत अनेक प्रधान और सिख संगत के प्रतिनिधि उनके आवास पहुंचे। झारखण्ड स्टेट बार कॉउन्सिल के वाइस प्रेसिडेंट एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, गुरदीप सिंह पप्पू, कुल्विंदर सिंह, तख़्त हरमंदिर साहिब के महासचिव इंदरजीत सिंह, कुलबिंदर पन्नू, सुरेश सोंथालिया, प्रभात शर्मा आदि ने काले से मिल कर अपनी संवेदना प्रकट की।

लायंस क्लब और लेडीज क्लब कमेटी ने कुलियों में बांटे अंगोछा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर और लेडिज कमिटी ऑफ एमटीएमएच कैंसर सोसाइटी संयुक्त रूप में शुक्रवार को नो टोबैको डे टाटानगर रेलवे स्टेशन पर मनाया। स्टेशन में जितने कुली है। उन सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कुली भाई-बहनों को गर्मी से बचने के लिए अंगोछा भेंट किया गया। सबसे पहले लायंस क्लब के अध्यक्ष पी एम जे एफ लायंस अशोक खंडेलवाल ने स्वागत भाषण दिए और मंचासिन अतिथियों को फूल और माला से सम्मानित किए। एमटीएमएम के डॉक्टर नसीफ और डॉ अमिता देबांशी दंत चिकित्सक अपना विचार रखे। डॉक्टर नसीफ ने गुटका, तमाकू, खैनी के सेवन से दूर हटने के लिए प्रेरित किए। कुछ पल के लिए मजा ज़िंदगी के लिए सजा बन जाती है।डॉक्टर अमिता बताई ये सब का सेवन से पहले मुंह में छाला पड़ती है और बाद में कैंसर का रूप लेता है। इसलिए मुंह का अंदर साफ रखना जरूरी है। ब्रश करना, खाने के बाद ठीक से कुल्ला करना चाहिए।

रास्का फिल्म फेस्टिवल में मोने साकोम व फूरगाल की स्क्रीनिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शुक्रवार को टीसीसी, सोनारी, जमशेदपुर में रास्का फिल्म आवार्ड का स्क्रीनिंग का अंतिम दिन दो फिल्मों क्रमशः मोने साकोम (जमशेदपुर) और फूरगाल (आसनसोल प. बंगाल) का स्क्रीनिंग किया गया । फिल्म : मोने सकोम प्रोडक्शन : जी डी फिल्म्स प्रोडक्शन, डायरेक्टर : शिशिर मार्डी प्रोड्यूसर : सुनाराम टुडू हैं जबकि इसकी अवधि : 4 घंटा है।

यह फिल्म सच्चे प्यार पर आधारित है। हीरो हीरोइन के बीच सच्चे मन से प्यार रहता है और एक लड़का को हीरोइन से प्यार रहता है। वो लड़का जबरन हीरोइन से शोषण करता है, और बदनामी के डर से उसी लड़के से शादी करना पड़ता है। लेकिन हीरो अपने पूरे मन से प्यार किया जिसमे शरीरक स्पर्श का कोई जगह नही था। फिल्म : फुरगल आर एस टी फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म है जिसके डायरेक्टर रघुनाथ टुडू और प्रोड्यूसर : विजय कुमार टुडू हैं। इस फिल्म की अवधि : २ घंटा 25 मिनट है। यह कहानी आदिवासियों को अपने जमीन जायदाद एवं कृषि, शिक्षा से कोसो दूर रखने की कोशिश करने वाले के खिलाफ एक प्रेमी युगल विद्रोह कर उस क्षेत्र के लोगों को उनके चंगुल से आजादी दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्य : मानसिंह माझी, सगेन हांसदा, रवि राज मुर्मू, शंकर हेंब्रम, आशीष एस मार्डी, लेडम मार्डी, फुलमूनी माझी, साहिल हांसदा, सावना मार्डी, दशरथ हांसदा, रघुनाथ टुडू (फुरगाल, डायरेक्टर)।

इग्नू बीएड प्रोग्राम सेमिनार में गणित शिक्षण में साहित्य समेत कई विषयों पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विवि की इग्नू बी.एड प्रोग्राम की कार्यशाला के नवें दिन इग्नू की समन्वयक डॉ. त्रिपुरा झा ने प्रार्थना सभा के साथ प्रथम सत्र में चारों सत्र का विषय प्रवेश कराते हुए पाठ्यचर्या पर्यंत भाषा', 'गणित शिक्षण में साहित्य' और 'विषय विशिष्ट के आंकलन उपकरण' जैसे विषयों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में कोल्हान क्षेत्र की क्षेत्रीय उपनिदेशक निर्मला कुमारी बरेलिया और प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, पटमदा की प्रधानाध्यापिका डॉ प्रियंका झा भी शिक्षार्थियों के बीच उपस्थित रही। निर्मला कुमारी बरेलिया जी ने शिक्षार्थियों संग अपने शैक्षिक जीवन के कई अनुभव साझा करते हुए शिक्षार्थियों को बेहतर शिक्षक बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सारण शिक्षण विधि, मूल्यांकन के विधियों पर भी चर्चा की। निर्मला जी ने कार्यशाला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षार्थियों को भी पुरस्कृत भी किया। डॉ. प्रियंका झा ने शिक्षार्थियों को बेहतर शिक्षक के गुणों की जानकारी दी।

आईआईएमएम ने सीपीओ मीट का किया आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (आईआईएमएम), जमशेदपुर शाखा ने आज उत्कृष्टता केंद्र में सफलतापूर्वक सीपीओ मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के मुख्य खरीद अधिकारी रंजन सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। आईआईएमएम जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ दाश ने स्वागत प्रस्तुति दी, जिसमें शाखा द्वारा इस वर्ष शुरू की जा रही कई नई पहलों पर प्रकाश डाला गया। इन पहलों का उद्देश्य औद्योगिक कर्मचारियों और ठेकेदारों के कौशल को बढ़ाना है, जिससे आईआईएमएम जमशेदपुर को जमशेदपुर और उसके आसपास स्थित उद्योग के भीतर व्यावसायिक विकास में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया जा सके। दाश ने उद्योग 4.0 और भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए उद्योगों में आईआईएमएम की पहुंच और प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यता सेवन बढ़ाने के लक्ष्य पर जोर दिया। आईआईएमएम के उपाध्यक्ष (पूर्व) राणा दास ने शाखा के संचालन को आधुनिक बनाने और बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध आगामी डिजिटल हस्तक्षेपों पर चर्चा की।

चर्चित गोताखोर मजहरुल बारी ने जम्मू से उमलिंगला पास तक की बाइकिंग

पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ अभियान को समर्पित था सालो बाइक राइडिंग अभियान

टाटा स्टील के सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में सब-इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत हैं मजहरुल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील के सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में सब इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत एवं शहर के नामी गोताखोर मजहरुल बारी जम्मू से उमलिंगला दर्रा तक बाइकिंग अभियान पूरा कर शहर लौट आए हैं। मजहरूल बारी ने 16 मई को जम्मू से बाइकिंग शुरू की थी और 21 मई को वे दुनिया के सबसे उंचे रास्ते उमलिंगला दर्रा पहुंचे। यह दर्रा 19024 फीट समुद्र तल से ऊपर है। इस रास्ते को दुनिया का सबसे दुर्गम और ऊंचा रास्ता माना जाता है। यहां से चीन का बोर्डर साफ दिखता है। जम्मू से उमलिंगला दर्रा की दूरी 1100 किलोमीटर है। अभियान से लौटने के बाद मजहरुल बारी ने खबर मन्त्र को बताया कि उन्होंने पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ जागरुकता अभियान को लेकर यह बाइकिंग अभियान पूरा किया है। रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न गांवों के बच्चों से मिलकर उन्होंने पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। बारी ने बच्चों को बताया कि लेह में पेड़- पौधे कम हैं। यहां हरियाली लाकर पर्यावरण के साथ-साथ जल जीवन को भी खुशहाल बनाए जा सकता है। मजहरुल बारी अपने अभियान के क्रम में जम्मू से होते हुए श्रीनगर पहुंचे और श्रीनगर से सोनमर्ग ,लेह, चुमथांग, कारगिल, हानले होते हुए उमलिंगला दर्रा पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभियान के क्रम में उन्हें जगह-जगह ग्रामीणों से मदद मिली और काफी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जम्मू में जम्मू तवी ट्रैक्टर्स एडवेंचर क्लब के सुमित खजुरिया के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया और वहां से काफी प्रोत्साहन मिला। बारी ने बताया कि जम्मू से लेकर श्रीनगर और वहां से गंतव्य तक रास्ते भर ग्रामीण काफी मेहमान बाज और सहयोगी स्वभाव के हैं। उन्होंने बताया कि रास्ते में सिंधु नदी मिली। सिंधु नदी और यहां के झरनों का पानी बहुत ही स्वच्छ और निर्मल था जिससे एक बार आंखों पर पानी करने से आपकी थकान दूर हो जाती थी। लेह में काफी सुखा इलाका है और वहां के पहाड़ भी पथरीले हैं किंतु ले शहर में भारतीय सेना ने काफी वृक्षारोपण किया है जिससे वहां अब हरियाली दिखने लगी है।

एक नजर में

कचहरी बाबा मंदिर में अमृतधारा का हुआ लोकार्पण

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा शुक्रवार शाम 4 बजे कचहरी बाबा मंदिर, पुराना कोर्ट, एसडीओ ऑफिस के सामने 42वां और सत्र 24-25 का पांचवा अमृतधारा का लोकार्पण किया गया। मंदिर के सदस्यों ने जानकारी दी कि यह मंदिर कई साल पुराना है और उस एरिया का एक मात्र मंदिर है जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ होती है।इस भीषण गर्मी में यह शीतल पेय जल अमृतधारा भक्तजनों के लिये काफी लाभदायक साबित होगा। यह कार्यक्रम स्व: मुन्ना बाबु गुप्ता ट्रस्ट प्रद्त हरेराम सिंह जी के सौजन्य से किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, संयोजक नवनीत बंसल,मनीष चौधरी, रमेश अग्रवाल, दीपक पटवारी, सौजन्यकर्ता हरेराम सिंह, राम गोपाल चौधरी एवं मंदिर के सदस्य उपस्थित थे।

इनर व्हील क्लब जमशेदपुर इस्ट ने बांटी डायरियां

जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने उत्क्रमित स्कूल, कदमा के छात्रों को इनर व्हील लोगो वाली डायरियां दान कीं। इन डायरियों का उपयोग उनके रचनात्मक आउटलेट, किसी भी प्रकार के रफ वर्क या गर्मी की छुट्टियों के दौरान यादों को संजोने के लिए स्क्रैप बुक के रूप में किया जा सकता है। स्कूल के प्रिंसिपल गोपेश्वर ने हमारी पहल की बहुत सराहना की और आभार व्यक्त किया। सुंदर इनर व्हील लोगो वाली डायरियां पाकर छात्र अभिभूत हो गए। इनर व्हील लोगो वाली डायरियां छात्रों को क्लब की सदस्य रीता कुमार ने दी हैं।

करीम सिटी कॉलेज के एन एस एस द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित

जमशेदपुर। करीम सिटी कॉलेज साकची, जमशेदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस इकाई) ने एएसजी आई हॉस्पिटल, आमबगान, साकची के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का आरंभ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज के भाषण से हुआ। जिसमें उन्होंने एएसजी आई हॉस्पिटल के सभी डॉक्टरों का स्वागत किया। इस शिविर में एएसजी नेत्र चिकित्सालय की ओर से डॉ फहीम अख्तर काजमी (क्षेत्रीय चिकित्सा सेवाएं) श्याम बिहारी शर्मा (डीजीएम चिकित्सा सेवाएं) नजमुल हसन, आनंद कुमार (परामर्शदाता शिविर) उपस्थित थे। साथ ही डॉ फहीम अख्तर काजमी ने सामान्य नेत्र देखभाल और सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही श्याम बिहारी शर्मा ने लेसिक सर्जरी के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाई। इस शिविर में संकायों सहित 150 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज, एनएसएस स्वयंसेवकों, डॉक्टरों का योगदान रहा।

भाजपा से निष्कासित सतीश सिंह बनारस में पीएम मोदी के लिए करते रहे चुनाव प्रचार

जमशेदपुर। आखिरी चरण में होने वाले चुनाव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 1 जून को होने वाली चुनाव में नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक सतीश सिंह बिहार प्रदेश इकाई के अध्यक्ष संजय तिवारी व कई कार्यकर्ता के साथ बनारस में मोदी जी के चुनाव प्रचार में लग गए। बता दें कि सतीश सिंह को झारखंड भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर रखा है किन्तु जहां भी पार्टी हित अथवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हित की बात आती है तो निष्कासन के दंश का दर्द भूल वो एक इमानदार कार्यकर्ता की तरह सक्रिय हो जाते हैं। बनारस में बुधवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भी वह दिन भर सक्रिय रहे। बनारस के घाट-घाट घुम कर पीएम मोदी को जीताने का पंपलेट बांटते रहे। नरेंद्र मोदी युथ विग्रेड की पूरी टीम ने चुनाव के आखिरी दिन धुआंधार प्रचार किया। गदोलिया, लंका, बीएचयु व अस्सी चौराहे पर भाजपा का प्रचार करते हुए सभी को नरेंद्र मोदी को वोट देने के लिए आग्रह किया। राष्ट्रीय संयोजक सतीश सिंह द्वारा कई क्षेत्रों में पदयात्रा कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस कार्यक्रम में सतीश सिंह के साथ संजय तिवारी, साहिल दत्ता, रोहित कुमार मौजूद रहे।

सौमेंद्र और अनुराग ने किया एसडीपी दान

जमशेदपुर। शुक्रवार को रेड क्रॉस के एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने दो यूनिट एसडीपी की आवश्यकता होने पर दो रक्तदाता सौमेन्द्र बस्तिया तथा अनुराग मिश्रा को प्रेरित किया, दोनों ही रक्तदाताओं ने अपना सैम्पल टेस्ट के पश्चात एसडीपी डोनेशन किया।

स्पीड न्यूज

हरिहरगंज : अवैद्य बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

हरिहरगंज पलामू। पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने शुक्रवार को खड़गपुर स्थित बटाने नदी घाट से बालू लदे महिंद्रा ट्रैक्टर जेएच 01 टी 1075 को जब्त किया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। वही पुलिस ने बालू लदे वाहन को पथरा ओपी लाई है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर जहाना गांव का है। ट्रैक्टर के मालिक व चालक का पता लगाया जा रहा है। जब्त बालू व ट्रैक्टर पर करवाई हेतू आवेदन जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। इस अभियान में कई पुलिस बल शामिल थे।

देश के साथ अगली पीढ़ी के लिए भी जरूरी है मतदान : अविनाश वर्मा

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव के अंतिम और सातवें चरण के मद्देनजर संताल परगना के अंतर्गत दुमका लोकसभा के शहरी क्षेत्र में दुमका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने गत दिन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत टोटो रिक्शा रैली निकाली। रैली को झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जहां उपस्थित दुमका एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अध्यक्ष इग्नेशिया मुर्मू एवं सचिव करुण कुमार राय के नेतृत्व में अविनाश वर्मा का पूरे गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। अविनाश वर्मा ने पूरे देश के 6 चरणों के चुनाव में 60 प्रतिशत के आसपास हुए मतदान पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अगर प्रशासन और संस्थाएं प्रयास न करें तो इसमें और गिरावट देखने को मिल सकता है। रैली में दुमका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आनंद कुमार, ओम कुमार, संजय कुमार मैत्र, पिंकु राज आर्यन, अशोक मिश्रा, देव कुमार सहाय एवं पलामू निवासी आकाश वर्मा समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

पाटन सीओ के सेवानिवृत होने पर अंचलकर्मियों ने दी विदाई

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के अंचल अधिकारी लाल बाबु के सेवानिवृत होने पर पाटन अंचल कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। अंचल कर्मियों ने सेवा निवृत सीओ लाल बाबु को अंग वस्त्र व फुल माला देकर विदाई दी। साथ ही उनके सुखी जीवन की कामना की। लाल बाबु सीओ पाटन अंचल अधिकारी के रूप में 2 जुलाई 2021 से लेकर 14 मार्च 2023 तक रहे। पुनः बीच में पाटन सीओ का पदभार आइएस श्रीकांत वीषपुते ने लिया और फिर पाटन सीओ के पद पर 25 मई 2023 से अभी तक 31 मई 2024 तक कार्यरत रहे। विदाई समारोह में सीओ ने कहा कि सरकारी नौकरी में बेदाग सेवानिवृत होना सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदाई समारोह में अपर डिवीजन क्लर्क सुशील कुमार शर्मा, मोहम्मद असलम, प्रधान सहायक अमित कुमार, विकास कुमार, नाजीर दीपक कुमार, प्रगास राम, प्रभारी अंचल निरीक्षक कर्मचारी सीमा कुमारी, आशीष रंजन, रफीक अंसारी, सरिता सिंह सहित अंचल के सभी लोग उपस्थित थे।

भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन रामेश्वर राम के चाचा का निधन

हुसैनाबाद पलामू। भाजपा नेता व हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रामेश्वर राम उर्फ छठन राम एवं नगर पंचायत के कर्मी उदय पासवान के पिता 76 वर्षीय राजो राम का निधन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे हो गया। विगत पांच दिनों से लू लगने से वह बीमार थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिहार के जमुहार स्थित नारायण हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। उन्होंने रास्ते में ही अंतिम सांस ली। उनके दो पुत्र सुदेश राम व उदय पासवान हैं। राजू राम जी के निधन की खबर से हुसैनाबाद में शोक का माहौल है। खबर मिलने के बाद लोग उनके जपला- हैदरनगर रोड स्थित बक्शी हाई स्कूल के निकट आवास पहुंच कर शोक व्यक्त किया गया। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्षा उषा देवी, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व वार्ड सदस्य उमरावती देवी, उमा देवी, राजकुमार कश्यप,नजीर अहमद, राजेन्द्र पाल, सुषमा गुप्ता, सुहैल आलम, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, मदन पासवान, सूर्यनाथ राम आदि कई लोगो का नाम शामिल है। वही उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम शनिवार को शहर के मुख्य श्मशान घाट हरही नदी में सुबह 7 बजे की जाएगी।

कृत्रिम गभार्धान में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर अभिषेक सम्मानित

मोहम्मदगंज पलामू। पशुओं में कृत्रिम गभार्धान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्थानीय प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में कार्यरत कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता अभिषेक कुमार को सांत्वना पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिला पशुपालन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रभाकर सिन्हा, नोडल पदाधिकारी लवकुश सिंह के अलावा इस प्रखंड के नोडल अधिकारी शाहिद एकबाल ने वर्ष 2023-24 के तहत कृत्रिम गभार्धान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया है। इनके अलावा गभार्धान कार्यकर्ता पंसा और भजनियां के संतोष मेहता व राजेंद्र विश्वकर्मा को भी बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे काम के प्रति उत्साह बढा है।

रात्रि कालीन क्रिकेट मैच में कांडी सड़की को हराकर मोहम्मदगंज टीम बनी चैंपियन

मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज की क्रिकेट टीम ने प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित रात्रि कालीन तारा प्रीमियर लीग की ट्रॉफी 8 विकेट से जीत ली। सड़की (कांडी) की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 84 रन बनाए थे। मोहम्मदगंज के खिलाड़ी प्रमोद व हिमांशु ने 2-2 जबकि केबी ने एक विकेट चटकाए थे। जवाबी पारी में मोहम्मदगंज की टीम ने 6 ओवर में ही 2 विकेट पर 88 रन बनाकर खिताब जीत लिया। हिमांशु तिवारी का सर्वाधिक 34 रनों का योगदान रहा। उन्हें मैन ऑफ द सीरिज और बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को क्रमशः 21 हजार और 10 हजार रूपये सहित ट्रॉफी प्रदान की।

प्राइवेट माइक्रो फाइनेंस कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक स्थित पलामू एक्साइड ई रिक्शा के मैनेजर विकास पासवान ने प्राइवेट माइक्रोफाइनेंस कंपनी नियों ग्रो कैपिटल प्राइवेट लि रांची पर साईबर थाना डालटनगंज में धोखाघड़ी का मामला दर्ज कराया है। विकास ने बताया कि कंपनी के एक मोबाईल नंबर से ई रिक्शा को टाईअप करने के लिए ई माध्यम से फोन किया जाता है। इसके बाद ई रिक्शा फाइनेंस करने के लिए सारा पेपर व्हाटसअप के द्वारा भेजा गया। इसके एवज में 2500 एवं 1700 रूपये व बैंक अकाउंट नंबर,पीएनबी बैंक रांची का नियो ग्रो कैपिटल लिमिटेड द्वारा भेजा गया।

हुसैनाबाद में अवैध बालू भंडारण पर सीओ का चला डंडा

जेसीबी मशीन से अवैध बालू भंडारण को नदी में पुनः किया स्थापित

बालू घाट रास्ते पर गड्ढा खोद कर किया गया सील, कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप

गौतम पटेल

हुसैनाबाद पलामू। आये दिन अवैध बालू धुलाई व बालू चोरी करने एवं पुलिस की मिलीभगत की खबर पर हुसैनाबाद सीओ ने बड़ी कार्रवाई की। बालू माफियाओं और अवैध भण्डारण पर गुरुवार की देर शाम सीओ ने दंडात्मक कार्रवाई की। जिससे क्षेत्र में बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। दरअसल हुसैनाबाद थाना क्षेत्रों में बड़ेपुर, डंगवार, सोनपुरवा देवरी खुर्द आदि जगहों पर लोग सोन नदी से बालू निकाल कर आस पास के क्षेत्रों में भण्डारण कर महंगे दामों में रात्रि में बालू सप्लाई किया जाता था जिसमें कई बार पुलिस की मिलीभगत से यह गोरखधंधा बड़ा रूप ले चुका था, जिसकी सूचना आम तौर पर विभिन्न अखबारों, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया में प्रकाशित होती रही हैं। जिसके बाद अनुमण्डल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा के निर्देश पर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने बड़ी करवाई करते हुए दंगवार ओपी क्षेत्र में बड़ेपुर आदि बालू घाटों पर सोन नदी के किनारे माफियाओं द्वारा करीब तीन सौ ट्रैक्टर ट्राली बालू का अवैध भंडारण किया गया था जिसे अंचल अधिकारी ने जेसी बी मशीन से उठवा कर बालू को पुनः सोन नदी में स्थापित कर दिया, इतना ही नहीं सोन नदी बालू घाट में प्रवेश करने वाली कच्ची सड़क में गढ्ढा काट कर सोन नदी लिंक रास्ते को बंद कर दिया। इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से बालू खनन माफिया और सप्लायर्स में हड़कम्प मच गया हैं। बताया जा रहा है कि करीब 300 ट्रॉली से ज्यादा बालू को जब्त करते हुए सोन नदी में अस्थापित की गई। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि क्षेत्र से अवैध बालू की कालाबाजारी की खबरे लगातार मिलती थी जिसके बाद एसडीम के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई हैं। भण्डारण की सर्च अभियान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई जारी रहेगा। वहीं बालू घाट पर कोई गतिविधि होती है तो उसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी जिम्मेवारी सौपी गयी है। कोई भी ट्रैक्टर आये या गड्ढे को भरने का प्रयास करे तो तुरंत सूचना दे। इस मौके पर सीआई औसाफ अहमद खान, संतोष कुमार मौजूद थे।

क्या है मामला, जनता है परेशान : हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के ज्यादातर सीमा उत्तर कोयल, सोन नदी व करारबार नदी से घिरा हुआ है। जहां से पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार में बालू घाटों की नीलामी की गई थी और यहां से बालू भारत की कई राज्यो में भेजी जाती थी। लेकिन जब से हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार बनी हैं राज्य भर में बालू घाटों की नीलामी नही हुई हैं, जिसके कारण सरकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री आवास व अन्य निजी कार्यो हेतु जनता बालू के त्राहिमाम कर रही हैं। दूसरे तरफ ट्रेक्टरों की मूल धंधा बैठा हुआ है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। वंही जनता के सामने विवशता हैं कि मरता तो क्या नही करता। लोग महंगे दामों में बालू खरीदने को विवश हैं। आखिर हुसैनाबाद में प्राकृतिक संसाधनों के बाद भी बालू नही मिलना भी सिस्टम की बिफलता दशार्ती हैं। इस त्रासदी का असर सीधा जनता पर पड़ रहा है।

उपायुक्त ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में मतगणना को लेकर की बैठक

चार जून को 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

खबर मन्त्र संवाददाता

मतगणना के गाइडलाइन की विस्तार से जानकारी देते डीसी शशि रंजन।

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू संसदीय क्षेत्र की मतगणना को लेकर शुक्रवार को बैठक की। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि व विभिन्न राजनीतिक दलों के निर्वाचन अभिकर्ता शामिल थे।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतगणना की गाइडलाइन के विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतों की गिनती विधानसभा वार होगी। पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु कुल 124 टेबल बनाये गये हैं। वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना हेतु 28 टेबल बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रातः 8 बजे से काउंटिंग प्रक्रिया की शुरूआत होगी जिसमें सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना की जाएगी इसके पश्चात कंट्रोल यूनिट से प्राप्त मतों की गिनती की जायेगी।

मतगणना स्थल पर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कर्मियों व एजेंट के आने-जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता व उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ से बचें : उपायुक्त

बैठक में उपायुक्त रंजन ने कहा कि जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में आमजन मतगणना स्थल पर आवश्यक भीड़ से बचें। उन्होंने निर्वाचन अभिकर्ता से अपने साथ गर्मी से बचाव हेतु गिला तौलिया रखने पर बल दिया। उन्होंने सभी से प्रयाप्त मात्रा में अपने साथ पेय पदार्थ रखने की भी बात कही।

हुसैनाबाद में सातवें दिन भी भीषण गर्मी व गर्म लू चरम पर, 6 लोगों की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। राज्य भर में प्रचण्ड गर्मी व आग जैसी सूर्य की किरणें, गर्म हवा का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को सातवें दिन भी हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस अंकित की गई। गर्म हवा के कारण मानो इंसान जलाने को विवश हैं। हिट वेब की त्रासदी वालो मरीजो की संख्या आज भी हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भारी भरकम रहा। वहीं हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र से कुल 4 लोगों का गर्म हवा व लू से मौत होने की सूचना है। जिसमें राजो राम, वार्ड नम्बर 11, मोती चौधरी नदी पर वार्ड 14, रसीदा खातून वार्ड 14, सरफू खान जपला चौबे वार्ड 14, वहीं हैदरनगर के रानी खातून, राशिद खान उम्र 65 वर्ष सबनावा इन लोगो की मौत लू लगने से हो गयी हैं। इधर चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने खुद से मेहनत कर वैसे मरीजो के जान बचाने में जदोजहद किये हुए हैं। वे खुद से दिन रात ऑन डियूटी रहकर अस्पताल की विधि व्यवस्था की निगरानी एवं मरीजों के उपचार में लगे दिखे।

उंटारी में नल जल योजना का कार्य है अधूरा, संवेदक की मनमानी से पानी के लिए तरस रहे है लोग

उंटारी रोड। जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के छः पंचायतों में जल नल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। संवेदक की मनमानी कार्य के चलते लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं स्थिति यह है कि सभी ग्राम पंचायतों में योजना का कार्य आधा अधूरा किया गया है। कही पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है तो कहीं टंकी के निर्माण में भी अनियमितता बरती गई है। जिससे इलाके के लोगो में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी की वजह से कुआं व चापानल का जल स्तर नीचे चल गया है। लोगो का कहना है कि संवेदक द्वारा गुणवतापूर्ण कार्य नही किया जा रहा है केवल घटिया सामग्री लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। कई जगहों पर बोर में पानी नही होने के बावजूद भी वहां पर टंकी लगा दिया गया। लोगों का शिकायत है कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल नल योजना के नाम पर लूट मचा हुआ है।

नशा सेवन से होता है आर्थिक, शारीरिक और सामाजिक क्षति : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित, लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा कई स्थानों पर एक साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में मेडिकल कॉलेज कर्मी व छात्र छात्रा अपने हाथों में नशा छोड़ो परिवार जोड़ो, टीबी-कैंसर मौत की सीढ़ी,बंद करो ये गुटका-बीड़ी जैसे नारे लिखी तख्तियां में शामिल हुए थे। इसके अलावा नशा मुक्ति पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि नशा सेवन से परिवार और समाज में बिखराव होता है। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को डॉ ईश्वर द्वारा पुरष्कृत किया गया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ विवेक कश्यप, डॉ विजय कुमार, डॉ सुभाष तेतरवे, पांडेय रविभूषण, डॉ हरी भूषण प्रसाद, डॉ अरिहंधम गोश, डॉ राजेश जय प्रकाश, डॉ हरिमोहन प्रसाद सिन्हा, डॉ मनीष कुमार मुंडा, डॉ ओपी श्रीवास्तव, डॉ के के सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

पलामू सेंट्रल जेल के कैदी की इलाज के दौरान मौत

मेदिनीनगर। पलामू सेंट्रल जेल में एक विचाराधीन कैदी की मौत ईलाज के दौरान मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में हो गई। मृतक कैदी संजय शर्मा पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रहनेवाला था। वह विगत वर्ष 2017 से जेल में बंद है। इसकी तबियत सेंट्रल जेल में ही गुरूवार की रात में अचानक बिगड़ गया। उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जेल अधीक्षक भागीरथी कारजी ने बताया कि संजय शर्मा मानसिक रूप से कमजोर था। उसका इलाज मानसिक अस्पताल में चल रहा था। पूर्व में भी इसकी तबियत खराब हुई थी इलाज के बाद सेंट्रल जेल लाया गया था। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा। इसकी सूचना मृतक के परिजन को दे दी गई है।

उपायुक्त के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर गुरुवार देर रात वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया जिसे पड़वा थाना एवं टीओपी-2 थाना परिसर में जब्त कर रखा गया। इस संबंध में डीटीओ द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से सभी आवश्यक कागजात के साथ ही वाहनों के मूवमेंट पर बल दिया। इस अभियान में कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

मुरारी तिवारी पर चली गोली, बाल-बाल बचे

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी मुरारी तिवारी 72 वर्ष अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर दूध लेने निकले थे। जिनका एक व्यक्ति घर से ही रेकी कर रहा था। वे दूध लेकर जैसे ही घर लौट रहे थे कि बीच रास्ते में घात लगाये दो अपराधी मोटरसाइकिल से उनके करीब पहुंचा और पता पूछने लगा। इसी बीच एक अपराधी बाइक से उतर कर मुरारी तिवारी पर पिस्टल तान दिया। यह देख वे हक्का बक्का रह गये। लेकिन अपने सूझबूझ से काम लेते हुए दिलेरी के साथ उस व्यक्ति को धक्का मारकर गिरा दिये। इसके बाद वे भागने का प्रयास किये लेकिन गिरा हुआ अपराधी उठकर पुनः पिछा करते हुए गोली चलाने का प्रयास किया लेकिन गोली नहीं चल पाया। इसके बाद तिवारी ने हल्ला मचाना शुरू किया तो मुहल्ले व घरवाले निकलकर देखा तो रेकी करनेवाले व्यक्ति को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि रेकी कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि इसके दो साथी फरार हैं। फरार अपराधियों की सत्यापन कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गोली चालन की घटना क्यों घटी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

अमवा खुर्द में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा, बिना काम कराये हुआ भुगतान

›› आधा दर्जन सड़क निर्माण में पकड़ी गई धांधली, डीसी से किया जांच की मांग
›› सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के बाद मामला हुआ उजागर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर। पलामू जिले के नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह पंचायत अंतर्गत अमवा खुर्द गांव में बगैर काम कराए मनरेगा योजना में लाखों रुपए की फर्जी निकासी किए जाने का मामला प्रकाश आया है। बगैर सड़क निर्माण कराए ही 4 लाख 35 हजार दो सौ रुपए की फर्जी निकासी किया गया है। इस मामले को लेकर गांव के ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी और मनरेगा लोकपाल से शिकायत कर मामले की जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। आधा दर्जन से अधिक मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण में फर्जी भुगतान किया गया है। इस फर्जी भुगतान में तत्कालीन मुखिया नीरा देवी, तत्कालीन रोजगार सेवक रेणु कुमारी, तत्कालीन पंचायत सेवक विनय शर्मा समेत मनरेगा कर्मी शामिल हैं। यह मामला सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के बाद उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार अमवा खुर्द गांव निवासी संतू भुइयां सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगा था। प्रखंड कार्यालय द्वारा सूचना मिलने के बाद यह मामला उजागर हुआ। संतु भुइयां ने बताया कि उनके द्वारा मांगे गए सूचना के बाद पता चला कि मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण में फजीर्वाड़ा किया गया है। संतु भुइयां ने बताया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा उन्हें जो सूचना मिला है उसमें अमवा खुर्द गांव में गुलाबी साव के घर से नदी तक मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण होने की बात कहीं गई है। साथ ही मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 1 लाख 4 हजार 737 रुपए का भुगतान भी किया गया है। सड़क निर्माण का मेठ अनिता देवी हैं। उन्होंने बताया कि जिस सड़क निर्माण का भुगतान किया गया है, उसमें कभी काम नहीं हुआ है। गांव के संतू भुईयां के आलवे कालो राम, सुरेंद्र भुईयां, मरछू भुईयां, बाबुलाल भुईयां, खेलावन राम, मिना देवी, श्रीकांत राम, आशीष कुमार, बनवारी भुईयां, हरिहर भुईयां, दिपक भुईयां, समुद्री देवी, मंजू राम, राजेंद्र राम, चितरंजन कुमार राम, मुकेश कुमार, अजय कुमार, राम किशुन भुइयां, मंजू देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि गुलाबी साव के घर से नदी तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में फजीर्वाड़ा किया गया है। यह सड़क पहले से ग्रेड वन बना हुआ है। वर्ष 2020-2021 में इस सड़क में काम नहीं हुआ है।

लायंस क्लब द्वारा जगह जगह प्याऊ खोलना सराहनीय पहल : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के द्वारा तपती 48 डिग्री की गर्मी में ट्रैफिक चौक चौराहा एवं पेट्रोलिंग जैसे मुश्किल ड्यूटी को तत्परता से निभा रहे पुलिसकर्मियों के साथ प्यास से भटकने वाले पक्षियों एवं पशुओं को पानी पीने के लिए जगह-जगह पर प्याऊ खोला गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लायनेस लिली मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस कप्तान रीष्मा रमेसन ने किया। एसपी रमेशन ने लायंस क्लब के इस पहल की सराहना की। उन्होंने इस नेक कार्य में क्लब को हर संभव सहयोग का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में लायंस क्लब द्वारा प्याउ खोलकर प्यासे को पानी पिलाना सामाजिक व पुनित कार्य है। इस तरह का कार्य हर समृद्ध लोगों को करने की जरूरत है। लायंस गुरवीर ने कहा कि मानव अपनी प्यास बुझाने की व्यवस्था थोड़ा प्रयास कर अलग-अलग विकल्प से कर भी पाते हैं लेकिन पशु पक्षी ना बोल पाते ना कुछ कर पाते हैं। ऐसे में पूरी टीम के साथ सभी चौक चौराहा, सब थाना, पुलिस लाइन में घूम-घूम कर जलजीरा लस्सी एवं पानी का बोतल के साथ पक्षियों को पानी पीने के लिए मिट्टी का हैंगिंग गमला एवं पशुओं के लिए सीमेंटेड बड़ा गमला वितरित करने का काम किया है। जिसके लिए एसपी रीष्मा रमेसन ने इस पहल को काफी सराहा। उन्होंने इस कार्य में सहयोग करने की बात कही। लायंस प्रियंका आनंद साहू ने बताया कि आजकल घर बड़ी बिल्डिंग तो बन रही है लेकिन पशु पक्षी के लिए कोई आसरा हो ऐसा विकल्प नहीं दिया जा रहा है। लायंस परिमल प्रसून इस सेवा की पूरी तैयारी को संभालते हुए गौरैया के लिए घोसला बनवाने की जिम्मेदारी अपने हाथों लिया। मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि सेवा को और विस्तार करते हुए संध्याकालीन में बेलवाटीका निवासी थैलेसीमिया पेसेंट को क्लब द्वारा दो यूनिट राघव खुराना एवं दिवाकर के द्वारा रक्तदान कर जीवन बचाने में मदद की।

पाटन सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र-2 में नेहा कुमारी को पढ़ाते हुये वीडियो वायरल

- ग्रामीणों ने लगाया पैसा लेकर बहाली करने का आरोप
- पाटन सेमरी वन की सेविका एकता कुमारी को मिला है केंद्र का प्रभार

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 में नेहा कुमारी को पढ़ाते वीडियो वायरल हुआ है। समेरी के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि के मीलीभगत से पैसे का लेन-देन कर सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 में नेहा कुमारी को बहाली करवाने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही इन्हें केंद्र में बच्चों को पढ़ाने का भी निर्देश दे दिया गया। जिसके बाद नेहा कुमारी सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 में पढा रही थी इसी दौरान जब किसी ने पढ़ाते हुए बीडीओ वायरल कर दिया तो नेहा कुमारी ने पढ़ाना छोड़ दिया। मालूम हो कि सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 की सेविका फुलमती देवी का उम्र पुरा हो जाने बाद कुछ दिन पहले विभाग के द्वारा रिटायरमेंट कर दिया गया है। जिसके बाद उस केंद्र का प्रभार पाटन सेमरी वन की सेविका एकता कुमारी को दिया गया है। वहीं जब इस संबंध में नेहा कुमारी से पुछताछ किया गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई बात नहीं है। हम अपने बच्चों को केंद्र में छोड़ने के लिए जाते थे। जबकि नेहा कुमारी का कोई बच्चे का नाम उस केंद्र में नामांकित नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि पढ़ाने का वायरल वीडियो सही है। पाटन बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर सुनीता कुमारी से इस संबंध में पुछा गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई बात नहीं है। उन्होंने इन सभी बातों से इन्कार करते हुए मामले को खारिज कर दिया।

सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें : निवार्ची पदाधिकारी

जिला वासी भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें : पुलिस अधीक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए मतदान कराने वाले कर्मियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर भेजा गया। जिला प्रशासन की ओर से कल होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। लोकसभा आम चुनाव- 2024 के परिपेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में मतदान कराने वाले कर्मियों को इवीएम,वीवीपैट एवं अन्य सामग्री के साथ पुलिस लाईन में बने डिस्पैच सेंटर से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1702033 मतदाता हैं। साहेबगंज जिला में कुल मतदाता की संख्या 860254 है जिसमें पुरुष की संख्या 433755 व महिला 427094 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 05 है । पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल मतदाता संख्या 841179 हैं जिनमें पुरुषों की संख्या 416158, महिला 425019 वही थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 02 है जो अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिला के प्रशासनिक क्षेत्र अधिकार में आने वाले कुल बूथ -974 बूथ हैं एवं साहेबगंज जिला के विधानसभा क्षेत्र बोरियो, बरहेट,राजमहल विधानसभा क्षेत्र में

कुल 1006 बूथ हैं एवं लोकसभा क्षेत्र में आने वाले कुल बूथ की संख्या 2020 है। जो 1531 भवनों में स्थित हैं। जिला प्रशासन द्वारा 974 बूथ में सभी मूल- भूत सुविधा उपलब्ध करायी गई है । संवेदनशील बूथ की संख्या 687 हैं। इनमें से 14 बूथ ऐसे हैं जो अति संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं ।सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। मतदाता भय मुक्त होकर अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वही तीनों विधानसभा में 90 माइक्रो आब्जर्वर, 143 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। कुल मतदान कर्मी 4464 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। डिस्पैच सेंटर पर जिला के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतदान होगा आज

दुमका। लोकसभा चुनाव का 1 जून को मतदान आज होना है। प्रचार प्रसार का दौर थमने के बाद शुक्रवार को मतदान कर्मियों को मतदान स्थल पर रवाना किया जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पार्टी मिलन के बाद मतदान कर्मियों को पॉलिटेक्निक कॉलेज भेजा जा रहा है जहां मतदान सामग्री लेने के बाद मतदान कर्मी एसपी कॉलेज परिसर स्थित वाहन कोषांग पहुंचते हैं। निर्धारित वाहनों पर सवार होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। प्रशासनिक व्यवस्था से मतदान कर्मी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। प्रजातंत्र के इस महापक्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर हुए काफी उत्साहित दिख रहे हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की है। दुमका जिला में 1157 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केदो पर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु 47 कंपनी के सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

एक नजर में

भाजपा प्रत्यासी ने अपने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन झोंकी अपनी ताकत

गोड्डा। कल गुरुवार को भाजपा प्रत्यासी डा0 निशिकांत दुबे अपने समर्थको और गोड्डा भाजपा विधायक अमित मण्डल के साथ गोड्डा नगर परिभ्रमण कर मतदाताओं के साथ बात चीत कर उन्हें अधिक से अधिक मतदान करने कर भजपा को रेकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। गोड्डा ब्लॉक फील्ड से लेकर कारगिल चौक राउतरा चौक बढ़ोना , हटिया चौक तक लोगों से मिलते गए कुछ पुराने नेता जो पार्टी छोड़ कांग्रेस मे शामिल हुए थे उन्हें फिर बीजेपी मे ज्वाइन कराके सादस्त्या दिलाई जिसमे ध्यान झा, श्याम झा आदि शामिल हुए।

प्रिंस खान के गुर्गे होने के शक में, पांडरपाला से एटीएस ने दो को लिया हिरासत में

बेरमो। फुसरो में 17 मई को ज्वेलरी दुकान में हुई गोलीबारी के मामले में एटीएस ने धनबाद के पांडरपाला अंसार नगर से कुर्बान और साहिल को पकड़ा है। ये दोनों भगोड़े प्रिंस खान के सहयोगी बताया जा रहा है। कुर्बान पूर्व पार्षद के बेटे अफसर का चेला है, जो प्रिंस खान के लिए भी काम करता है, अफसर आपराधिक मामलों में वांछित है। एटीएस को पता चला था कि कुर्बान ने अपने फोन से अफसर का उसके परिवार से संपर्क कराया था, जिसके चलते कुर्बान की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद साहिल को भी हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है कि प्रिंस के सहयोगी मेजर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फुसरो ज्वेलरी दुकान में गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस को शूटरों का सीसीटीवी फुटेज मिला है, जो पांडरपाला और श्रमिक चौक के पास रहने वाले दो लड़कों के हुलिए से मेल खाता है, संदेह के आधार पर पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, एटीएस प्रिंस से जुड़े अन्य गुर्गों को भी तलाश कर रही है।

कोनार नदी में डुबने से एक युवक की मौत, तीन दोस्त गये थे नहाने

बेरमो /बोकारो थर्मल। थाना क्षेत्र के कोनार नदी स्थित छठ घाट में गुरूवार को नहाने गए तीन दोस्तों में एक डुब गया जिससे उसकी पर ही मौत हो गयी। निशनहाट कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय निक्कू कुमार दूसरा 23 वर्षीय बिष्णु उरांव और 24 वर्षीय राकेश कुमार तीनों डीवीसी फ्लाइ ओवर के समीप कोनार नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान निक्कू कुमार और राकेश कुमार ऊर्फ कारू नदी के गहराई में डुबने लगे। दोनों को डूबते देख तीसरा दोस्त बिष्णु ऊरांव भी नदी में कूद गया और निक्कू कुमार को सकुशल नदी से निकाल लिया। वही दूसरा राकेश कुमार उर्फ कारू नदी के गहराई में डूब गया। नदी में डूबने की सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह दल-बल के साथ कोनार नदी पहुंचे और खेतको के गोताखोर की मदद से शव को नदी से निकाला गया। तत्पश्चात शव को डीवी सी अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने आम लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में अभिभावक को विशेष रूप से अपने बच्चों पर ध्यान रखना होगा।

तेनुघाट जेल में गिरने से कैदी का हाथ टुटा, इलाज के लिए भेजा गया बोकारो

बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट जेल में बंद बंदी केदारनाथ वर्मा के असंतुलित होकर गिर जाने के हाथ में चोट आई, जिसका इलाज करने के लिए बोकारो अस्पताल भेजा गया । उक्त बातों की जानकारी देते हुए तेनुघाट जेल के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि केदारनाथ वर्मा जो मारपीट के मामले में तेनुघाट जेल में बंद है । गुरुवार की सुबह असंतुलित हो कर गिर जाने की वजह से कंधे में चोट आई । डा शंभू कुमार ने चोट की देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे बोकारो रेफर कर दिया । बंदी का बोकारो में इलाज चल रहा है ।

सर्पदंश से बच्ची की मौत मामले में उपायुक्त ने लिया संज्ञान

बेरमो /गोमिया। ललपनिया के महुआटांड़ थाना के बड़की पुन्नू निवासी 09 वर्षीय प्रिया कुमारी को सांप काटने, चिकित्सक नहीं मिलने से मौत का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने मामले में संज्ञान लिया है। उन्होंने गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उक्त तिथि को ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से मामले में स्पष्टीकरण पूछा है। वहीं, सिविल सर्जन बोकारो को मामले से संबंधित सभी पर अपने स्तर से जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

क्या है मामला : पिछले दिनों महुआटांड़ थाना क्षेत्र के बड़की पुन्नू निवासी जीतन साव की 09 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी को सांप ने काटा था। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया ले गये। परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में चिकित्सक नहीं रहने के कारण उसका इलाज नहीं हो सका।बताया जा रहा है कि बोकारो ले जाने के लिए जब परिजनों ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर फोन किया तो अटेंडेंट ने सारी जानकारी लेने के बाद मौजूद चिकित्सक से बात कराने को कहा, इसमें एक घंटा विलंब हुआ। इससे बच्ची की मौत हो गई।

सीसीएल ढोरी में 12 सेवानिवृत कर्मियों को दी गई विदाई, किया सम्मानित

बेरमो। सीसीएल ढोरी जीएम कार्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर 12 सेवानिवृत कर्मियों को विदाई दी गई। सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल और श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कर्मियों को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि इन सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के हित में काफी योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नौकरी करने वाले हर किसी को एक न एक दिन सेवा से मुक्त होना पड़ता है। इन सेवानिवृत्त कर्मियों से नए कामगारों को काफी कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों ने सभी के साथ बेहतर संपर्क रखते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाया है। सेवानिवृत्त कर्मियों के आगे की जीवन खुशी के साथ रहे इसकी कामना की है। साथ ही कहा कि पिछले साल लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन कर सीसीएल के ढोरी क्षेत्र ने कीर्तिमान स्थापित किया है।कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। मौके पर क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडके, कार्मिक प्रबंधक के अभिषेक कुमार सिंहा व मोहम्मद तौकीर आलम सहित यूनियन प्रतिनिधि भीम महतो, धीरज पांडेय, राजू भूखिया, जवाहरलाल यादव, अविनाश सिंह, जयनाथ मेहता, नरेश महतो, गोवर्धन रविदास, अरुण कुमार, मोहम्मद जूनेद, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

जागरुकता कार्यशाला आयोजित

बेरमो। शुक्रवार को कथारा स्थित के बी कॉलेज बेरमो मे राष्ट्रीय सेवा योजना एवम सी सी एल कथारा के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है जो इसके नुकसान को जानते हुए भी इसे खाने से घबराते नहीं है। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा नशा नाश का द्वार है। युवाओं को नशे की लत से बचाकर समाज को भी नशे की लत से बचाना है। स्वयं सेवक से जन जागरूकता का अपील किया। सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा तंबाकू जहर है। इसका प्रयोग अंततः मौत की ओर ले जाती हैं। प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में याद दिलाता है जिसमें कई गंभीर बीमारियां शामिल हैं।

प्रतिभागियों को चंद्रपुरा डीवीसी प्रबंधन ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल और विजेता प्रतिभागियों को आज डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना मनोज कुमार ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और अपना काम स्वयं करने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रमदान कर स्वच्छता के लिए हमेशा पहल करते रहें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वे इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। ऐसी भावना से घर समाज और देश की उन्नति होगी। वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वे प्लास्टिक पॉलिथीन को त्याग कर थैला का उपयोग करें। उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों को हमेशा सजग रहने की अपील की। समारोह में महाप्रबंधक अभिजीत घोष उप महा प्रबंधक दिलीप कुमार प्रबंधक परविंद कुमार रविंद्र कुमार अक्षय कुमार सरयू रविदास अमूल्य सिंह सरदार आदि उपस्थित थे।

हत्या के प्रयास में आरोपी को पांच साल की सजा, जुर्माना

दुमका। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय राजेश सिन्हा की अदालत ने शुक्रवार को दो साल पहले युवक पर जान लेवा हमला करने वाले हरणाकुंडी के जयदेव मिस्त्री को दोषी करार देते हुए पांच साल सजा और पांच हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सरकार की ओर से एपपीपी खुशबुददीन अली ने बहस की। नौ गवाह की गवाही और साक्ष्य के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। 25 फरवरी 22 को हरणाकुंडी के बढ़ईपाड़ा निवासी महेंद्र मिस्त्री ने मुफस्सिल थाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया कि दोपहर करीब तीन बजे बेटा दुलाल शर्मा शिवमंदिर के समीप खड़ा था। उसी समय गांव का जयदेव आया और गाली गलौज करने लगा।

डीवीसीकर्मियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। चंद्रपुरा दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के पर्यावरण प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा प्लांट और कॉलोनी क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर वरिष्ठ महाप्रबंधक डीसी पांडेय महाप्रबंधक अभिजीत घोष पीके मिश्रा उप महाप्रबंधक संजीव कुमार राजीव रंजन ओझा केएम प्रियदर्शी राजीव कुमार दिलीप कुमार आरपी सिंह विनय कृष्ण दास सत्येंद्र कुमार कंचन स्मिता टोप्पो संजीव कुमार राजीव कुमार तिवारी बद्रीनारायण राठिया अक्षय कुमार विजय कुमार सिंह बलदेव सिंह सुनील कुमार तालेश्वर टुडू अशोक झा आदि शामिल थे।

चालक की धनबाद में इलाज के दौरान हुई मौत

दुमका। शहर के नगर परिषद चौक के पास पिकअप वैन की टक्कर से टोटो चालक 50 वर्षीय चंदन मल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था,जहां के चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया था। टोटो चालक को इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक हरणाकुंडी का रहने वाला था। यह घटना गुरुवार को देर रात में हुई थी। रात करीब 9 बजे चंदन टोटो से घर लौट रहा था। नगर परिषद चौक के सामने इंडोर स्टेडियम की ओर से तेज गति से आती वैन से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो नगर परिषद के गेट से सट गई। हादसे के बाद वैन का चालक फरार हो गया, लेकिन उप चालक लोगों के कब्जे में आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से चंदन मल्लाह को इलाज के लिए पीजेएमसीएच में भर्ती कराया गया।

नाश्ता दुकान के गैस सिलेंडर में लगी आग, घंटो रहा सड़क जाम

बरहेट। शुक्रवार हाट के दिन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगादी चौक पर अताउल अंसारी के नाश्ता दुकान पर गैस सिलेंडर में लगी आग, जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया और लगभग 30 मिनट तक आवागमन बाधित रहा, लोग आग दूर से ही देख रहे थे, जिससे दुकान के बहुत सारे सामान का हुआ क्षतिग्रस्त। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगादी चौक स्तिथ अताऊल अंसारी के नाश्ता दुकान में अचानक आग लग गई, वहीं इस मामले में बताया कि सीएनजी गैस से चलने वाली टोटो बगल में गैस रिफील करा रहा थे, वहीं दुकान के चूल्हे पर अचानक आग लपक लिया और सिलेंडर भी धूं धूं कर जलने लगा। जिससे आसपास के दुकानों में भी अफरा तफरी मच गई तथा हाट के दिन में भीड़भाड़ से भरी चौक जाम लगा रहा। लोग कुछ मीटर की दूरी से आग बुझने का इंतजार करने लगा तथा दोनो तरफ से आवागमन बाधित रहा।

बीएसएल से सेवानिवृत कर्मचारियों की विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से मई 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएँ प्रत्युष हरिश्चन्द्र शर्मा उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में एच आर की सहायक महाप्रबंधक डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएँ प्रत्युष हरिश्चन्द्र शर्मा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। मई 2024 में बीएसएल से कुल 12 अधिशासी तथा 48 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया।

मतदाता जागरण अभियान चलाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। ठाकुर गंगटी चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा लगातार कई दिनों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह से मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है।बीते 15 दिनों से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में प्रशासन द्वारा अलग-अलग तरीके से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी सदस्य, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, सहिया,जलसहिया वह अन्य कर्मियों के माध्यम से विभिन्न तरीके से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक गांव और मतदान केदो के पोषक क्षेत्र में घर घर, प्रत्येक व्यक्तियों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है।आज जागरूकता के अंतिम दिन शुक्रवार को भी प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में मतदाताओं के बीच मतदान करने के लिए जागरुकता फैलाई गई।चपरी पंचायत अंतर्गत बिरहिमकिता सहित कई गांव में झारखंड से स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की एस आर पी

रेखा देवी आदि द्वारा गांव में घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।इतनी बारीकी से सिर्फ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं के बीच प्रचार प्रसार करते हुए जागरूकता फैलाई गई। और मतदाताओं को कल शनिवार को एक जून के दिन सुबह सताबजे में ही सबसे पहले मतदान करने उसके बाद ही जलपान करने की आग्रह की गई। जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है मतदान करेगा ठाकुरगंगटी गोड्डा, प्रथम श्रेणी प्राप्त करेगा ठाकुरगंगटी गोड्डा। छोड़ो अपने सारे काम,चलो पहले करें मतदान। जैसी कविता और पहेली, गीता आदि के माध्यम से भी ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मतदान कर्मी की डिस्पैच सेंटर पर हालत बिगड़ी, हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। लोक सभा चुनाव 2024 का मतदान एक जून को है। इसे लेकर मतदान के लिए ड्यूटी पर निकले मतदान कर्मी जयदेव दास 57 वर्ष की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसे इलाज के लिए सूर्य सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा था हालात बिगड़ता देख रेफर कर दिया गया इसके परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल लाया। जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मंडरो प्रखंड के सीआई के पद पर कार्यरत मृतक जयदेव दास उम्र 57 वर्ष का अपना पैतृक गांव बिहार के मुंगेर जिले के बरियारपुर भगत चौक का है। वे साहिबगंज नगर के शास्त्री नगर में भाड़े के मकान में रहते थे। मृतक की भगनी नेहा कुमारी ने बताई कि उसका मामा चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन पहुंचे थे। इसी दौरान उनका तबियत खराब हो जाने पर उसे सूर्या नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

दो सड़क हादसों में एक 24 वर्षीय युवक सहित दो लोगों की मौत

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ऊपर मंझियारा गांव के पास हाइवा के धक्का से बाइक सवार एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक में सवार दूसरा युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। यह घटना गुरुवार को देर शाम में हुई। मृत युवक की पहचान जामताड़ा जिला के कुंडहित के सोनाहरा गांव का निवासी रमेश सोरेन के रुप में हुई है,जबकि घायल युवक की पहचान गोपीकांदर के भंगाहीड़ निवासी बबलू हेम्ब्रम के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक गोपीकांदर की ओर से बाइक से दुमका की ओर आ रहे थे। इस बीच ऊपर मंझियारा गांव के पास एक हाइवा के धक्का से दोनों युवक जख्मी हो गए।

डीईओ सह उपायुक्त हैं मुस्तैद, पदाधिकारियों सहित मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। मतगणना को लेकर की गई तैयारियों को बारीकी से देखा और बैरिकेडिंग/पंडाल आदि के निर्माण को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने क्रमवार 06 गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के प्राप्त मतों की गणना को लेकर वज्रगृह व मतगणना हाल तक जाने वाले रास्तों को चिन्हित किया। सभी का अलग अलग बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। वहीं मतगणना कर्मियों

पार्टी/काउंटिंग एजेंट/मीडिया प्रतिनिधियों के प्रवेश निकासी स्थल को चिन्हित कर बैरिकेडिंग/जांच स्थल बनाने को कहा। श्रीमती जाधव ने की जाने वाली तैयारियों के संबंध में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना केंद्र में आमजनों की आवजाही को निषेध बताते हुए कहा कि जिन्हें मतगणना केंद्र में आने की अनुमति प्राप्त है वहीं मतगणना केंद्र में प्रवेश करेंगे। कार्मिक कोषांग के बने स्टॉल से अपना नियुक्त पत्र संग्रह कर अल्पाहार कर मतगणना केंद्र में प्रवेश करेंगे।

कृषि उपज की बरबादी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने फिर यह बात कही है कि इस साल देश में मॉनसून की बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। वर्षा सिंचित क्षेत्रों में भी इस साल अच्छी बारिश होने की उम्मीद है जो कृषि पैदावार बढ़ाने में मददगार साबित होगी। ऊंचे उत्पादन से स्वाभाविक रूप से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी। यह गौर करना अहम होगा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुख्य मुद्रास्फीति दर 4 फीसदी से नीचे बनी हुई है, लेकिन खाद्य पदार्थों की ऊंची महंगाई ने समग्र मुद्रास्फीति दर को रिजर्व बैंक के लक्ष्य से ऊपर रखा है। उदाहरण के लिए अप्रैल में खाद्य मुद्रास्फीति दर 8.7 फीसदी थी। महंगाई के प्रबंधन के लिहाज से देखें, जब खाद्य उत्पादन में सुधार से कीमतों और महंगाई पर अंकुश बने रहने की संभावना है, भारत को जल्द खराब होने वाले उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर भी काम करना चाहिए जिनकी महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। उदाहरण के लिए कुछ महीने पहले सब्जियों की कीमतों ने समग्र मुद्रास्फीति दर को बढ़ा दिया था। यह इस तथ्य के बावजूद है कि भारत दुनिया में सब्जियों और फलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां साल 2022-23 में बागवानी उत्पादों की पैदावार करीब 35.19 करोड़ टन रही और उसी वर्ष में उन्होंने कुल अनाज उत्पादन को पीछे छोड़ दिया। लेकिन सच यह भी है कि इनमें से टनों उत्पाद बरबाद हो गए। करीब 15 फीसदी फल और सब्जियां उपज हासिल करने के बाद ही बरबाद हो जाती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से पड़ने वाली अतिशय गर्मी से आने वाले वर्षों में हालत और बदतर हो सकती है। बुनियादी ढांचे में सुधार से इस बरबादी को कम करने में मदद मिल सकती है। देश में शीत भंडार गृह और प्रशीतन सुविधाएं अपर्याप्त हैं जो पूरे आपूर्ति श्रृंखला के लिए अड़चन है।

अग्निकुल ने रचा इतिहास

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में गुरुवार को इतिहास रच दिया! देश के दूसरे निजी तौर पर बनाए गए रॉकेट का पहले निजी लॉन्चपैड से लॉन्च किया गया। यह खास है क्योंकि ये रॉकेट गैस और तरल ईंधन के मिश्रण का उपयोग करने वाला पहला भारतीय रॉकेट है। चेन्नई स्थित स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने श्रीहरिकोटा से एकल-चरण प्रौद्योगिकी प्रदर्शक रॉकेट अग्निबान एसओडीटीईडी को लॉन्च किया। एसओआरटीईडी दुनिया के पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड इंजन का उपयोग करता है, जिसे स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष संघ (इसपा) के महानिदेशक एके भट्ट ने कहा, अग्निकुल ने आज जो हासिल किया है, वह 1963 में थुम्बा लॉन्च स्टेशन से भारत द्वारा अपने पहले रॉकेट के लॉन्च के बाद से एक ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। यह भारत के फलते निजी अंतरिक्ष उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा उत्साहवर्धन और गर्व का क्षण है हाल ही में इन-स्पेस द्वारा भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 के कार्यान्वयन के लिए जारी किए गए दिशानिर्देशों और नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियमों के साथ मिलकर यह महत्वपूर्ण लॉन्च भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग और उसकी बढ़ती क्षमताओं में वैश्विक विश्वास को मजबूत करेगा।अग्निबान रॉकेट एक ऐसा दो-चरणीय लॉन्च वाहन है जो कस्टमाइजबल है। यह करीब 700 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में 300 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। इसकी तुलना स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी से की जा सकती है जो कम ऊंचाई वाली कक्षा में 63,500 किलोग्राम वजन ले जा सकता है। पिछले साल नवंबर 2022 में ही एक निजी कंपनी, स्काईरूट एयरोस्पेस ने सफलतापूर्वक लॉन्च वाहन विक्रम-एस को डेवलप और संचालित किया था। पूरी टीम को देश बधाई दे रहा है।

शिक्षा को धर्म से अधिक विज्ञान से जोड़ें



- आरके सिन्हा

जिस प्रकार समाज में कोरोना के वैक्सीन और जांच को लेकर भ्रम और असमंजस फैल रहा है यह कोई नयी बात नहीं है। हमारी शिक्षा की कमजोरी कहें या स्तरहीनता की समस्या आज भी लोग आधुनिक अविष्कारों पर विश्वास नहीं कर रहें हैं। यही कारण है कि सरकार की योजनाओं का भी सही प्रति फल नहीं निकलता है। सवाल यह उठता है कि शिक्षा को धर्म से जोड़ा जाए कि वैज्ञानिक चिंतन और सोच से लबरेज किया जाए।

क्या यह सच नहीं है कि भारत में कुछ खास धर्मों के मानने वाले शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने धर्मों के प्रचार के लिए कोशिशें करते रहते हैं। कभी कभी सच में लगता है इस मसले पर देश में एक बार खुली बहस हो जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल अपने धर्म पालन की सबको स्वतंत्रता होनी चाहिये। लेकिन, शिक्षण संस्थानों में अबोध बच्चों को अपने धर्म की अच्छाई और बाकी सभी धर्मों की बुराई बताना बच्चों को अबोध उम्र में कट्टर बनाना और दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति घृणा फैलाना कहाँ तक उचित है ? यही तो देश में धार्मिक उन्माद फैला रहा है ? यही तो आपसी असहिष्णुता की मूल धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

भारतीय संविधान धर्म की आजादी का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 (1) में कहा गया है कि सभी व्यक्ति समान रूप से धर्म का प्रचार करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन अनुच्छेद 26 कहता है कि धार्मिक आजादी और धार्मिक संप्रदायों के क्रियाकलाप में शांति और नैतिकता की शर्तें भी हैं। अनुच्छेद 28 में कहा गया है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? यह मानना होगा कि दो धर्म क्रमशः इस्लाम और ईसाई धर्म के मानने वालों की तरफ से लगातार यह प्रयास होते रहते हैं कि अन्य धर्मों के लोग भी येन-केन-प्रकारेण किसी भी लालच में उनके धर्म का हिस्सा बन जाएं। यह कठोर सत्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। इस मसले पर देश में बार-बार बहस भी होती रही है और आरोप भी लगते रहे हैं कि इन धर्मों के ठेकेदार लालच या प्रलोभन देकर गरीब आदिवासियों, दलितों वगैरह को अपना अंग बनाने की फिराक में लगे ही रहते हैं। बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम भी किया गया है।

पर उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण ही मुख्य लक्ष्य रहा है। मदर टेरेसा पर भी धर्मांतरण करवाने के अकाट्य आरोप लगे हैं। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ कहे ही धर्मांतरण करवाने के मौके लगातार खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों के अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। यह मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म सभी और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान को कभी धर्मांतरण करवाने का कभी प्रयास नहीं किया। एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

खैर,धर्म परिवर्तन केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में एक जटिल मसला रहा है। इस पर लगातार बहस होती रही है। यह समझने की जरूरत है कि मोटा-मोटी संविधान कहता है कि कोई भी अपनी मर्जी से अपना धर्म बदल सकता है, यह उसका निजी अधिकार है। पर किसी को डरा-धमका या लालच देकर जबरदस्ती या लब जिहाद करके धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते।

संविधान संशोधन के द्वारा धर्मप्रचार को रोकना सम्भव तो है। पर यह देखना चाहिए कि धर्म के नाम पर बवाल किस वजह से हुआ ? यदि धर्म प्रचार की वजह से हुआ है तो किन लोगों की वजह से हुआ है? एक राय यह भी है कि भारत में उन धर्मों के प्रचार की स्वतंत्रता होनी ही चाहिए जिनका उदय भारत भूमि पर हुआ है।

जैसे हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध। अगर यह धर्म अपनी जन्म भूमि पर भी अधिकार खो देंगे तो यह तो उनके साथ बड़ा अन्याय होगा। समस्या का मूल कारण इस्लाम और ईसाई हैं। इस्लाम और ईसाइयत को छोड़ दें तो बाकी धर्मो के बीच कोई आपसी विवाद नहीं है । यदि सभी धर्म प्रतिबन्धित हों जिनमे हिन्दू धर्म और उससे निकले दूसरे धर्म भी शामिल होंगे तो यह गेंहूं के साथ घुन पिसने जैसी बात हो जायेगी। हाँ केवल इस्लाम और ईसाइयत का धर्म प्रचार प्रतिबन्धित हों तो युक्ति सांगत लगता है। आगे बढ़ने से पहले पारसी धर्म की भी बात करना सही रहेगा। यह भी भारत की भूमि का धर्म नहीं है। यह भारत में इस्लाम और ईसाइयत की तरह से ही आया है। लेकिन, पारसियों ने भारत में अपने धर्म के प्रसार-प्रचार की कभी चेष्टा तक नहीं की। भारत में टाटा,गोदरेज,वाडिया जैसे बड़े उद्योगपति हैं। इन समूहो में लाखों लोग काम करते हैं। ये देश के निर्माण में लगे हुए हैं। सारा देश इनका आदर करता है। इनसे तो किसी को कोई मसला नहीं रहा। इस बीच, धर्म की अवधारणा से भिन्न है मजहब का ख्याल । धर्म का तात्पर्य मुख्यतः कर्तव्य से है जबकि मजहब की अवधारणा किसी विशिष्ट मत को मानने से है। इसमें किसी किताब में दर्ज शब्दों के अक्षरशः पालन की अपेक्षा की जाती है। किताबिया मजहब जो मानते हैं उन्हें वैसा ही मानते रहने की आजादी बेशक बनी रहे कोई हर्ज नहीं, जैसे कोई सोते रहने की आजादी का तलबगार है, जागना नहीं चाहता, उसे सुख से सोने दीजिए ।

> एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

खास बात

स्त्री की छवि

पुष्पा

जब आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दशार्ने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निमार्ताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

देवी का रूप

धर्म-प्रवाह

जीवीएस शास्त्री

मां दुर्गा की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार इस नारी स्वरूपा दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं।

आपके ट्वीट

जहां तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कन्याकुमारी मंदिर में दर्शन व ध्यान पर विपक्ष की आपत्ति का सवाल है तो निर्णय चुनाव आयोग को लेना है, पर धार्मिक आस्था में किसी के विरूद्ध प्रचार कहाँ से नजर आता है ये समझ नहीं आ रहा।

- डॉ सुधांशु त्रिवेद्धी, भाजपा

फिर एक बार, ओल चिकी लिपि के आविष्कारक एवं संथाली भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार पंडित रघुनाथ मुर्मू जी की जन्मभूमि को नमन करने का सौभाग्य मिला।

- चंपई सोरन, सीएम

महात्मा गांधी वो सूर्य हैं जिसने पूरे विश्व को अंधेरों से लड़ने की ताकत दी। सत्य और अहिंसा के रूप में बापू ने दुनिया को ऐसा मार्ग दिखाया, जो कमजोर से कमजोर व्यक्ति को भी अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस देता है। **-राहुल गांधी**

राष्ट्रभाषा को उपेक्षित कर देश का विकास संभव नहीं

भाषा साहित्य

अवधेश कुमार अवध

हर राष्ट्र की अपनी एक राष्ट्रभाषा होती है इसलिए भारत जैसे सम्प्रभुता सम्पन्न, विशाल, सबसे बड़े गणतन्त्र राष्ट्र की भी अपनी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। यह प्रश्न तब तक उठना स्वाभाविक और उचित भी है जब तक भारत की अपनी राष्ट्रभाषा न चुन ली जाए। लेकिन आजादी के सात दशकों के बाद भी दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं हो सका।

ब्रितानी हुकूमत के समय में हिंदी का पूरे भारत में बोलबाला था। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटेन में हिंदी की व्यापकता और लोकप्रियता को लेकर कई बार ऐसी बातें स्वीकार की थी, पार्लियामेंट में रखी थी। मैकाले ने अपने अध्ययन में यह महसूस किया था कि भारत को यदि और अधिक समय तक गुलाम बनाकर रखना है तो यहाँ की प्रतिष्ठित शिक्षा पद्धति को बंद करना होगा और किया भी। मैकाले के अनुसार, संस्कृत को समाज से दूर और हिंदी को असभ्य/अनपढ़ों की भाषा के रूप में व्यवहृत करना होगा जिससे अंग्रेजी जानने वाले क्लर्क पैदा किये जा सकें। भारत की प्रायः समस्त भाषाएँ संस्कृत से पैदा हुई हैं और इसमें सबसे बड़ी और व्यापक भाषा हिंदी है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाएँ हिंदी से कमोबेश सम्बंधित हैं। भारत में अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह और जनक्रान्ति में हिंदी की भूमिका अग्रणी रही है। आजादी के समर में चाहे नारों की बातें करें या साहित्य की, हिंदी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। न केवल मध्य भारत बल्कि आज का बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत भी हिंदी के प्रभाव में था।

देश को बाँटने की कुत्सित योजना ने हिंदी भाषा के समक्ष अन्य भाषाओं को विरोधी बनाकर उतारने की चेष्टा की। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ नेता क्षेत्रीय राजनीति की रोटी भाषाओं के तवे पर सेंकने लगे। आजादी के उपरान्त संविधान में एक राष्ट्रभाषा की आवाज तो उठी किन्तु अंग्रेजी परस्त सत्तालोलुप लोगों ने क्षेत्रीय भाषा- भाषियों को भड़काकर अंग्रेजी की जड़ें मजबूत कीं। हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाकर राजभाषा तक सीमित रखा गया और लॉलीपॉप दिया गया कि अंग्रेजी सहायक भाषा बनकर रहेगी और 1965 तक हिंदी को व्यापक बनाकर राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। अनुच्छेद 343/1 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया। उसके बाद हिंदी को इतनी ही इज्जत मिली कि इसकी गिनती भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में एक भाषामात्र की है।

एक अन्य संशोधन के अनुसार राज्य सरकारें अपनी पसंद की भाषा में कामकाज संचालित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी जबकि राजभाषा अधिधियम 1963 में यह व्यवस्था की गई कि सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा। आज की सच्चाई है कि सहायक भाषा ने राजभाषा को मजदूरों, अशिक्षितों, पिछड़ों और असभ्यों की भाषा बनाकर रख दिया है। अंग्रेजी परस्त लोगों के भीतर अंग्रेजियत मानसिकता और कूटनीति कूट-कूटकर भरी थी। ये काली चमड़ी वाले अंग्रेज आजाद भारत को भी अंग्रेजी और गैर अंग्रेजी के स्तरीकरण के रूप में बनाये रखना चाहा। अंग्रेजी को स्वामित्व के रूप में भारत में कायम रखना चाहा।

हिंदी के सिर पर अंग्रेजी को बैठाने का ही नतीजा है कि बच्चों की प्रथम पाठशाला की संज्ञा प्राप्त पारिवारिक ढाँचा पल- प्रतिपल बिघटित हो रहा है। माँ को मॉम, बापू को डैड, पति को हस्बैंड और चाचा, ताऊ, मामा, फूफा जैसे दर्जनों रिश्तों को एक अंकल में भर दिया। बुआ, चाची, ताई, जैसी नारियाँ ऑटी में खपाई गईं। बचे खुचे रिश्ते इन लॉज हो गए। हिंदी की शुचिता पर अंग्रेजी ने छककर विष वमन किया।

कॉर्टून वर्ल्ड

इनकी दुनिया का सच

साभार कॉर्टून मूववेंट

लेटर टू एडीटर

सतर्क रहें हम

देश में कोरोना का कहर अभी कम नहीं हुआ है। सरकार का दावा है कि ठीक होने वालों का आंकड़ा संतोषजनक है। इसी कड़ी में केन्द्र और राज्य सरकारों ने कोरोना की टेस्टिंग आम लोगों के बीच भी बढ़ा दी है, ताकि अगर किसी को कोरोना का थोड़ा-बहुत भी लक्षण है तो उसका उचित समय पर इलाज हो सके। देश के हरेक नागरिक को सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी। **-रविभूषण, हजारीबाग**

हकीकत बताएं

पहले महाराष्ट्र व बिहार पुलिस में तकरार, फिर सीबीआई को जांच की जवाबदारी सौंपने से इसकी परतें खुलने लगी है। ड्रग डीलर की गिरफ्तारी नए राज खोलेगी कि फिल्मी दुनिया में क्या-क्या चल रहा है। सीबीआई दाऊद के कनेक्शन की भी जांच करे, जिससे फिल्मी हस्तियों के वास्तविक चरित्र का पता लग सके। यह समस्या पूरे युवा शक्ति को बर्बाद कर रही है। **-अमृतलाल, मेदिनीनगर**

चुनावी मौसम... तपती धरती- झुलसता जीवन

मंथन

डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आम चुनाव के अंतिम चरण में चढ़े सियासी पारा के साथ देश चढ़ते पारे से परेशान है। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़े को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री सेल्सियस से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपाकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। एक जून को अंतिम चरण का मतदान है। तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है। उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भरी दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रूप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया है। कमोबेश इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किए जा रहे होंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहे हैं और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का प्रकोप कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य हैं। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यूं कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालिक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।

ऐसे में अब तात्कालिक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रूपरेखा तय करनी होगी, क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमने इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरते नहीं दिख रहे।

स्पीड न्यूज

सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा : मुंडा

भुरकुंडा (रामगढ़)। सोंदा डी परियोजना में कार्यालय अधीक्षक के पद पर सीएमपीएफ में कार्यरत मिस मेरी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा ने बुके देकर मिस मेरी के सुखद जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है, इस रास्ते से एक न एक दिन हर कर्मी को गुजरना ही पड़ता है। मिस मेरी ने कहा कि मैं 1982 में केजुवल में बहाल हुई थी और 1983 में नियमित किया गया। मेरी एक राष्ट्रीय एथलीट के रूप में बेहतर जानी जाती है। उन्होंने हमेशा सीसीएल व कोल इंडिया को अपने प्रदर्शन से सम्मान दिलाया है। मौके पर नीना होरो, अंकुर कुमार, अभिनव आनंद, एके चौबे, रामविनय त्रिपाठी, ललन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

तंबाकू धीमी जहर : अभिषेक कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने तंबाकू तथा इसके विभिन्न उत्पादों जैसे खैनी, बीड़ी, सिगरेट, गुटका आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से ओपी परिवार के लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन सभी उत्पादों के सेवन से प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत होती है, इसलिए इससे सबों को सचेत रहना जरूरी है। उन्होंने तम्बाकू के सेवन को धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह धीरे धीरे इंसान को मौत के मुंह में धकेलता है। स्वयं सुधरेंगे तभी हम दूसरों को सुधारने की बात कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में ओपी प्रभारी ने तम्बाकू के सेवन से बचने का संकल्प भी दिलाया।

रिटायर्ड कर्मी को दी गयी विदाई

भुरकुंडा (रामगढ़)। वार्ड आया बलविन्दर कौर के सेवानिवृत्ति पर आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह हुआ। एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनूप कुमार टोप्पो ने वार्ड आया बलविन्दर कौर को उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। टोप्पो ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है, इस रास्ते से हर कर्मी को एक न एक दिन गुजरना ही पड़ता है। मौके पर डॉ राजेश कुमार, ललन प्रसाद, केडी शरण, राहुल, गणेश, सत्यनारायण ठाकुर, अमलेश भौमिक, चैतन्य, राजन, राजेंद्र मुंडा, सिकंदर, सिस्टर स्नेहलता, शिशिर डांग, नेहा टोप्पो, रेखा कुमारी,जयमंती, नीलम, वीणा कुमारी, रूपा, रीता देवी, आदि मौजूद थे।

नन्द जी का मना समाधी वर्षगांठ

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जयगुरु धाम स्थल में शुक्रवार को बाबा मातुदा नन्द जी का 55वां समाधी वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जय गुरुदेव धाम के ट्रस्टी रांची के विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा बाबा का पूजा-अर्चना के बाद 30 मई शाम से भजन कीर्तन किया गया। 31 मई को भजन-कीर्तन के समापन के बाद प्रसाद वितरण व भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, बालचंद जैन, राकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, सुनील साहु, विष्णु मेहवल व श्याम सुन्दर शर्मा का विशेष योगदान रहा।

तंबाकू दिवस पर जागरूकता शिविर

रामगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में सदर अस्पताल रामगढ़ के सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जन जागरूकता शिविर तथा शपथ कार्यक्रम के साथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टर्स,चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी, डालसा रामगढ़ के पीएलवी सुमित कुमार, राजन कुमार मुंडा एवं आम जनता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में तंबाकू से छुटकारा,इसके चपेट से बचाव , इसके प्रति लोगों को जागरुक करने , इसके कारण होने वाले बीमारियों खास कर कैंसर और इसके लक्षणों पर चर्चा की गई। सभी लोगों ने बीड़ी ,सिगरेट , सिगार, खैनी ,गुटखा , पान मसाला एवं अन्य किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने का संकल्प लिया।

भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल थाना में मना तम्बाकू निषेध दिवस

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी, भदानीनगर ओपी एवं बासल थाना में थाना में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान तीनों जगहों पर थाना प्रभारियों द्वारा थाना परिसर में जवानों के बीच तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारियों ने कहा की स्वास्थ्य के लिए तंबाकू का सेवन हानिकारक है। इसके सेवन से कैंसर, हार्ट अटैक सहित कई गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है।जवानों को किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादो का सेवन नहीं करने की बात कही गई। थाना प्रभारियों ने कहा कि थाना परिसर में तंबाकू, गुटका और पान मसाला खाना निषेध है। शपथ ग्रहण में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

ग्रामीणों ने जायसवाल को बीजीआर के कारगुजारियों की दी जानकारी, कहा

प्रशासन की मिलीभगत से किया जा रहा है भयादोहन

खबर मन्त्र संवाददाता

सरकार बालू, कोयला तस्करी में मस्त और जनता बेहाल: जायसवाल

हजारीबाग। 22 मई को यहां एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में पांडू, आगर टोला में मुआवजा, विस्थापन एवं पुनर्वास की मांग कर रहें स्थानीय भू-रैयत मीणा देवी के साथ यहां कार्यरत एनटीपीसी की अधिनस्थ कंपनी बीजीआर के अधिकारियों द्वारा बिना मुआवजा दिए उनके घर को जबरन तोड़े जाने के मामले का वीडियो वायरल होने के बाद हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया शुक्रवार को प्रचंड गर्मी के बाबजूद ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और संबंधित मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की। भुक्तभोगी रैयत महिला से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आई। मीणा देवी ने मनीष जायसवाल से कहा कि बिना विस्थापन के बीजीआर कंपनी ने हम लोगों का घर तोड़ दिया है। छोटे से घर में हमारा पूरा परिवार पांडू गांव में निवास करता था और बच्चे पढ़ाई करते थे लेकिन माइनिंग के कारण हमारे घर को ध्वस्त कर दिया गया। जिसके कारण हम पूरे परिवार कुछ दिनों तक तंबू में रहने के लिए मजबूर हुए। फिर बीजीआर कंपनी के लोगों के द्वारा और कंपनी के दलालों ने हमारे साथ मारपीट की, परिवार को घर से जबरन निकाल दिया और जेसीबी से 23 मई को पूरा घर को ध्वस्त कर दिया गया। जिसके विरोध में गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया फिर मुआवजा दिया गया, लेकिन विस्थापन अब तक नहीं मिला है। मेरे साथ घटे घटना को लेकर मैंने स्थानीय केरेडारी थाना, एसडीओ, एसपी और डीसी को आवेदन दिया बावजूद इसके कोई कारवाई नहीं हुई। वहीं अन्य रैयत ग्रामीणों ने कहा कि अपनी जमीन और कृषि योग्य भूमि नहीं खोना होना चाहते हैं। लेकिन कंपनी जबरन हम लोगों की जमीन छीन रही है जिसके कारण हमलोग बेघर हो रहे हैं और आगामी दिनों में मुआवजा के पैसे खत्म होने के बाद सारे लोग सड़क पर आ जाएंगे। ग्रामीणों की व्यथा सुनते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि एक वीडियो सोशल साइट पर वायरल हुआ। जब मैं पूरे वीडियो को देखा तो मामला अति संवेदनशील था महिला के साथ मारपीट की गई उसे घर से बेघर कर दिया गया। श्री जायसवाल ने कहा की मामले को देखते हुए महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग में लिखित शिकायत करेंगे और हर संभव ग्रामीणों के पक्ष में खड़े होकर न्याय के लिए लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के कार्यों को छोड़कर केवल बालू, कोयला तस्करी, ट्रांसफर- पोस्टिंग के उद्योग- धंधे में लगी हुई है। हेमंत सोरेन की पार्ट 2 की सरकार भी निकम्मी है। जिसके कारण आज राज्य की जनता बदहाली की जिंदगी जीने के लिए विवश हो रही हैं। किसी भी तरह से उन्हें सिर्फ अपना कमीशन लेना है। कोयला, बालू के उद्योग धंधे चलाने हैं, ग्रामीणों की जमीन हड़पने हैं, उन्हें विस्थापन नहीं करना है बल्कि उनके जायदाद को लूटना है और जान जोखिम में डालकर उन्हें उनके हाल में ही छोड़ देना है। कोयला के निराले खेल में राज्य सरकार बीजीआर कंपनी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से ग्रामीणों का भयादोहन हो रहा है। इस भयादोहन का जिम्मेवार केवल राज्य सरकार है। कोयला, बालू, ट्रांसफर- पोस्टिंग का उद्योग धंधे करने वाले सरकार के खिलाफ हमारी उलगुलान होगी। पांडू ग्राम से लौटने के क्रम में जायसवाल ने बसरिया बाजार टांड़ में केरेडारी कोल खनन परियोजना के विस्थापित और प्रभावित करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों से संवाद किया। जायसवाल ने गंभीरता से विस्थापितों के बातों को सुना और कहा कि फिलहाल मैं पांडू में एक भू- रैयत महिला के साथ हुए अत्याचार और अमानवीय कृत्य की सच्चाई की जांच के लिए पंहुचा था और प्रथम दृष्टया घटना सत्य पाया है। अब जल्द ही स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन से बात करेंगे ।

मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ , विजय कुमार, अजय साहू, किशोरी राणा, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, जयनारायण प्रसाद ,बालेश्वर कुमार ,प्रीतम सिंह, कर्मचारी साहू, आदित्य सोनी ,खेमलाल महतो, अमित गुप्ता, उपेंद्र सिंह ,बालेश्वर महतो, बाल गोविंद सोनी, नरेश महतो, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, शेर सिंह, पारसनाथ प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

कटकमसांडी : पंचायत में विकास के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट

खबर मन्त्र संवाददाता

- सीसीटीवी कैमरा, बिजली वायरिंग, इन्वायटर, चापानल मरम्मति, पुस्तकालय व ओपन जिम की खरीदगी में अनियमितता
- मुखिया व सचिव के मिलीभगत से हो रहा है राशि का दुरुपयोग

कटकमसांडी (हजारीबाग)। प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत भवन के विकास के नाम पर सामग्री आपूर्तिकर्ताओं के मिलीभगत से मुखिया व सचिव द्वारा लाखों की सरकारी राशि के बंदरबांट का मामला प्रकाश मेंआया है। बता दें, प्रखंड के कई ऐसे पंचायत भवन हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरे, ओपन जिम, पुस्तकालय, चापानल मरम्मति के नाम फर्जी तरीके से भेंडर (आपूर्तिकर्ताओं) के सांठगांठ से सामग्री खरीदगी के नाम पर लाखों सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है।

किसी पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे का मूल्य एक लाख 49 हजार है, तो कहीं एक लाख रुपए का सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। वहीं आपूर्तिकर्ताओं के मिलीभगत से पुस्तकालय के नाम पर मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा लाखो रूपए का दुरुपयोग किया गया है और राशि की बंदरबांट की गई है। देखा जाय तो पुस्तकालय के नाम पर पंचायत भवनों में चार कुर्सियां, एक टेबल, चार पांच किताबों की सरकारी मूल्य एक लाख 49 हजार दिखाई गई है, जो जांच का विषय है। जबकि एक लाख 25 हजार रूपए से विद्यालयों में ओपन जिम लगाया गया है। ओपन जिम के नाम पर आपूर्तिकताओं, सम्बन्धित पंचायतों के मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा ओपन लूट की गई है। 25 हजार के ओपन जिम की सामग्रियों का मूल्य एक लाख 25 हजार दिखाया गया है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत ऐसे भी हैं, जहां पर पंचायत की सरकार बदलते ही पंचायत भवन मे लगे बिजली वायरिंग, इन्वायटर सेट, चापानल मरम्मति के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है। वहीं पंचायत भवनो में बिजली व्यवस्था दुरुस्त व नियमित रखने के लिए जेनररेटर की खरीदगी की गई है। मगर जेनरेटर को उपयोग मे आज तक नही लाया जा सका है। वर्षो से वह पंचायत भवन की शोभा मात्र बनकर रह गई है। राशि के बंदरबांट की वजह से पंचायत भवनों में लगे तमाम उपस्कर व सामग्री की गुणवत्ता की लगातार जांच की मांग पंचायत समितियों द्वारा की जा रही है।

पांच जून तक रोड सेल चालू करें प्रबंधन : समिति

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोड सेल समिति के प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को लोवर सिमाना खान परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन सरोज कांत झा ने किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीसीएल प्रबंधन 5 जून तक रोड सेल चालू करें अन्यथा 7 जून 2024 से बलकुदरा ट्रांसपोर्टिंग कार्य अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दिया गया जाएगा। साथ ही रोड सेल समिति वंचित विस्थापित-प्रभावितों से वार्ता भी जारी रखेगी और अपील करेगी कि वंचित विस्थापित-प्रभावित जो सकारात्मक रूप से रोड सेल से जुड़ना चाहते हैं उनका स्वागत है। मौके पर मनोज मांझी, विकास सोरने, रामदेव मुंडा, गोविंद करमाली, गणेश बेदिया, राजन तूरी, संतोष उरांव, संतोष पासवान, रॉवेल एक्का, अशोक तिवारी, उत्तम कुमार सहित सैकड़ो प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जुबिली कॉलेज के प्राचार्य को दी गयी विदाई

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबली कॉलेज में शुक्रवार को निवर्तमान प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र पांडेय के विदाई सम्मान समारोह हुआ। महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने प्राचार्य को फूल माला पहनाकर सम्मानित करते हुए व्यथित मनएवं अश्रु भरे नेत्रों से विदाई दी। डॉ. एसपी पांडे ने निवर्तमान प्राचार्य एवं डॉ महेंद्र पांडेय के लंबे सेवा काल में ही महाविद्यालय ने नैक में बी ग्रेड विनोबा भावे विवि में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। निश्चित रूप से इनकी यह उपलब्धि जुबली कॉलेज भुरकुंडा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। समारोह में निवर्तमान प्राचार्य एनके तिवारी ने वर्तमान नवनियुक्त प्राचार्य वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह झा को पदभार सौंपते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. ए.के.एस. झा ने निवर्तमान प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी तथा डॉ. महेंद्र पांडेय को पुष्प गुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। मौके पर प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. विभा राय, डॉ. विशेश्वर रविदास प्रो. आलोक कुमार, प्रो. बालकृष्णा, प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ, देव प्रकाश प्रसाद, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. मिथिलेश, प्रो. एन पांडेय, सुरेश सिंह, डॉ. बालमुकुंद, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो गोपाल विश्वकर्मा, रामेश्वर उरांव, कृष्णा, सुखदेव आदि ने निवर्तमान प्राचार्य प्रो. एनके तिवारीएवं डॉ महेंद्र पांडेय के उज्जवल भविष्य एवं सुखद जीवन की कामना की।

प्राचार्य एनके तिवारी को को विदाई देते शिक्षक।

आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में समर कैंप संपन्न

- छात्रों को आर्चरी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य व संगीत की दी गयी ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। गर्मी की छुट्टी में आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट में 16 से 31 मई तक निःशुल्क समर कैंप लगा । कैंप का उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान और विभिन्न कौशलों से अवगत कराना था। समर कैंप में छात्रों को आर्चरी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य और संगीत की दी गयी ट्रेनिंग। कैंप ने केवल बच्चों को नई चीजें सीखने का मौका दिया । कैंप ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान किया जो उनके भविष्य के विकास में सहायक सिद्ध होगा। यह सत्र सुबह 7:00 से 10:30 और शाम में 4:30 से 6:00 तक चला।

इन सत्रों के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया और बच्चों ने गतिविधियों में बढ़- चढ़कर भाग लिया। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व बच्चों को हर गतिविधि में बेहतर बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं भी आयोजित की गई। जिनमें उनकी परीक्षा की तैयारी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया गया था। समर कैंप में वरीय शारीरिक शिक्षक पीपीएस राठौर, अर्पणा पांडे, के डी पाठक, निशा जैन, धीरेंद्र कुमार, शिव जनम सिंह, संदीप राणा, मोहन विश्वकर्मा, संजीव कुमार, तान्या हलदार और ए पी शॉ आदि ने सक्रियता से भाग लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। समर कैंप के समापन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य, संगीत, बॉलीबॉल, और अन्य गतिविधियों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया जिसे देखकर शिक्षकगण भी प्रभावित हुए।विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने कहा कि यह कैंप बच्चों के लिए काफी लाभप्रद सिद्ध हुआ । साथ ही कहा कि टीम भावना पर जोर देना चाहिए और उन्होंने विशेष रूप से समर्पण, अनुशासन, समन्वय, आनंद और जैसे बिंदुओं को प्रमुखता से रेखांकित किया तथा सभी शिक्षकों ने भी सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

एक नजर में

आंधी से केदारुत व कजरा में भारी नुकसान

बरही। शुक्रवार दोपहर में हुई तेज आंधी के साथ बारिश ने आमजनों को भारी नुकसान पहुंचाया है। वहीं केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंसस विकास सिंह, जीतू ठाकुर व प्रदुम्न सिंह ने स्थल निरीक्षण किया। विशेश्वर यादव ने बताया कि चक्रवाती तूफान से केदारुत में कई व्यक्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा कुछ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ललन यादव के पुत्र व पुत्री शामिल है। साथ ही तेज हवा के कारण कजरा निवासी सुधीर राम, अनिल राम, बबुनी राम, जागेश्वर राम, बैजनाथ राम, महेंद्र कुमार दास आदि सभी केदारूत निवासी के घर का कोरकेट उड़ गया। खबर पाकर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, जीतू ठाकुर आदि उपस्थित होकर घटना की जानकारी प्राप्त किया और सक्षम प्रशासनिक पदाधिकारियों से राहत कोष से मुआवजा दिलाने की बात कही।

चौपारण में जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी शरू

चौपारण। श्री जगन्नाथ मंदिर बैधनाथ नगर सियरकोनी में शुक्रवार को सुबह रथ की पूजा की गई। पूजा के साथ ही रथयात्रा की तैयारी आरंभ कर दी गई। भक्ति वेदांता शिक्षालय के संस्थापक डॉ केशवानंद प्रभु ने बताया कि सात जुलाई को बेहद वृहद रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पहले रथयात्रा में जो कमी रहेगी उसे दूर किया जायेगा। प्रमुख ट्रस्टी संजय सिंह ने बताया कि हजारीबाग,कोडरमा,चतरा जिले से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रथयात्रा के सुत्रधार तथा प्रमुख कार्यकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि आयोजन में देश विदेश के इस्कान के भक्त जुटेंगे। पूरे पांच दिन महामहोत्सव का आयोजन बिगहा के हनुमत मंदिर मौसीबाड़ी गढकाली मंदिर प्रांगण में होगा। इस आयोजन में शामिल हो कर सेवा देने वाले भक्तों को सियरकोनी मंदिर आकर सुचीबद्ध करना होगा। आयोजन में इस्कान के सैकड़ों धर्म गुरु शामिल होंगे। मौके पर बिनोद सिंह, कैलाश सिंह , राजु सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

बरही : नाबालिग का अपहरण, मामला दर्ज

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराटांड से एक नाबालिग को अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़िता की मां ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को बताया है कि उनकी पुत्री ट्यूशन पढ़ने जा रही थी और उसको अगवा कर लिया गया है। उक्त मामले को लेकर बरही थाना में कांड संख्या 219/24 के तहत अरुण कुमार उर्फ अरुण रविदास सहित अन्य दो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। अभियुक्तों पर धारा 364, 34 भादवि एंड 8/12 पोक्सो एक्ट लगाया गया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

तंबाकू निषेध दिवस पर दिलायी गयी शपथ

बरही। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में बरही अनुमंडलीय अस्पताल ने जागरूकता रैली निकाली। रैली अस्पताल से निकलकर मुख्य सड़क से गुजरते हुए बरही चौक से होते हुए वापस अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बैनर, तख्ती के साथ नारा लगाते हुए तंबाकू का प्रयोग नहीं करने को लेकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही लोगों ने तंबाकू नहीं खाने की शपथ ली। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने डॉक्टर एवं कर्मियों शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि किशोरों में तंबाकू की लत को छुड़ाने के लिए सामाजिक स्तर पर पहल करने की जरूरत है। तंबाकू से लाखों लोग कई गंभीर बीमारियों के शिकार होकर समय से पहले ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। उन्होंने बताया गया कि तंबाकू का प्रयोग केवल स्वास्थ्य के लिए ही हानिकारक नहीं है बल्कि तंबाकू का प्रयोग पर्यावरण के लिए भी काफी घातक है। पूरे विश्व में प्रति वर्ष 70-80 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू जनित रोगों से होती है। । मौके पर डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अंकुर बिहार, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु शेखर, सहिया नुरेसा खातून, शाहजहँ बेगम, रीना वर्मा, महेश पासवान, मुजाहिद हुसैन, सरिता देवी सहित अन्य अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

एनटीपीसी में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

बड़कागांव।स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतिम दिन सीकरी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया । स्वच्छता पखवाड़ा के तहत परियोजना के द्वारा पिछले 15 दिनों से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनमें स्वच्छता प्रतिज्ञा से लेकर परियोजना के विभिन्न परिसर एवं ऑफि स की सफाई, पर्सनल हाइजीन और सैनिटेशन पर व्याख्यान, आस पास के सार्वजनिक स्थानों जैसे मंदिर, प्राथमिक उपचार केन्द्र, स्कूल इत्यादि पर बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए डस्टबीन वितरण,विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पखवाड़े के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ताकि उनका हौसला अफजाई हो सके और वे आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के सहभागी बनें। कर्मचारियों के अलावा मैती के विद्यार्थियों को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पुरस्कार दिया गया । पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि संजय कुमार दूबे महाप्रबंधक (इंफ्रा), केतन मेवाड़ एजीएम के अलावा मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना एवं अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

कबिलासी पंचायत में वज्रपात से 9 पशुओं की मौत

दारू(हजारीबाग)। कबिलासी में शुक्रवार को वज्रपात से 9 पशुओं की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 3 :00 बजे दोपहर को हमलोग अपने पशुओं को लेकर गांव के बाहर खेतों में चरने के लिए ले गए थे, इसी बीच हल्की बारिश के साथ मेघ गर्जन होने लगीं और वज्रपात हुआ, नौ पशुओं की मौत हो गई। कबीलासी निवासी हकीम मिया का दो बकरी, मुस्तकिन मिया का एक बकरी और राजेंद्र यादव का छहबकरा बकरी की घटनास्थल पर मौत हो गई।

मुक बधीर ने एसडीपीओ को दिया पेंटिंग

बरही। बरही कोनरा निवासी सुनील मिश्रा अपने कलाकारी के लिए क्षेत्र में बेहद प्रसिद्ध है। सुनील मिश्रा एवं इनके सहयोगी संदीप विश्वकर्मा एक से बढ़कर एक कलाकृतियां तैयार की जाती है। वहीं शुक्रवार को सुनील मिश्रा के नेतृत्व में संदीप विश्वकर्मा द्वारा पेंटिंग तैयार कर अपर पुलिस अधीक्षक सह बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार को उपहार स्वरूप भेंट किया गया। ज्ञात हो कि संदीप विश्वकर्मा ने सुनील मिश्रा के साथ मिलकर इन्होंने एक से बढ़कर एक चित्रकारी किया है। मिश्रा ने बताया कि कला एक ऐसा साधन है जिससे कलाकार अपनी भावनाओं, विचारों और दृष्टिकोणों को साझा करता है और इसमें ईमानदारी का महत्वपूर्ण स्थान होता है। उन्होंने कहा कि एक सच्चे कलाकार की पहचान उसकी रचनाएं होती हैं, जो समय के साथ बढ़ती हैं और लोगों के दिलों में स्थिरता बनी रहती हैं। वहीं कला की एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कला की प्रशंसा करते हुए मुक बधिर कलाकार संदीप विश्वकर्मा का हौसला बढ़ाया।

स्पीड न्यूज

ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत

चतरा। चतरा-रांची मुख्य पथ पर लमटा जोगियाडीह के समीप शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकरा गया, जिससे ट्रक चालक मोहम्मद हसमतुल्लाह उर्फ हाशो ड्राइवर (45) की मौत हो गई। वह चतरा शहर के आजाद नगर का रहने वाला था। दुर्घटना के समय ट्रक खाली था और सिमरिया की ओर जा रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अगर सदर अस्पताल में समय पर सीपीआर दिया गया होता, तो चालक की जान बच सकती थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गर्मी से हजारों चमगादड़ों की मौत, पानी की कमी से तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं जीव

चतरा। जिले के पत्थलगड्डा में भीषण गर्मी से चमगादड़ों के मरने का सिलसिला जारी है। प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यालय परिसर में लगे लिपटस के दर्जनों पेड़ों व क्षेत्र के विभिन्न पेड़ों में हजारों की संख्या में चमगादड़ वर्षों से अपना बसेरा बनाये हुए हैं। कई दिनों से सैकड़ों की संख्या में चमगादड़ मर रहे हैं। बुधवार को एक हजार से भी अधिक चमगादड़ मर गये, जिन्हें वन विभाग के कर्मियों ने दफना दिया। वन विभाग व ग्रामीणों द्वारा पेड़ों के ऊपर मशीन से पानी का छिड़काव किया गया है। पेड़ों के नीचे चमगादड़ों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गयी है। वनरक्षी संजय कुमार ने बताया कि कई चमगादड़ मरने के बाद पेड़ पर ही लटके हुए थे। सभी को उतार कर हटा दिया गया है। संभवतः भीषण गर्मी की वजह से चमगादड़ मर रहे हैं। बताया कि कुछ मरे हुए चमगादड़ों को परीक्षण के लिए रांची लैब भेजा गया है, ताकि चमगादड़ों के मरने का स्पष्ट कारण पता चल सके। गर्मी से कई मुर्गी फार्म में मुर्गियां भी मर रही हैं।

अबुआ आवास धाधली की शिकायत डीसी से

गिद्धौर। प्रखंड के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में अनियमितता की शिकायत उपायुक्त से की। उपायुक्त के निर्देश पर जिला आवास समन्वयक राजकुमार ने गिद्धौर पहुंचकर बारिसाखी, मंझगावा, बारियातू, पहरा और द्वारी के विभिन्न अबुआ आवासों में मिली शिकायतों की जांच की। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के स्थान पर दूसरे स्थान का जियो टैग करवाने की शिकायत की थी। जिला आवास समन्वयक ने प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की और पंचायत सचिवों और स्वयंसेवकों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं में नियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी अबुआ आवास के लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र जमा करवाने और बैंक खाते को आधार से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

तंबाकू दिवस पर धूम्रपान छोड़ने की ली शपथ

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत डॉ सत्य प्रकाश और डॉ प्रभात कुमार ने की। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तंबाकू, धूम्रपान का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई और आसपास के लोगों को भी तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के दर्जनों कर्मी और अन्य लोग भी मौजूद थे।

आरुषि मेकअप स्टूडियो व एकेडमी का उद्घाटन

टंडवा (चतरा)। टंडवा में आरुषि मेकअप स्टूडियो व एकेडमी का उद्घाटन किया गया। संचालिका आरुषि पांडे ने बताया कि यहाँ बढ़े शहरों में मिलने वाली सारी सुविधा उपलब्ध है। मेकअप स्टूडियो में महिलाओं के मेकअप समेत दुल्हन सजाने के काम प्रशिक्षित लोगो द्वारा किया जाएगा। आरुषि ने दिल्ली में ब्यूटीशियन व प्रोफेशनल मेकअप का कोर्स किया था और उन्हें प्रोफेशनल मेकअप में बेहतर कार्य करने के लिए अवार्ड भी दिया गया था। उनके अकेडमी में इक्षुक लड़कियों व महिलाओं को ब्यूटीशियन व प्रोफेशनल मेकअप का कोर्स भी कराया जाएगा। आरुषि के पिता नंद पांडे ने कहा कि घर की दहलीज से बाहर निकल कर बेटी स्वालम्बी बन रही है जिससे गर्व हो रहा है।

चतरा में भीषण गर्मी जारी

चतरा। जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, हालांकि आंशिक बादल छाए रहने से तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में फिर से वृद्धि होगी और अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। भीषण गर्मी और बिजली की आंख मिचौली से जिले वासी परेशान हैं। बुधवार को 45.7 डिग्री सेल्सियस तापमान था, जो गुरुवार को घटकर 43 डिग्री और शुक्रवार को 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि, तीन से साढ़े तीन डिग्री पारा गिरने के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रंजय कुमार सिंह का कहना है कि इस साल गर्मी का प्रकोप अधिक रहेगा और पिछले साल की तुलना में दो से तीन डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया जा सकता है।

केंदु पत्तों का कारोबार गरीबों के लिए कमाई का जरिया

चतरा। जिले में केंदु के पत्तों का कारोबार करोड़ों रुपये का है। यहां के गरीब लोग वनोपज पर निर्भर हैं और केंदु के पौधों को पैसे देने वाला पेड़ मानते हैं। केंदु के पत्तों को बेचकर गरीब अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। बीड़ी पत्ते का कारोबार झारखंड वन विकास निगम के अधीन है, लेकिन चतरा से बाहर के ठेकेदार वन विकास निगम की आड़ में लाखों का अवैध कारोबार भी करते हैं। वन विकास निगम ने बीड़ी पत्ता संग्रहण के लिए चतरा उत्तरी वन क्षेत्र के प्रतापपुर, हंटरगंज और कुंदा के जंगल को कई लॉट में विभाजित किया है। इस वर्ष निगम द्वारा बीड़ी पत्ता का दर 175 रुपए प्रति सैकड़ा पोड़ा निर्धारित है, लेकिन मजदूरों को कम दर पर भुगतान किया जा रहा है। महिला मजदूर तपती धूप में दिनभर जंगल में बीड़ी पत्ता तोड़ती हैं और फिर घर आकर उन पत्तों को सजाकर 52 पत्तों का एक पोड़ा बनाती हैं। एक मजदूर दिन भर में 100 से 150 पोड़ा ही बना पाते हैं।

चतरा लोकसभा सीटः मतगणना से पहले प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कनें, महागठबंधन और एनडीए के बीच कांटे की टक्कर

कड़ी सुरक्षा के बीच चार जून को 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

पंकज सिंह

चतरा। चतरा लोकसभा चुनाव का परिणाम की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 4 जून सोमवार की सुबह 8 बजे शहर के चतरा कालेज चतरा में शुरू मतगणना शुरू होगी। ऐसे में जैसे-जैसे मतगणना का समय नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के नेताओं कार्यकताओं की धड़कने बढ़ गई हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला महागठबंधन और एनडीए के बीच ही है, लेकिन सभी दलों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी जीत का दावा कर रहे हैं। महागठबंधन के केएन त्रिपाठी और एनडीए के कालीचरण सिंह के बीच कांटे की टक्कर होने की बात बताई जा रही है और मामूली वोटों से ही जीत-हार होने का अनुमान लगाया जा रहा है?। सोमवार दोपहर तक काफी कुछ तस्वीर साफ हो जाएगी। उम्मीदवार जहां मतदान के बाद चुनाव प्रचार की थकान मिटा चुके हैं, ऐसे में अब कुछ प्रत्याशी पूजा-पाठ कर अपनी जीत की दुआ भी मांग रहे हैं। इस बार पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा, ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला वोटर ही परिणाम को तय करेगी। प्रशासन मतगणना की तैयारियों में जोर-शोर से लगा हुआ है। पुलिस प्रशासन के द्वारा मतगणना स्थल को 3 जून की रात से ही पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया जाएगा। तीसरी आंख के जरिए भी मतगणना स्थल पर निगरानी रखी जाएगी।

परिणाम को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन सभी की निगाहें 4 जून के दिन होने वाली मतगणना पर ही टिकी हुई है। बताया जा रहा है कि दोपहर 12 बजे मतगणना के रूझान आ जाएंगे। जिससे यह पता चल जाएगा कि कौन आगे चल रहा है और कौन पीछे, किसकी क्या स्थिति है।

इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मोबाइल फोन पर रहेगा प्रतिबंध

मतगणना केंद्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेंट एवं निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केंद्र में इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मोबाइल फोन, स्मार्ट वाच, ईयरफोन, ब्लूटूथ आदि का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केंद्र में आने वाले अधिकारी, कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेंट अपने-अपने प्रवेश पत्र साथ रखें। अपने साथ मोबाइल फोन आदि अवांछित सामग्री या वस्तुएं लेकर न आए।

लूट-झूठ और नौटंकी छोड़ जनता को बिजली पानी मुहैया कराए राज्य सरकार : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा और गिरिडीह जिले में बिजली और पेयजलापूर्ति व्यवस्था की लचर स्थिति और इसकी वजह से आम लोगों को हो रही परेशानी के लिए राज्य सरकार को जमकर लताड़ा है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की बेशर्म सरकार की आंखों का पानी सूख चुका है और उनमें जनसमस्याओं के समाधान की ऊर्जा नहीं बची है। यही कारण है कि यह झूठी और लुटेरी सरकार न तो पेयजल की किल्लत के कारण जनता के सूखे कंठ की तकलीफ महसूस कर पा रही है, न बिजली की आंख मिचौनी के कारण जनता को हो रही परेशानी से इस सरकार को कोई मतलब है। उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया, कोडरमा, गिरिडीह आदि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे कोडरमा और गिरिडीह जिले में बिजली की आंख मिचौनी और अनियमित जलापूर्ति के कारण लोगों का जीना मुहाल है। दूसरी तरफ असंवेदनशील राज्य सरकार झूठ और लूट के कारोबार में व्यस्त है और जिम्मेवार महकमे के अफसर-कर्मचारी बेलगाम हैं, लोगों की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान लम्बी लम्बी हांकने वाले राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन के तमाम बयानवीर नेता पता नहीं किस बिल में जा छिपे हैं और जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है। जो सरकार जनता को पानी व बिजली सही तरीके से नहीं दे सकती, उसे रहने का कोई अधिकार नहीं है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे राज्य की तरह कोडरमा और गिरिडीह जिला भी प्रचंड गर्मी की चपेट में है। इस भीषण जानलेवा गर्मी में भी शहरी क्षेत्रों में मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों का हाल तो और भी बुरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सिर्फ छह से आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इस तपती गर्मी में खासकर बच्चे, बुजुर्ग व किसान परेशान हैं। शहर में बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को रात रात भर जागना पड़ रहा है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई ट्रांसफॉर्मर जले पड़े हैं। मगर कोई सुनने वाला नहीं है। स्थिति इतनी खराब है कि कई गांव महीनों से अंधेरे में हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर अधिकारी एसी चेंबर में बैठकर सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। पेयजलापूर्ति के मामले में भी भयंकर कोताही की जा रही है, जिससे कई इलाकों में हाहाकार मचा हुआ है। जिन इलाकों में पाइप से जलापूर्ति की व्यवस्था है वहां दो दो दिन के अंतराल पर अत्यंत छोटी अवधि के लिए जलापूर्ति हो रही है, जिससे सिर फुटव्वल की स्थिति बन जा रही है। खराब पड़े चापकलों की मरम्मत नहीं हो रही है। साधनहीन इलाकों में जन प्रतिनिधियों द्वारा टैंकर से जलापूर्ति का आग्रह किए जाने को विभागीय अधिकारी अनसुना कर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी आपूर्ति की यह अव्यवस्था आम जनता में आक्रोश बढ़ा रही है। अब उग्र आंदोलन के अलावा कोई विकल्प दिख नहीं रहा है। यदि 24 घंटे के भीतर बिजली-पानी आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़क पर उतरेगी और उससे उत्पन्न अव्यवस्था के लिए पूर्णतः राज्य सरकार जिम्मेवार होगी।

एक नजर में

मौसम ने ली करवट, मिली गर्मी से थोड़ी राहत

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कोडरमा में तेज धूप और लू के बढ़ते तापमान की वजह से लोगों का जीना बेहाल हो गया है। इधर भारी गर्मी में शुक्रवार को उमस भरी गर्मी का अहसास होने के साथ मौसम ने करवट ली है। धूप और बादलों के बीच मौसम सुबह से शाम तक बदलता रहा। इधर लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। वहीं तापमान में भी 2 डिग्री का गिरावट आई है। इधर 3-4 दिनों से लोग ऐसी कूलर और पंखों के बीच गर्मी से राहत पाने में लगे रहे। ऐसी का तापमान 18 और शहर का तापमान 42 डिग्री, शरीर कैसे करेगा बर्दास्त, एयर कंडीशनर अच्छा तो है पर इसका नुकसान भी है। वहीं एक सप्ताह में ऐसी और कूलर की बिक्री भी बढ़ी। वहीं भीषण गर्मी के बचाव को लेकर शहरवासी 10 से 15 घंटे ऐसी में समय गुजार रहे है। जबकि शहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस है ऐसे में 24 डिग्री का अंतर शरीर कैसे बर्दास्त करेगा, यह सोचने वाली बात है। ऐसी से निकलकर सीधे धूपों में जाते हैं तो कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसका असर सिर दर्द थकावट, बेचैनी और घबराहट होता है। इधर मौसम के करवट के बाद 1 जून को केरल में मानसून के प्रवेश की बात कही जा रही है, जबकि 5 जून को बंगाल में मानसून की दमदार एंट्री होगी, और इसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा और रिमझिम फुहारों से पारा गिरेगा।

बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, दायां पैर टूटा

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरडीहा चुआं पहाड़ी के समीप बाइक सवार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग का दायां पैर टूट गया। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य बिहार के मेसकौर थाना क्षेत्र के बेलवान निवासी 22 वर्षीय वीर भगत पिता राधे चौहान तथा 17 वर्षीय विकास कुमार पिता-श्रवण चौहान दोनों अपने बाइक से बासोडीह से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे एवं जाने के क्रम में उक्त युवकों ने चुआं पहाडी के समीप हॉट से पैदल अपने घर लौट रहे पोखरडीहा निवासी 60 वर्षीय राजेन्द्र राम पिता स्व. जगदीश राम को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते थाना प्रभारी विजय गुप्ता घटना स्थल पर पहुंच कर घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बताया जाता है कि टक्कर में बुजुर्ग का दायां पैर टूट गया है। इस घटना में बाइक पर सवार उक्त दोनों युवकों को भी हलकी चोटें आई हैं।

कार का दरवाजा अचानक खोलने से मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, मोटरसाइकिल सवार घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर रोड स्थित सुधा स्वीट्स के समीप शुक्रवार शाम करीब पांच बजे कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में बदडीहा निवासी 50 वर्षीय उपेंद्र बर्णवाल पिता छोटू बर्णवाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कार सुधा स्वीट्स के पास खड़ी थी, कार सवार ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया, जिससे कोडरमा बाजार की ओर मोटरसाइकिल कार में टकरा गई और मोटरसाइकिल सवार उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायल को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से यात्री परेशान

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कोडरमा रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर स्थित प्रवेश द्वार संख्या एक पर ई-रिक्शा व ऑटो चालक कतारवद्ध खड़े होने से न सिर्फ वाहन चालक व राजगीरों को परेशानी हो रही है, बल्कि कई बार यात्रियों को ट्रेन तक छूट जाती है। जबकि आरपीएफ, जीआरपी के जवानों को स्टेशन परिसर पर बराबर गश्ती करते देखे जाते हैं, लेकिन यात्रियों को हो रही इस समस्या की ओर ध्यान नहीं जाता। बताते चलें की स्टेशन के पूर्वी छोर स्थित यात्रियों के प्रवेश व निकासी के लिए दो द्वारा बनाए गए हैं और इन दोनों द्वार पर ई-रिक्शा चालकों की अपनी मनमानी चलती है। इन दोनों प्रवेश द्वार पर यात्री सवारियों को बैठने के लिए सुबह से शाम तक ई-रिक्शा चालक लाइन लगाकर कतारवद्ध खड़े कर निकास द्वार को जाम कर देते हैं। इससे ना सिर्फ यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि आम राहगिरो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं की शिकायत करने पर कई बार ई-रिक्शा चालक लड़ाई करने पर उतर जाते हैं। बावजूद आरपीएफ व जीआरपी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

2 किलो 200 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया अनुमंडल पुलिस ने शुक्रवार को 2 किलो 200 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर देवेंद्र मुंडा पत्थलगडा थाना क्षेत्र के सिमरातरी गांव का रहने वाला है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केसरी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति घर में अफीम छुपा कर रखा हुआ है और उसकी बिक्री करने के फिराक में है। सूचना के सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया और उसके घर की रसोई में टंगे दो प्लास्टिक बैग में रखा 2 किलो 200 ग्राम अफीम बरामद कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उससे पूछताछ के क्रम में मिली जानकारी के अनुसार अन्य पैडलरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर पर रामगढ़ थाना में आपराधिक मामला भी दर्ज है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन सिंह, एएसआई अरविंद कुमार रविदास सहित

कई कार्यालयों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सिविल सर्जन कार्यालय, जिला जनसंपर्क कार्यालय समेत अन्य कार्यालयों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया और तंबाकू उत्पादों के नहीं सेवन को लेकर शपथ दिलाया गया। वहीं सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि तंबाकू एवं इसके उत्पादों के सेवन से व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं, तंबाकू का सेवन या धूम्रपान की शुरूआत ज्यादातर किशोरावस्था या किशोरावस्था के आरम्भिक दौर में होती है, जो कि अक्सर युवा लोगों को आकर्षित करता है। धूम्रपान करने वाले माता-पिता के बच्चों में गैर ूम्रपान करने वाले माता-पिता के बच्चों से धूम्रपान करने की संभावना अधिक होती है। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रंजीत कुमार ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने वालों की संख्या भारत में बहुत ज्यादा है। एक रिसर्च के मुताबिक भारत में हर 9वां व्यक्ति किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करता है। कई लोग तंबाकू को खाते हैं तो कई लोग इसे स्मोकिंग के रुप में करते हैं। तंबाकू कई प्रकार की लाईलाज बीमारियों और हमारी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। वहीं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने तंबाकू एवं इससे बने उत्पादों के उपयोग पर नियंत्रण को लेकर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि तंबाकू के ज्यादा सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू में क्रोमियम, आर्सेनिक, बंजोपाइरींस, निकोटीन, नाइट्रोसामाइंस जैसे तत्व अत्ध्यधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा फेफड़ों का कैंसर, लिवर कैंसर, मुंह का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, हृदय रोग, इरेक्टाइल डिस्फंक्शन का जोखिम कई गुना तक बढ़ जाता है। जब आप तंबाकू या इससे बनें उत्पादों का उपयोग करने वाले दूसरे लोगों के संपर्क में नहीं रहते हैं तो इसका उपयोग छोड़ना आसान होता है। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार एवं जिला आरसीएच. पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि तंम्बाकू या इससे बने पदार्थ के उपयोग से सिर्फ उपयोग करने वालों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उनके आस-पास के लोगों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसलिए तंबाकू से बने उत्पाद जैसे सिगरेट, गुटखा, खैनी, गांजा आदि ऐसी किसी भी चीज का सेवन करने वालों के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। इसलिए इससे स्वंय को दुर रखनें व अपनें बच्चों पर सतत निगरानी रखनें की आवश्यकता है। जागरूकता हेतू हस्ताक्षर अभियान के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि तंबाकू के सेवन से न केवल व्यक्ति बल्कि संपूर्ण परिवार प्रभावित होता है। इससे दूर रह कर हम सशक्त परिवार और समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. रामाशीष चौधरी, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. सुनील कुमार मोदी, डॉ. शरद कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीपीसी पंकज कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री, दीपेश कुमार, सिद्धांत ओहदार, हिमांशु कुमार, शंभू कुमार, रवि शंकर, रेमिश हेम्ब्रम, गणेश कुमार दास, इंदिरा कुमारी, मुकेश राणा, ललन राणा समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

जिले में बढ़ती गर्मी और बहती तेज गर्म लू को लेकर जिला प्रशासन सजग

उपायुक्त ने नप झुमरीतिलैया, नपं कोडरमा, डोमचांच, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया व सभी बीडीओ को दिये कई निर्देश

- जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, उन क्षेत्रों में टैंकर से किया जा रहा है पानी की सप्लाई
- शिकायत मिलने पर खराब नलकूपों की हो रही मरम्मती
- भीषण गर्मी, लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए सावधानियां बरतें
- जिलेवासियों से उपायुक्त ने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में बढ़ती गर्मी और बहती तेज गर्म लू को लेकर जिला प्रशासन सजग है। बढ़ती गर्मी के दौरान आमजनों को होने वाले पेयजल की समस्या का निदान, चापानल मरम्मती कराने और आमजनों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया व सभी बीडीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में सभी नगर निकाय क्षेत्रों में जगह-जगह शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी है और जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, उन सभी क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। प्री मानसून को लेकर शहरी क्षेत्रों में नालों व अन्य स्थानों की साफ-सफाई की जा रही है। साफ-सफाई कार्य में लगे सफाईकर्मियों के लिए सत्तू व ओआरएस घोल की व्यवस्था की

गयी है। इसके अतिरिक्तनगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत बरसोतियाबर स्थित आश्रय गृह में आमजनों के लिए गर्मी से बचाव के लिए उचित व्यवस्था किया गया है। आश्रय गृह में आमजनों के लिए शीतल पेयजल, सत्तू और ओआरएस घोल की निःशुल्क व्यवस्था किया गया है, ताकि इस तपती हुई गर्मी में आमजनों को राहत मिल सके। इतना ही नहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा खराब चापानल को मरम्मती किया जा रहा है, ताकि आमजनों को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या का सामना करना न पड़े। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निदान और नलकूपों की मरम्मती को लेकर उपायुक्त के निर्देशानुसार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है।

इन नंबरों पर किया जा सकता है संपर्क, आपकी समस्या का होगा निदान : उपायुक्त

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला नियंत्रण कक्ष अंतर्गत कोडरमा, डोमचांच, सतगावां प्रखंड के लिए 7903724526 और चंदवारा, जयनगर, मरकच्चो के लिए 9835930450 मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अधीन निम्नलिखित दुरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

उपायुक्त का जिलेवासियों से अपील, भीषण गर्मी को देखते हुए अनावश्यक घर से बाहर न निकलें

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी, लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए सावधानियां बरतें। ओआरएस का नियमित सेवन करें। इसके अतिरिक्त नमक-चीनी का घोल, तरबूज, खरबूजा, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, खीरा, लस्सी, ककड़ी इत्यादि का भी सेवन करें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें, यदि संभव हो तो तौलिया, रूमाल अवश्य रखें। अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी व शिकायत हेतु 24 गुणा 7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें।

शिकायत का निस्तारण हेतु संपर्क सूत्र

जयनगर प्रखंड के लिए 7033773207, चंदवारा प्रखंड के लिए 8969448444, मरकच्चो प्रखंड के लिए 8084416065, नगर परिषद् झुमरीतिलैया के लिए 7352463445, डोमचांच प्रखंड के लिए 9891265309, सतगावां प्रखंड के लिए 7250105348 और कोडरमा प्रखंड के लिए 9471329527 शामिल हैं। चापानल खराब होने पर उक्त संपर्क नंबरों पर शिकायत कर सकते हैं। आपकी शिकायतों पर त्वरित गति से कार्य करते हुए शिकायत का निस्तारण किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

बजरंग दल के कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल के कार्यकर्ता रमेश कुमार उर्फ बबलू जी ने बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता की रमेश कुमार ने अपने जीवन काल में 13 वीं बार रक्तदान किया है `बजरंग दल का हर युवा राष्ट्र हित और समाज हित के कार्यों में हमेशा तत्पर।

जारी में अजमत ए वलीदैन्न कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

जारी। जारी प्रखण्ड के गोविंदपुर में गुरुवार रात को अजमत ए वलीदैन्न कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश से आए खानवादे रब्बानिया के सैय्यद अरसद रब्बानी साहब और बांदा सरीफ उत्तर प्रदेश से सैय्यद अमीर मसूदी शामिल हुए। जिनका जोरदार तरिके से गोबिंदपुर के मुस्लिम भाइयों ने फुल माला और नारा से इस्तकबाल किया जो की रात भर नात सरिफ और तकरीर किया। जिसमें काफी सांख्यावो में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग मौजुद रहे और जलसा का लुत्फ उठाया। वहीं नेकाबत के रूप में जमाल अख्तर साहब पलामू से और सायर के रूप में अरसद राजा बनारसी जिन्होनें रात भर दीनी इस्लाम के बारे में संबोधित किया। वही मौके पर नासिर खान, नेयामत खान, जाकिर खान, नसीब खान, लालखान, हसन खान, रहीम अंसारी उपस्थित थे।

निशुल्क समर कैंप का होगा आयोजन

गुमला। स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है । स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सह झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह-सचिव सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि गुमला जिला के बहुत प्रतिभावान खिलाड़ी अंधेरे में छिपे हुए है? जिन्हे इस ग्रीष्मकालीन छुट्टी पर हर वर्ष की तरह सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जो 2 जून से 9 जून तक परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा।

तंबाकू का सेवन नहीं करने का लिया शपथ

गुमला। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डुमरी थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने शपथ ग्रहण किया ?। पुलिस निरीक्षक चैनपुर अंचल के उपस्थिति में डुमरी थाना के थाना प्रभारी एवं साथ में थाना के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी एक साथ तम्बाकू नहीं सेवन करने का शपथ लिया गया और अपने आस पास के नागरिकों को भी तम्बाकू नहीं सेवन करने को लेकर जागरूक किया।

जांच शिविर का हुआ आयोजन

घाघरा। सीएचसी घाघरा में शुक्रवार को मिर्गी बीमारी की जांच को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के अलावे बिशनपुर सिसई सेन्हा सहित कई अन्य प्रखंडों से मरीज शामिल हुए। दिल्ली एम्स से आई डॉक्टर ममता भूषण सहित उनके चार डॉक्टर की टीम द्वारा जांच की गई और निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

तम्बाकू निषेध दिवस पर बीडीओ ने कर्मियो को दिलाया शपथ

शपथ लेते कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सभी कर्मियो को अपने माता-पिता व अन्य परिजनों को जीवन भर तम्बाकू का किसी भी रूप में सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा एवं घातक बीमारियां होती है। इसमें हमारे युवा साथी असामयिक मौत के मुंह मे चले जाते है। इसलिए हमें ऐसी घातक तथा नशीली वस्तुओं के सेवन से बचना चाहिए, उन्होंने सभी कर्मियो एवं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि तम्बाकू तथा नषीली वस्तुओं का खुद भी सेवन न करें तथा अपने बच्चों को भी उनसे दूर रहने की सलाह दे जिससे कि हमारी युवा पीढ़ी स्वस्थ एवं निरोग रहने के साथ-साथ कैंसर जैसी घातक बीमारी से दूर रहें। इस अवसर पर बिपिओ अभिषेक किशोर,नितेंदर कुमारी,धर्मदास भगत,नवप्रभात कुजूर, बिरसमूनी कुमारी, आदि उपस्थित रहें।

तंबाकू के सेवन से विभिन्न प्रकार की समस्यायें हो सकती: डीसी

विश्व तंबाकू दिवस पर उपायुक्त ने जिले के पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलाया शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अगुवाई में जिले के सभी पदाधिकारी व कर्मी समाहरणलाय स्थित सभागार में एकत्रित होकर धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों के सेवन न करने का संकल्प लिया। सभी ने शपथ लिया कि मैं अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करूंगा एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। इसके अलावा मैं अपने पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने मे योगदान करूंगा। पदाधिकारी व कर्मियों को उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि धूम्रपान सहित अन्य तम्बाकू उत्पादों से दूर रहें ।साथ ही उन्होंने पदाधिकारी व कर्मियों को कहा कि अपने परिजनों सहित आस पड़ोस के लोगों को भी धूम्रपान व तम्बाकू का सेवन से बचने की सलाह दें। इस दौरान उपायुक्त ने जिले वासियों से तंबाकू के सेवन ना करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से न केवल विभिन्न शारीरिकी समस्या बल्कि कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती हैं। अतः सभी जिले वासी ना स्वयं तंबाकू का सेवन करने और न ही किसीको करने दें। शपथ ग्रहण समारोह में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्थान उप समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को शपथ दिलाते उपायुक्त

चट्टी गांव में जिला परिषद से लगा सोलर जलमीनार डेढ़ वर्षो से है खराब

ग्रामीणों ने उपायुक्त से बनवाने का किया मांग

खराब सोलर जल मीनार के साथ ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के आदर पंचायत स्थित चट्टी गांव में जिला परिषद विभाग से लगा सोलर जलमीनार डेढ़ वर्षो से खराब पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने गुमला उपायुक्त से उक्त सोलर जलमीनार को बनवाने का मांग किया है। इस आशय की जानकारी ग्रामीणों ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि जिला परिषद विभाग से घाघरा मुख्यालय के एक ठेकेदार द्वारा उक्त सोलर जल मीनार को विगत ढाई वर्ष पूर्व लगाया गया था। लेकिन 1 वर्ष बाद से उक्त सोलर जलमीनार खराब पड़ी हुई है। कई बार ठेकेदार और विभाग को मौखिक तौर पर उक्त सोलर जलमीनार बनवाने की बात कही गई।वही ठेकेदार द्वारा सिर्फ झूठ बोला गया बना दिया जाएगा।लेकिन अब तक नही बना।हम सभी ग्रामीणों के लिए पानी की समस्या काफी बड़ी है।गांव में उक्त सोलर जल मीनार के अलावा पानी के लिए कोई साधन नहीं है। गांव से दूर में कुआं और दाढ़ी का पानी ग्रामीणों द्वारा लाकर उपयोग किया जाता है। खासकर इस तपती गर्मी में काफी दिक्कत हो रही है। क्योंकि लंबी दूरी तय कर पानी काफी मशक्कत से लाना पड़ता है।

भीषण गर्मी से फटा पीसीसी पथ, लोगो में हो रही है चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। पूरा राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की मार झेल रहा है जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं प्रखंड के हनहट पंचायत ग्राम स्थित अंसारी मुहल्ला में अजीबोगरीब दृश्य दिखाई पड़ा। 42 डिग्री पारा में ही इंसान तो इंसान निर्जीव चीजों में भी इसका असर होने लगा है। भीषण गर्मी से हनहट अंसारी मुहल्ला में बने पीसीसी सड़क फट गया और अपने मूल स्थान से करीब 6 से 8 इंच ऊंचा उठ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक से सड़क किसी ज्वालामुखी फटने की तरह ऊपर उठा और उसके अंदर से असहनीय गर्मी का भांप उठने लगा जिसके बाद इस सड़क से लोगों ने आना जाना बंद कर दिया। जिसके बाद स्थानिए लोगों के द्वारा शुक्रवार को ट्रेक्टर चलाकर दबाने का प्रयाश किया गया। मामले को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह तरह की चर्चा बनी हुई है, हालांकि गांव का मामला होने के कारण बहुत प्रचार नहीं हो सका है। किंतु ग्रामीणों में एक अजीब सी भय बनी हुई है। ग्रामीण साह जुलकार नैन, अमूर अंसारी, सरफराज आलम इत्यादि लोगों ने मिलकर बनाने का काम किया।

पीसीसी पथ में पड़ा गड्ढा और दरार

विज्ञान केंद्र बन रहा है वैज्ञानिक ज्ञानाधार का केंद्र

गुमला सहित विभिन्न जिलों से भी आ रहें विद्यार्थी

बच्चे को सम्मानित करते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला जिले में एक नई गतिवधि की शुरूआत हुई 'सिकछा कर भेंट' इस गतिवधि का मुख्य उद्देश्य है कि जिले में शिक्षा के के विभिन्न श्रोतों को दुरुस्त करना साथ की जिले में शिक्षा व्यवस्था को एक नई उड़ान देना है। इसी क्रम में गुमला में पूर्व में बने विज्ञान केंद्र के नवीनीकरण के पश्चात जिले में एक वैज्ञानिक लहर देखने को मिल रही है, जिसमें गुमला ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से भी विद्यार्थी इस विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ज्ञानाधार का हिस्सा बन रहें हैं। एवं नन्हें विद्यार्थियों में भी वैज्ञानिक बनने की इच्छा प्रबल देखने को मिल रही रही है। पिछले दिनों जिले के विज्ञान केंद्र में 3 दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। इस समर कैम्प में गुमला सहित हजारीबाग, रांची, लोहरदगा सहित विभिन्न जिलों से भी 8 से 16 वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस बीच गुमला जिले के एक नन्हें वैज्ञानिक ने समर कैंप में भाग लिया एवं समर कैंप के अंतिम दिवस में उन्होंने स्वयं रोबोट का निर्माण कर उपायुक्त को दिखाया जिसे देख उपायुक्त भी आश्चर्यचकित एवं प्रभावित नजर आए।

ऐतिहासिक होगा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला के हरमू पंचायत लिंगेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण में एवं अरेया पंचायत में मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली के पदाधिकारी द्वारा बैठक की गई। जिसमें आगामी 4 जून को होने वाली कलश यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया।जिसमें बतलाया गया कि मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाने हेतु अनेकों जगहों में बैठक की जा रही है। जिसमें मताएं बहाने राम भक्तों को बतलाया जा रहा की 4 जून दिन मंगलवार को सुबह 5:30 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है।

बैठक में शामिल लोग

बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं शहर से गांव तक लोग

पीएचडी विभाग कुंभकर्णी निंद्रा में सोयी है जाने

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला ने जिले भर में पेयजल संकट से जूझ रहे आम लोगों को पीने का पानी जल्द उपलब्ध कराने की मांग राज्य सरकार व गुमला उपायुक्त से की है। दल ने यह भी कहा है की बूंद बूंद पानी के लिए लोग शहर से लेकर गांव तक तरस रहे हैं। वहीं स्वच्छता व पेयजल प्रमंडल गुमला के कार्यपालक अभियंता व विभाग कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है जिसे झारखंड नवनिर्माण दल बर्दाश्त नहीं करेगी। गुमला जिला में पेयजल संकट का कारण है जलमीनार योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार है। जैसे तैसे जल मीनार बना दिया जा रहा है। लोग इस भीषण गर्मी में पीने का पानी के लिए परेशान हैं। दल ने कहा है कि बिशुनपुर प्रखंड के चिंगरी नवाटोली गांव में आधे से अधिक पेयजल टंकी खराब पड़े हैं और रखरखाव के अभाव में पेयजल टंकी से कोई लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

गिलहरी के तीन बच्चों को जीवन दान दिया है वीरेंद्र वर्मा व उनकी पुत्रियों ने

प्रसिद्ध लेखिका महादेवी वर्मा के गिल्लू की कहानी को जीवंत किया है वीरेंद्र वर्मा ने

दीपक राम काजू

गुमला। महादेवी वर्मा की प्रसिद्ध रचना गिल्लू की कहानी एक बार फिर से जीवंत हो उठी है। गिल्लू की कहानी से महादेवी वर्मा जीवन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करते हुए समाज के सामने प्रस्तुत किया था। गिल्लू यानी गिलहरी की कहानी हम चौथी या पांचवी कक्षा में पढे होंगे। इसी गिलहरी की कहानी को समाज के समक्ष एक बार फिर से प्रेरणादायी बना दिया है रांची निवासी विरेंद्र वर्मा और उनकी पुत्रियों ने। हुआ यूं कि उनके घर के दीवाल पर एक गिलहरी ने तीन बच्चों को जन्म दिया था। भीष्म गर्मी या किसी अन्य कारणों से गिलहरी की मौत हो गई और दीवार से उसके तीन नवजात बच्चे घर के फर्श पर गिर पड़े। गिरे हुए गिलहरी के बच्चों पर वीरेंद्र वर्मा की नजर पड़ी। उसे वे सुरक्षित उठाकर अपने शयन कक्षा में ले गये। जहां वे लगातार बच्चों की देखभाल कर रहे हैं और उनको प्रत्येक दिन ड्रॉप से दूध भी पिला रहे हैं। हालांकि गिलहरियों के बच्चे की आंखें अभी नहीं खुली है। चार सप्ताह के बाद गिलहरी के बच्चों की आंखें खुलेगी तो वह अपने घोंसले पर शायद वापस लौट जाएंगे। परंतु इस बीच की प्रक्रिया में इंसान व पशुओं के बीच जो प्रेम की कहानी है वह स्पष्ट रूप से झलक रहा है। वर्तमान समय में देखे तो लोग एक दूसरे को नीचा दिखाने, मरने मारने, गलत चीजों में फंसाने, छोटी-छोटी बातों में विवाद करने पर उतारू रहते हैं और इंसानियत की परिभाषा को बदल कर रख देते हैं। ऐसी स्थिति में गिलहरी के बच्चों को जीवन दान देते हुए वीरेंद्र वर्मा उनकी पुत्रियों ने समाज के सामने मानवता की एक नई परिभाषा गढ़ाने का प्रयास किया है। शायद उनका यह प्रयास सभी लोग समझ ना पाए लेकिन पढ़े लिखे लोगों के सोच को परिवर्तन करने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम हो सकती है। अभी गिलहरी के तीन छोटे बच्चे धीरे-धीरे पग बढ़ाना आरंभ किए हैं। जल्दी ही बड़े होकर अपने जीवन में प्रवेश कर जाएंगे। लेकिन समाज में उनका यह कार्य कितने लोगों का हृदय परिवर्तन कर पाएगा यह तो वक्त ही बता पाएगा।



ड्रॉप से गिलहरी के बच्चों को दूध पिलाते वीरेंद्र वर्मा व गिलहरी के तीन छोटे बच्चे

- भीष्म गर्मी या किसी अन्य कारण से गिलहरी के बच्चों की मां की हो चुकी थी मौत
- वीरेंद्र वर्मा प्रतिदिन तीनों गिलहरी के बच्चों को ड्रॉप से दूध पिलाकर रखे हैं जीवित
- वीरेंद्र वर्मा का यह कार्य समाज में इंसानियत को जीवित रखने में साबित होगा प्रेरणादायी

खबर एक नजर में

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में नामांकन शुरू कराने का मिला निर्देश

लोहरदगा। सदर प्रखण्ड में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 अंतर्गत कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में नामांकन लिया जाना है। विद्यालय में वैसे ही बालकों का नामांकन लिया जाएगा जो अनाथ या एकल अभिभावक वाले बच्चे होंगे या बिना अभिभावक सुरक्षा वाले बच्चे या ऐसे बच्चे जिनका कोई घर नहीं है या ऐसे बच्चे जिनके गाँव/टोला में कोई सरकारी विद्यालय पहले में मौजूद नहीं है या नक्सली गतिविधियों में मारे गए माता-पिता के बच्चे या मानव तस्करी गतिविधियों घर से भागे हुए बच्चे / काम करने वाले मजदूरों के बच्चे / अन्य बाल मजदूर होटल, गैरेजों में काम करने वाले बाल मजदूर/ शहरी अभिर्वंचित बच्चे या आदिम जनजाति परिवार के बच्चे या कोरोना काल में बच्चे के माता-पिता के मृत्यु होने वाले बच्चे हों। इस संबंध में नीलम आईलिन टोप्पो, लोहरदगा द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को नामांकन हेतु नाम भेजे जाने का निर्देश दिया है।

मनरेगा से संचालित योजनाओं का बीडीओ ने जाना हाल

कैरो। प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने सढ़ाबे पंचायत के विभिन्न गांव में चल रहे मनरेगा सहित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसके तहत सढ़ाबे, डुमरटोली, टाटी, खरता सहित अन्य गांव में चल रहे सिंचाई कूप, आवास, नाली सहित योजनाओं का निरीक्षण करते हुए बागवानी में जलकुंड का निर्माण, कुँवा के पास कुम्बा, फास्टएड का सामान, पानी की व्यवस्था करने सहित अन्य दिशा निर्देश देते हुए बरसात के पूर्व काम को पूरा करते हुए काम काम की गुणवत्ता में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं करने की बात कही। मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, मुखिया सुमित्रा उरांव,पंचायत सचिव जग्गू उरांव, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान जनसेवक इत्यादि मौजूद थे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलायी गई शपथ

लोहरदगा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जीवन में कभी भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने, इसके लिए अपने परिजनों, मित्रों एव परिचितों को प्रेरित करने और पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होनेवाले दुष्प्रभावों से बचाने में योगदान करने की शपथ दिलायी गई। इसी प्रकार उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय परिसर में शपथ दिलायी गई।

विश्व तंबाकू दिवस कार्यक्रम आयोजित

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में विश्व तंबाकू दिवस कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड सह अंचल कर्मियों को तंबाकू सेवन नही करने के लिये शपथ दिलाया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि तंबाकू जानलेवा नशा है। जिसके चपेट में आज युवा,नवजवान और बुजुर्ग हैं। तंबाकू सेवन से प्रत्येक दिन सैकड़ो लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं। जिसके कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से 31 मई को तंबाकू दिवस का आयोजन किया जाता है। आज हम सभी लोग शपथ लेकर प्रतिज्ञा करेंगे कि न तंबाकू का सेवन करेंगे और न ही किसी को तंबाकू का सेवन करने देंगे साथ ही कहा कि कोई भी नशीला पदार्थ मानव जीवन के लिये हानिकारक है। जिसे दूर रहना चाहिये। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,जेई संजीत कुमार, तनु कुकरी,पंचायत सचिव गुहा उराँव, आरती चेरमाको,अजय वर्मा,डॉली तिर्की, राहुल तिवारी सहित अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

मादक पदार्थों पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर 19 जून से चलेगा अभियान

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने को लेकर आवश्यक बैठक संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई। बैठक में आगामी 19 जून से 26 जून 2024 तक लोहरदगा जिला में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कार्ययोजना बना कर अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इसमें समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, डालसा, उत्पाद विभाग, पंचायती राज विभाग, खेल विभाग, जेएसएलपीएस, भारत स्काउट एवं गाईड, नेहरू युवा केंद्र, एलजीएसएस समेत अन्य विभागों एवं संस्थानों के सहयोग से एक वृहद अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया और अभियान को सफल बनाये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की रोकथाम की जानकारी दी गई।

जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण रोकवाने के लिए पीड़ित ने लगायी एसपी से गुहार

भंडरा। थाना क्षेत्र के अम्बेरा हाटी गांव निवासी गरीब मजदूर शशि महतो व उसकी पत्नी कलावती देवी अपनी रैयती जमीन को बचाने के लिएं दर दर भड़क रही है। स्थानीय पंचायत से लेकर भंडरा थाना में दो बार गुहार लगाने पर अभी तक गरीब मजदूर की मदद किसी ने नहीं की। अतः अंत में शशि ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रूकवाये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है और आवेदन सौंपकर अतिशीध्र कार्य रोकवाने की मांग किया।एसपी को दिये गये ज्ञापन में पीड़ित शशि महतो ने बताया कि हाटी गांव के मेरे रैयती जमीन खाता नम्बर 45,प्लॉट नंबर 264, भूमि का समझौता व बंटवारा हुआ है मेरे उक्त रैयती जमीन पर गांव के ही अक्लू महतो जबरदस्ती मकान निर्माण कर रहे। इस पर आपत्ति जताते हुए हमने काम रोकने को कहा लेकिन इसके बावजूद भी वे नहीं माने तो थाना में आवेदन देकर मदद मांगी । लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्याय के लिए हमने अनुमंडल न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया। वर्तमान में मामला विचाराधीन है, बावजूद इसके विरोधी अपना निर्माण कार्य तेजी से करा रहे है। पीड़ित शशि महतो ने बताया कि भंडरा थाना में दो बार आवेदन दिया।

वैध सहायक के देहांत पर शोक

भंडरा। आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र मक्का में पदस्थापित वैध सहायक विनोद भगत का हृदय गति रुकने के कारण 29 मई को भंडरा बड़ागाई स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र में निधन हो गया। विनोद भगत फिलहाल बड़ागांई चिकित्सा केंद्र प्रतिनियुक्त थे। उनके असामयिक निधन पर चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार व अन्य चिकित्सा कर्मियों ने शोक व्यक्त किया है।

लापता युवक का शव बरामद

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के परहाटोली गांव के बगीचे से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मुंडा टोली निवासी विमल संदीप खलखो उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया की युवक बुधवार को ही अपने घर से निकला था। जिसके बाद से वो घर नहीं लौटा था। परिजन अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इधर शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने परहाटोली के आम बगीचे में शव को देखा। जिसके बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने उसकी पहचान की। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

नाली में जमे कचरे के मामले को प्रमुखता से उठाने के बाद नगर पंचायत रेस, शहर के विभिन्न जगहों में कर रही है साफ-सफाई

लातेहार शहर के नालियों में गंदगी का लगा अंबार, नगर पंचायत साफ-सफाई के मामले में फेल

शहर के नाली का स्थिति को देखकर ऐसा लगता है मानो नगर पंचायत को नहीं है कोई मतलब

खबर मन्त्र असर

मेन रोड स्थित मुहल्ला में किया गया सफाई।

मेन रोड स्थित सफाई करते नपं कर्मी।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। नगर पंचायत ने खबर प्रकाशित होते ही शहर के विभिन्न नालियों की साफ-सफाई करवाया। ज्ञात हो कि खबर मन्त्र में शक्रवार को प्रकाशित खबर में लातेहार शहर के नालियों में गंदगी का लगा अंबार, नगर पंचायत साफ-सफाई के मामले में फेल शीर्षक नामक खबर को प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद शुक्रवार को ही प्रातः काल से विभाग रेस हो गई और शहर के विभिन्न वार्डो, मेन रोड स्थित विभिन्न मुहल्ला, अम्बाकोठी, बानपूर में फैले कचरे को व नाली में जमे कचरे की साफ-सफाई का काम जारी कर दिया, अभी भी शहर कई स्थान बचे हुए है उम्मीद है कि बारिश से पहले सभी जगहों पर नाली की साफ सफाई कर दी जाएगी। वहीं इस कार्य के लिए लातेहार के जनता ने नगर पंचायत को धन्यवाद दिया है। ज्ञात हो कि कई नालियों में स्लेप और कई जगह पर नाली की है आवश्यकता है जनता ने इसे जल्द पुर्ण करने की बात कही है। अगर नाली में स्लेप लग जाता है तो नाली में कचरा नहीं जाएगा और कचरा जाम नहीं होगा और कहीं कहीं तो नाली की आवश्यकता है जिस कारण भी सड़क में ही जलजमाव हो जाता है। जिससे राहगिरों को परेशानी होती है और दुर्गंध भी देने लगता है फिर बाद में उस रास्ते से आना जाना मुश्किल हो जाता है।

लोकसभा चुनाव : जिले में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित

मतदाताओं, मतदान कर्मियों व सुरक्षा बलों का उपायुक्त ने जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

डीडीसी को सम्मानित करते डीसी व एसपी।

लातेहार। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत लातेहार जिले में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा गया कि लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर पांचवे चरण में 20 मई को लातेहार जिले में मतदान प्रक्रिया सफलता पूर्वक एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। ऐसे में सभी मतदाताओं, अधिकारियों, कोषांग के सभी कर्मियों, मतदान कर्मियों, सभी सुरक्षा बलों, पुलिस बल अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को आभार और धन्यवाद। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा, जिसके कारण चुनाव के सारे कार्य शांति पूर्वक माहौल में सम्पन्न हुआ। इसके लिए आप सभी की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम ही है। इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, मतदान कर्मी एवं निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लातेहार विधानसभा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा कर्मी को धन्यवाद दिया। सम्मान समारोह में चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

दो चौकीदार हुए सेवानिवृत सम्मान के साथ दी गई बिदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी राजा दिलावर सहित अन्य थाना परिवार की उपस्थिति में सेवानिवृत चौकीदार ईश्वरी मांझी व जगरनाथ पासवान को सम्मान के साथ बिदाई दी गई। सेवानिवृत चौकीदार ईश्वरी मांझी व जगरनाथ पासवान ने बताया की नक्सलीयों के जनाधार के समय से हमलोग सयम से काम किये। साथ ही पुलिस को हमेशा मदद किए। चुनौती भरे कार्यकाल को साझा किया। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कहा आप दोनों अपने अपने कार्य का जिम्मेदारी पूर्ण निर्वहन किए है। एक न एक दिन सभी को सेवानिवृत होना पड़ता है।

जगरनाथ पासवान 1990 से लगातार विभाग में अपने जिम्मेवारी का पूरा ईमानदारी के साथ काम किए। ईश्वरी मांझी 1994 से अपने ड्यूटी में रहे। थाना परिवार ने दोनों को फूल माला व सॉल देकर सम्मानित किया। दोनों सेवानिवृत चौकीदार भावुक हो हो गए. मौके पर पुअनि राजकिशोर प्रसाद,संतोष पाठक,सअनि नीरज दुबे,आरक्षी संजय कुमार मंडल सहित सभी थाना परिवार मौजूद थे।

पिकेट प्रभारी की मिली भगत से हो रहा है अवैध उगाही

खबर मन्त्र संवाददाता

ट्रक चालक से पैसा लेते युवक।

बालूमाथ। सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलयरी के कई स्थानों पर पिकेट प्रभारी के मिली भगत से अवैध उगाही धड़ले से जारी है। ट्रक चालक प्रेम कुमार सिंह ने बताया चमातू ग्राम के बैरियर नंबर 9 के पास 400 प्रत्येक ट्रकों से जबरन ली जाती है। वहीं चमातू ग्राम के काटा नंबर 15 एवं 16 में प्रत्येक ट्रक से 300 रुपये ली जाती है। जिसमें आमारवाड़ी के पिकेट प्रभारी को प्रत्येक ट्रक से 100 रुपये बंधी बंधाई नजराना मिलता है। चमातू एवं आरा में प्रत्येक दिन लगभग 250 से 300 ट्रक का प्रवेश होता है और इस तरह देखा जाए तो लगभग प्रत्येक दिन ट्रकों से लगभग 70 से80 हजार रुपये तक की अवैध उगाई की जाती है और उसमें से 20 से 25 हजार रुपया प्रत्येक दिन पिकेट प्रभारी को मिलता है। वहीं चमातू ग्राम में हो रहे अवैध उगाही एक नेता के इशारे पर पिछले आठ दिनों से बंद था। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त नेता के कहने पर हम लोगों ने उसके पार्टी में वोट नही दिया। इसलिए वह पुलिस से मिलकर बंद करा दिया। पुनः शुक्रवार को वही नेता द्वारा यह करते हुए चालू कराया कि अगले बार हम जहां कहेंगे वहां वोट देना होगा। बहरहाल जो भी हो चमातू ग्राम में आए दिन कभी राजनीति को लेकर तो कभी अवैध उगाही को लेकर सुर्खियों में रहा है। जबकि आरा ग्राम में निरन्तर अवैध उगाही चालू है और इस पर सीसीएल प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन चुपी साधे हुए हैं जो कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है। वहीं संबंध में पिकेट प्रभारी पवन कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पहले अवैध उगाही होता था। मेरे आने के बाद अवैध उगाही को बंद कर दिया गया। पुलिस को बदनाम करने के लिए लोगों द्वारा इस तरह का झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

एक नजर में

बालूमाथ-शेरेगड़ा मुख्य पथ 15 वर्षो से बदहाल

जर्जर सड़क।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना चौक एनएच 22 से होकर शेरेगड़ा-जरी जाने वाला मुख्य मार्ग जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और गिट्टी निकली हुई है। जिस कारण मोटरसाइकिल से भी चलना दूभर हो गया है। लोग आए दिन गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लगभग 15 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यू विभाग से बनाया गया था। इस सड़क से नगड़ा, बेलवाड़ीह, जरी, आरा, चमातू, गनेशपुर समेत कई गांव के लोगों का आना-जाना होता है। लेकिन सड़क की ऐसी हालत होने के कारण लोग दो किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर ट्रांसपोर्टिंग सड़क से होकर बालूमाथ आते हैं। जिसमे कई बड़े वाहन चलने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। सड़क बनाने को लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा लातेहार विधायक बैजनाथ राम, लातेहार उपायुक्त, जिला परिषद उपाध्यक्ष को आवेदन दिया गया है। उसके बावजूद सड़क नहीं बनाया जा रहा है जिस कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि सीसीएल के सीएसआर मद से इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराया जाए।

लातेहार के महिला डिग्री कॉलेज में नामांकन शुरू

लातेहार। जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित महिला डिग्री कॉलेज में सत्र 2024- 28 हेतु यू.जी सेमेस्टर -1 को लेकर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। इस संबंध में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ विमल कुमार सिंह ने बताया कि महिला डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया शुरू है। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्राएं चांसलर पोर्टल के माध्यम से हिंदी,अंग्रेजी, इतिहास,राजनीति विज्ञान, भूगोल तथा वाणिज्य विषयों में नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज में नामांकन हेतु आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। बता दे कि पिछले वर्ष 14 फरवरी 2022 को राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने धर्मपुर स्थित महिला डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया था। जिसके बाद जिले के छात्रों में आस जगी थी कि जल्दी नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, दो साल बाद डिग्री कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई है, जिससे जिले के विद्यार्थियों में काफी उत्साह है।

डेढ़ टन कोयला लोड ट्रैक्टर के साथ चालक धराया, गया जेल, जांच में जुटी पुलिस

चंदवा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस ने अभियान चलाकर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाटोली गांव के समीप से अवैध कोयला लदी एक ट्रैक्टर जब्त करने में सफलता पाई है। इस मामले में ट्रैक्टर का चालक सह मालिक दशरथ महतो पिता प्रेमा महतो नवाटोली चकला को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद चकला पंचायत अंतर्गत पुरनाटोली गांव के समीप शुक्रवार की तड़के छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में ट्रैक्टर में अवैध कोयला ले जाते चालक दिखा। उससे कोयला संबंधी कागजात मांगे गए तत्काल वह किसी प्रकार का कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर व कोयला जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वाहन में करीब डेढ़ टन कोयला लदा था। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 65/24 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस कोयला संबंधी अन्य जानकारी चालक से जुटा रही है। छापामारी अभियान में पुअनि पूरन सिंह समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

टोरी रेलवे फाटक पर वाहन चालकों की मनमानी से लग रहा है भारी जाम

फाटक खुलने के बाद पार करने को लेकर मचती है होड़, हमेशा बनी रहता है दुर्घटना की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

वाहनों को सुव्यवस्थित खड़ा करने व जाम से निपटने की नही होती है कोई प्रशासनिक व्यवस्था

जाम में फंसे लोग।

इधर मिनट दर मिनट लगने वाले जाम की स्थिति से रेल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन दोनों भली भाती अवगत है। कई मर्तबा वे खुद इस प्रकार के जाम में फंसते हैं, बावजूद इसके रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम के दौरान वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा कराया जाए, इसी ओर किसी का ध्यान नही है। ऐसे में अक्सर वाहन चालक अपनी मनमर्जी करते देखे जाते हैं, जिस कारण लगातार विवाद भी हो रहा है। स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन जिला प्रशासन से रेलवे फाटक पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

चंदवा। बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर चार पहिया व भारी वाहन के चालकों के आपाधापी व मनमाने रवैये से लोग परेशान हैं। रेलवे फाटक के बंद होने के बाद एनएच-22 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग होते आवागमन करने वाले बड़े वाहनों के चालक अपने वाहनों को फाटक के दोनों छोर पर जैसे तैसे खड़ा कर दे रहे हैं, जिस कारण दोनो साइड आड़े तिरछे खड़ी वाहनों की लंबी लाइन लग जा रही है। फाटक खुलने के बाद पहले पार करने की होड़ मच जाती है व दोनों साइड से वाहन रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच आमने-सामने हो जा रहे हैं। जिस कारण रेलवे ट्रैक पर काफी देर तक जाम की स्थिति बन जा रही है। दोनो छोर के वाहन चालक खुले आम नियमो की अनदेखी कर पहले पार करने व पीछे नही हटने की जिद पर अड़े रहते हैं जिस वजह कई बार विवाद व तू-तू, मैं-मैं की स्थिति हो जा रही है। शुक्रवार को साप्ताहिक हाट होने की वजह से स्थिति और ज्यादा विकट हो जाती है, क्योंकि इस दिन अन्य दिनों की अपेक्षा वाहनों की संख्या काफी अधिक होती है। लेकिन जाम से निपटने को लेकर कोई व्यवस्था नहीं होती है। कभी कभार एक दो जवानों को फाटक पर खड़ा किया जाता है वे भी मूकदर्शक बने रहते हैं।

मनिका प्रखंड के रांकीकला में गर्मी का कहर, हजारों चमगादड़ों की हुई मौत

बढ़ती तापमान या बीमारी, पता लगा रहे पशु चिकित्सक की टीम

मरे हुए चमगादड़।

घटना स्थल पर वन विभाग एवं पशुपालन विभाग की टीम।

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत स्थित कोईली गांव के देवस्थान में तपतपाती गर्मी का कहर देखा गया जहां पर बीते दो-तीन दिन में हजारों की संख्या में चमगादड़ों की मौत हो गई है। इस देवस्थान में पिछले कई वर्षों से भारी संख्या में चमगादड़ व अन्य पक्षी रहते आ रहे थे। इस विषय पर पूछे जाने पर कोईली ग्राम के ग्रामीण शंकर दुबे ने बताया कि बहुत पहले से इस देवस्थान में चमगादड़ रहते आ रहे थे लेकिन इस वर्ष एकाएक भारी मात्रा में चमगादड़ मरने लगे। वहीं शंकर दुबे ने बताया कि हो सकता है कि ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से चमगादड़ों का मौत हो रहा है। वहीं देवस्थान में हजारों की संख्या में मरे हुए चमगादड़ जमीन में पड़े हुए एवं कुछ चमगादड़ पेड़ की टहनी में मर कर झूल रहे थे। चमगादड़ों की दो-तीन दिन पूर्व हुए मृत्यु के कारण अगल-बगल काफी दुर्गंध फैल रहा था। उक्त स्थान पर पत्रकारों के जाने की खबर पाते ही वन विभाग एवं पशुपालन विभाग सक्रिय हो गया है। वहीं घटना के सूचना के बाद वन विभाग मनिका की टीम एवं पशुपालन चिकित्सक कोईली गांव पहुंचे। जहां पर पशुपालन चिकित्सक के द्वारा मरे हुए चमगादड़ों का सैंपल लिया गया।ताकि चमगादड़ों की मौत का कारण पता लगाया जा सके। हालांकि पशु चिकित्सक के द्वारा लोगों को हिदायत दी जा रही है कि मरे हुए चमगादड़ को नहीं टच करें जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चमगादड़ों का मौत का कारण पता चल पाएगा। वहीं मरे हुए चमगादड़ों को वन विभाग के टीम के द्वारा इकट्ठा करके जला दिया गया ताकि उसके दुर्गन्ध से गांव में किसी प्रकार का बीमारी ना फैले। लोगों का कहना है की कोईली गांव में लगभग दो हजार की संख्या में चमगादड़ गांव के देव स्थल में रहते थे परंतु बीते दो-तीन दिन में ही सारे के सारे चमगादड़ की मौत हो गई है जिससे गांव के लोग डरे सहमे नजर आ रहे हैं साथ ही गांव के लोग किसी अनहोनी घटना का भी आशंका जता रहे है। मौके पर मनिका रेंजर ठाकुर पासवान, पशु चिकित्सक नरेश प्रसाद, मुखिया पति मथुरा उरांव, गांव के अन्य ग्रामीण,समेत वन विभाग की टीम उपस्थित थे।

➲ मामला पता चलते ही सक्रिय हुआ वन विभाग

चंदवा में भी बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत, हिटवेव से मौत होने की आशंका

➲ वन विभाग ने लोगों को मृत चमगादड़ों से दूर रहने की दी

चंदवा। झारखंड में लगातार बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत हो रही है। अब चंदवा में भी बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मौत होने का मामला सामने आया है। शुक्रवार की सुबह प्रखंड अंतर्गत पथ निर्माण विश्रामगृह प्रांगण में बड़ी संख्या में मृत चमगादड़ पाए गए हैं। बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत की खबर सुनकर वहां लोगों की भीड़ भी जुट गई। हालांकि वन विभाग ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से मृत चमगादड़ों के पास न जाने की अपील की है। मृत चमगादड़ों के संपर्क में आने से लोग कई तरह की गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते है, इसके सम्भावित खतरे को देखते हुए यह एडवाजरी जारी की गई हैं। बता दें कि शुक्रवार की सुबह पथ निर्माण विभाग के विश्रामगृह में स्थानीय लोगों ने कई पेड़ो के नीचे जमीन पर बड़ी संख्या में मृत चमगादड़ों को पड़ा देखा। बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मरने की खबर जैसे ही लोगो को मिली लोग सकते में आ गए। हालांकि चमगादड़ों की मौत कैसे हुई है, इसका कारण पता नही चल पाया था। लेकिन ग्रामीण अनुमान लगा रहे हैं कि इन दिनों क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी व हिटवेव के कारण चमगादड़ों की मौत हुई होगी।

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रतिवर्ष सैकड़ो हरे पेड़ों की चढ़ाई जा रही है बली

वन एवं वन्य जीव के साथ-साथ नदी, पहाड़ों का भी अस्तित्व खतरे में

राम निवास पाठक

लातेहार। आज पूरे देश भर में भीषण गर्मी से लोगों के जीवन बेहाल हो गया है, ऐसे में लोग पंखा,कूलर, एसी,भी पर्याप्त मात्रा में ठंडक नहीं दे पा रहा है, जिससे मानव जीवन काफी संकट में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, बताते चले केंद्र एवं राज्य सरकार से संरक्षित झारखंड राज्य के लातेहार जिला में स्थित पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र इन दोनों काफी सुर्खियों में है, बताते चलें पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र देश एवं विदेशों में अपना पहचान का मोहताज नहीं है,लेकिन वन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ो हरे वृक्ष के साथ-साथ वन्य जीव नष्ट होते जा रहे हैं,केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार भले ही लाख दावे और कोर्सिसे कर ले, लेकिन वन माफियाओं और आवारा कुत्तों के साथ-साथ शिकारी से जंगली जानवरों और जंगल का अस्तित्व दिन प्रतिदिन खतरे में पड़ते जा रहा है। बताते चलें प्रतिवर्ष लकड़ी तस्करों के द्वारा पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हरे पेड़ों को काटकर अपने उपयोग में लाते है। इसके साथ ही जंगली जानवर को भी भारी नुकसान दिन प्रतिदिन होता जा रहा है।

पीटीआर में है कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल, देश विदेश से आते हैं सैलानी

बेतला नेशनल पार्क।

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जहां देश एवं विदेशों से सालों भर पर्यटक इस प्राकृतिक के गोद में बसा पर्यटन स्थलों का दीदार करने पहुंचते हैं। मुख्य रूप से पीटीआर में बेतला नेशनल पार्क, केचकी औरंगा कोयल संगम, कमलदह झील,पलामू किला,सुगा बांध जलप्रपात, मिर्चाइया फौल, नेतरहाट का सनसेट व सनराइज पॉइंट,समेत कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। लेकिन प्राकृतिक से भरपुर वन क्षेत्र को छेड़छाड़ कर मानव निर्मित भवन बनाने में झारखंड सरकार एवं वन विभाग के पदाधिकारी काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं, ऐसे में पर्यटक कई उम्मीद लगाकर यहां पर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगता है। पार्क के अंदर घूमने के दौरान मुश्किल से किसी पर्यटक को जानवरों का दीदार होता है, अधिकांश पर्यटक निराश होकर ही लौटते हैं।

पीटीआर में नहीं है पशु चिकित्सालय, ईलाज के अभाव में भी दम तोड़ देते हैं जानवर

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक भी उपकरण व संसाधनों से लैस पशु चिकित्सालय नहीं है, न हीं यहां पर स्थाई रूप से चिकित्सक रहते हैं, ऐसे में जंगली जानवरों को घायल अवस्था में समुचित तत्काल इलाज नहीं होने के कारण भी प्रतिवर्ष दर्जनों जानवरों के मौत हो जाती है, खासकर हिरण के, क्योंकि हिरण का डर सबसे ज्यादा बेतला नेशनल पार्क के आसपास के रहने वाले आवारा कुत्तों का भी शिकार होना पड़ता है, घायल होने की सूचना चिकित्सकों को दूरभाष पर दिए जाने के बाद कई घंटे लेट पहुंचने से पहले मौत हो जाती है,ऐसे में झारखंड सरकार के लापरवाही मानी जाए या वन विभाग की, इसलिए पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में न तो जंगल सुरक्षित है, और न हीं जंगली जानवर।

पीटीआर में प्रतिवर्ष लाखों रुपए की लागत से बनते हैं तालाब, जानवरों को नसीब नहीं होता पानी: पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रतिवर्ष लाखों रुपए की लागत से तालाब का निर्माण कराया जाता है,लेकिन गर्मी के मौसम में जंगली जानवरों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं होता है, पानी के तलाश में भटकते भटकते प्रति वर्ष दर्जनों जानवरों को अपनी जान भी गवना पड़ता है,कई जंगली जानवर तो पानी की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों में भटक कर पहुंच जाते हैं,जहां उन्हें शिकारीयों के कारण जान गवा देना पड़ता है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इसीलिए प्रतिवर्ष लाखों रुपए की लागत से तालाब का निर्माण कराया जाता है, या फिर सरकारी राशि का बंदर बाँट तालाब के नाम पर की जाती है।

आकांक्षी जिला एवं प्रखंड को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। डीसी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों पर समीक्षा बैठक की। बैठक में डीसी ने नीति आयोग के 49 प्रमुख इंडिकेटर पर समीक्षा किया। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में विशेष कार्य करने को लेकर बिंदुवार समीक्षा करते हुए उक्त क्षेत्र में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, सेक्स रेश्यो, मालन्यूट्रिशन, एमटीसी सेंटर का संचालन समेत अन्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विशेष फोकस कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शत प्रतिशत विद्यालयों में पेयजल, विद्युतीकरण, शौचालय, सुचारू रूप से पठन-पाठन, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने समेत अन्य जरूरी इंडिकेटर पर जोर देने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए माइक्रो इरिगेशन, डीप इरीगेशन, फसल बीमा समेत अन्य क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही हाई वैल्यू क्रप्स यथा शिमला मिर्च समेत अन्य वैसे खेती जिससे षकों को अधिक से अधिक मुनाफा हो वैसे हाई वैल्यू क्रप्स का उत्पादन पर जोर देने का निर्देश दिया। इस दौरान आकांक्षी प्रखंड मंझिआंव में भी नीति आयोग के तहत संचालित विभिन्न इंडिकेटर अंतर्गत कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। उक्त प्रखंड में भी एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, लो बर्थ वेट बेबी, डायबिटीज़ एवं हाइपरटेंशन समेत अन्य विषयों पर जोर देने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि लो परफर्मिंग इंडिकेटर पर फोकस कर कार्य करें। जिससे नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग में सुार किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से सीएस डॉ. अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, आकांक्षी जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी, कर्मचारी व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

आखिरी चरण में बिहार की आठ सीटों पर मतदान आज

एजेंसी

पटना। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण का मतदान एक जून यानि शनिवार को होना है। सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर मतदान है। इन सीटों पर एनडीए, आईएनडीआई गठबंधन और कई निर्दलीय उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कई दिग्गजों की साख दांव पर है। सातवें चरण में नालंदा से एनडीए में शामिल जदयू के मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र से भाजपा के रामकृपाल यादव, आरा संसदीय सीट से भाजपा सांसद आरके सिंह, काराकाट सीट पर एनडीए के साझा उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिष्ठा दांव पर है।

इन प्रत्याशियों के बीच है सीधा मुकाबला : नालंदा संसदीय सीट पर जदयू के कौशलेंद्र कुमार का महागठबंधन के संदीप सौरभ से मुकाबला है। पटना साहिब सीट पर भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के बीच सीधी टक्कर है। पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती आमने सामने है। आरा में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह और महागठबंधन के सुदामा प्रसाद के बीच सीधी टक्कर है।

बक्सर संसदीय सीट पर एनडीए के मिथिलेश तिवारी और राजद के सुधाकर सिंह, सासाराम सीट पर एनडीए के शिवेश राम और महागठबंधन के मनोज कुमार भारती के बीच सीधा मुकाबला है।

काराकाट सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। काराकाट सीट से एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा, निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह और महागठबंधन के राजा राम सिंह के बीच कड़ी टक्कर है। जहानाबाद सीट से जदयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और राजद के सुरेंद्र यादव के अलावा पूर्व सांसद अरुण कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

खबर एक नजर में

माता के पुण्यतिथि पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण

वितरण करते ग्रुप के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार को ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ ने अपनी माता स्व. रामपति देवी की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर राकेश ने कहा कि मैं प्रत्येक वर्ष अपनी माता के पुण्यतिथि पर इसी प्रकार जरुरतमंदो के बीच वस्त्र का वितरण करता रहूंगा। जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच साड़ी का वितरण करना पुण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहता है।

मौके पर जायन्ट्स ग्रुप अफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के फ़ेडरेशन पादाधिकारी नन्द कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, विजय केशरी, दिलीप केशरी आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रचंड गर्मी और लू के प्रकोप से राज्य में उत्पन्न आपदा की स्थिति के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। साथ ही लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से तैयार रखें। गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। दूसरी ओर, आपदा प्रबंधन विभाग ने बिहार में बीते दिन यानी 30 मई को भीषण गर्मी और लू से मारे गए लोगों की अधिकारिक सूची जारी की है। इसके मुताबिक गर्मी-लू से कुल 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इसमें 10 चुनाव कर्मी एवं चार अन्य व्यक्ति हैं। मृतकों में भोजपुर जिले में पांच चुनाव कर्मी, रोहतास जिले में तीन चुनाव कर्मी, कैमूर जिले में एक चुनाव कर्मी तथा औरंगाबाद जिले में एक चुनाव कर्मी के अलावा चार अन्य व्यक्ति है। मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

डीडीसी ने की तीन प्रखंडों में समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

बैठक करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पंचायत मुखिया सहित तमाम कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सरकार की सबसे महत्वपूर्ण एवं जनोंपयोगी योजनाओं में पीएम आवास,अबुआ आवास योजना एवं मनरेगा योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उसके पश्चात उन्होंने मुख्य रूप से अबूआ आवास योजना में मजदूरी का ससमय भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने, दूसरे किस्त के भुगतान से पूर्व लाभुको के जाति प्रमाण पत्र (सामान्य वर्गों को छोड़कर) आगामी 4 जून तक सृजित कर अपलोड करते हुए भुगतान के लिए अग्रसारित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को पैसा मिला है और निर्माण कार्य चालू नहीं किया है उससे रिकवरी करें। मनरेगा द्वारा संचालित बिरसा सिंचाई संर्वान कूप निर्माण योजना को वर्षा ऋतु से पूर्व 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने का सख्त निर्देश सभी पंचायत सचिव, मुखिया एवं ग्राम रोजगार सेवकों को दिया। साथ ही मरेगा से संबंति कार्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने कहा कि किसी भी मनरेगा योजना में मशीन का प्रयोग नहीं होना चाहिए। मौके पर परियोजना पदाकिारी ज्ञानेश्वर शुक्ल, प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी सतीश भगत, अंचल अधिकारी शम्भू राम, बरडीहा बीडीओ सह सीओ विजय राम, कांडी बीडीओ सह सीओ मो. अफताब आलम, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सभी मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक व सभी प्रखण्ड कर्मी उपस्थिति थे।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल

मझिआंव। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि तीसरे व्यक्ति को मामूली चोट आई है। सभी तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस के मायम से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित ड कविता कुमार सहयोगी राकेश ठाकुर ने सुदेश्वर विश्वकर्मा के 23 वर्षीय पुत्र अमित कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश राम के 22 पुत्र योगेंद्र राम एवं उमेश्वर कुमार के 25 वर्षीय पुत्र विद्या कुमार को प्राथमिक उपचार किया गया। तीनों युवक मझिगवां असनाखांड़ के बताए गए। वहीं गंभीर रूप से घायल अमित कुमार विश्वकर्मा एवं योगेंद्र राम को बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

स्कूल जाने के दौरान अपराधियों ने शिक्षक की गोली मार हत्या की

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के कहरा नहर के समीप अहले सुबह स्कूल जा रहे बाइक सवार एक शिक्षक को अज्ञात अपराधियों ने बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक शिक्षक बालमुकुन्द गुप्ता के पुत्र सरोज गुप्ता है जो बनगाँव थाना क्षेत्र के बरियाही के रहने वाले थे। शिक्षक कहरा प्रखंड के सफाबाद में अनुसूचित जाति विद्यालय में कार्यरत थे और सुबह सुबह अपने बाइक से स्कूल जा रहे थे।

लू लगने से दो की मौत

मृतक

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में इन दिनों तापमान सबसे अधिक मापी गई है। मंगलवार और गुरुवार का तापमान 46 वर्ष का रिकर्ड तोड़ रहा। अब तक का सर्वाधिक तापमान 48 डिग्री था। मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत के बिडंडा निवासी 56 वर्षीय विजय मिश्रा की मृत्यु लू लगने से गुरुवार की शाम हो गई। जानकारी देते हुए बीडीसी प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह बताया कि विजय की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई थी। विजय बाहर से आए और शाम को अपनी भतीजी को कहा कि आज ठीक नहीं लग रहा है खाना बनाओ। कुछ देर बाद भतीजी खाना बना कर देने गई तो देखी की वे मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। इसके बाद उनकी पत्नी को बताया गया। विजय बहुत गरीब परिवार से थे, वो किसी तरह परिवार को चलाते थे। इसकी सूचना बीडीओ एवं सीओ को दे दी गई है। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरीतहले निवासी स्व. परशुराम प्रसाद सिन्हा के लगभग 28 वर्षीय पुत्र नन्दन सिन्हा की मौत गुरुवार को लू लगने से छत्तीसगढ़ के सिंगरौली में हो गई। जिसका शव शुक्रवार को अखोरीतहले लाया गया और स्थानीय कोयल नदी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार नन्दन सिंगरौली में लोडर चलाने का करते थे। गुरुवार को लू लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

विक्षिप्त युवक ने तोड़ी सूर्य मंदिर की मूर्ति

विक्षिप्त युवक व टूटी मूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

केतार। प्रखंड अंतर्गत बतोकला गांव में एक विक्षिप्त युवक ने सूर्य मंदिर में घुस कर मूर्ति को खंडित कर दिया। यह मंदिर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्व.लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती ने बनवाया था। जहां हजारों की संख्या में लोग छठ करते हैं। जानकारी मिलने बाद पूजा कमेटी को लोगों ने युवक को पकड़कर केतार थाना को सौंप दिया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद युवक की पहचान की गई। लोगों ने बताया कि युवक जोगियावीर निवासी भुनेश्वर साह का पुत्र सिकंदर कुमार गुप्ता है। लोगों ने बताया की इसकी मानसिक स्थिति पिछले कई साल से खराब है एवं इसका इलाज रांची के कांके से किया जा रहा है। घटना स्थल पर थाना प्रभारी ने पहुंच कर स्थिति की जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सूर्य मंदिर की मूर्ति खंडित करने के आरोप में एक युवक को पकड रखा था, जो मानसिक रोगी था। जिसके परिजनों को बुलाकर उचित इलाज करने की हिदायत दी गई है, ताकि यह भविष्य में किसी प्रकार का क्षति ना करें। ग्रामीणों के आग्रह पर युवक को परिजनों को सौप दिया गया।

जंगल से भटक कर आये हिरण की मौत

हिरण को दफनाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। उत्तरी वनक्षेत्र के लरहरा सुरक्षित वन क्षेत्र से पानी की तलाश में भटक कर टॉउनशिप सेल आवासीय परिसर में आया हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ले जाए जाने के दौरान कर्पूरी चौक पर उसकी मौत हो गई। वन क्षेत्र कार्यालय में पोस्टमार्टम के बाद परिसर में हिरण को दफना दिया गया। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र के लरहरा सुरक्षित वन क्षेत्र से भटक कर हिरण सेल के टॉउनशिप आवासीय परिसर में आ गया। पानी की तलाश में हिरण पार्क चहारदीवारी फांद कर बगल में सेल आवास में रह रहे श्रीकांत चौबे के चहारदीवारी में चला गया। जहां उसे पानी पीने के लिए दिया गया। हिरण के मुंह से खून आ रहा था। फिर हिरण चहारदीवारी फांद कर टॉउनशिप के आवासीय परिसर में भ्रमण करने लगा। बताया जाता है कि आवासीय परिसर में कहीं लगे कंटीले तार से मुंह के अगल बगल कट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसकी सूचना मिलते ही वनरक्षी दयाशंकर सिंह, ओमप्रकाश उरांव, सचित कच्छप, अनूप सिंह, कुंदन यादव, राकेश कुमार आदि पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से पकड़ कर इलाज के लिए वन क्षेत्र कार्यालय ले जा रहे थे कि कर्पूरी चौक के पास उसकी मौत हो गई।

केंदू पता खलिहान में धड़ल्ले से करायी जा रही है बाल मजदूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

रमना। मौसमी वनोपज केंदूपता एक मुख्य व्यवसायिक पता है। जिससे झारखण्ड स्टेट फारेस्ट डेवेलपमेन्ट कर्पोरेशन लिमिटेड को राजस्व प्राप्ति होती हैं। जेएसएफडीसीएल गढ़वा का पत्रांक 422 तिथि 20/5/2024 के आलोक में प्रमंडलीय प्रबांक लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडलीय द्वारा वर्ष 2024 के विक्रीत केंदू पता लट उतरी वन प्रमंडल प्रक्षेप गढ़वा -1, लट गढ़वा (पी)ए /2024 के इकाई संख्या -180 कुशडंड में खलिहान फाँड़ी छपरदागा में खोलने का आदेश 20/5/2024 को निर्गत किया गया हैं लेकिन इस खलिहान में केंदू पता का क्रय खरीदी ग्रामीण केंदू पता मजदूरों से खलिहान खोलने के आदेश निर्गत की तिथियां से तीन दिन पूर्व से ही केंदू पता ठेकेदार व्यवसायी के द्वारा खरीदीं का काम शुरू कर दिया गया था। जो सरासर निविदा नियम का उल्लंघन हैं। आखिर आदेश निर्गत होने की तिथि से पूर्व ही केंदू पता का खरीद-फरोक्त कैसे शुरू हो गया। केंदू पता मजदूरों नें बताया कि हमलोग 17, 18 तारीख से ही केंदु पता का बिक्री इस फडी में कर रहे हैं। इतना ही नहीं बाल मजदूरी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए बालमजदूरों को भी केंदु पता मजदूरी में लगाया गया और उनसे मानक दर से कम डर पर केंदु पता का खरीदी किया गया। उक्त सभी बाल मजदूरों की उम्र करीब 10-12 वर्ष का था। इस खलिहान के अनुमति मिलने से पूर्व ही खलिहान प्रभारी के रूप मे मनोज यादव को तिथि 6 मई 2024 को ही पहचान पत्र निर्गत कर दिया गया है। आदेश निर्गत होने के पूर्व ही केंदू पता का खरीदीं शुरू किया जाने लगा था। जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी इस खलिहान की जांच करने गयी तो खलिहान प्रभारी के द्वारा कोई भी खलिहान खोलने का कागजात नहीं दिया गया। इसकी सूचना पर थाना प्रभारी असफाक आलम, वनपाल प्रथम नीरज कुमार, वनरक्षी सचिन सिंह और प्रवीण शुक्ला उक्त स्थल पहुंचे, जहां काफी जादोजहज के बाद रात्रि करीब आठ बजे वनपाल द्वारा जिला अध्यक्षा महोदय को बताया गया कि इस लट का आदेश निगम द्वारा दिया गया और यह वैा है। श्रम अधीक्षक ऐतवारी महतो ने बताया कि अखबार वाले लोग इस तरह फोटो वीडियो बना कर परेशान करते रहते हैं।

जांच करने पहुंची जिप अध्यक्ष

मतगणना कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

गोपालगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना कार्य को लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर ,काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग असिस्टेंट को समाहरणालय सभा कक्ष में प्रशिक्षण दिया। संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पोस्टल बैलेट मतगणना के बारे मे कोषागार पदाधिकारी शशिकांत आर्य ने विस्तृत जानकारी दी। उसके बाद मतगणना संबंधित प्रशिक्षुओं के प्रश्नों पर अपने उत्तर से उन्होंने सभी को संतुष्ट किया। वहीं ईटीपीवीएस मतगणना संबंधित प्रशिक्षण की बिन्दुवार विस्तृत जानकारी जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को दी। प्रशिक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ शशिप्रकाश राय, उपसमाहर्ता शरूपा रानी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष गुप्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुशांत कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निर्मल कुमार राय एवं सभी मतगणना प्रशिक्षु उपस्थित थे।

पेज एक का शेष

दुमका, राजमहल और ...

गोड्डा सबसे बड़ा, दुमका सबसे छोटा क्षेत्र : झारखंड की इन तीन सीटों में सबसे बड़ा गोड्डा और सबसे छोटा दुमका लोकसभा सीट है। इस चरण में 6 जिलों के 18 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होंगे जिसमें कुल 53,23,886 मतदाता शामिल होंगे।

अंतिम चरण में मोदी, कंगना, पवन, रविकिशन प्रमुख प्रत्याशी : अंतिम चरण के चुनाव में पीएम मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, रवि किशन, पवन सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रवि शंकर प्रसाद, अभिषेक बनर्जी, चरणजीत सिंह चन्नी, राजद प्रमुख लालू की पुत्री मीसा भारती समेत कई राजनीतिक हस्तियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो जायेगा।

देश में कहां की कितनी सीटें : बिहार की आठ सीट : नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद। ओडिशा की छह संसदीय सीट : -मयूरभंज, बालासोर जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, भद्रक। पश्चिम बंगाल की नौ सीट : दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर क्षेत्र। झारखंड की 3 सीट : राजमहल, दुमका और गोड्डा। यूपी 13 सीट : महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिजार्पुर, रॉबर्ट्सगंज। हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटों- कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला। पंजाब की 13 सीट : गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला।

57 सीटों पर 904 प्रत्याशी------ आठ राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 57 संसदीय सीटों के लिए अंतिम चरण में 10.06 करोड़ से अधिक मतदाता। 1.09 लाख मतदान केंद्र। कुल 904 उम्मीदवार।

झारखंड में मौसम..

इस घटना से पशु पालकों को काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में कोलारकोंडा पंचायत के मुखिया उकील मुर्मू ने बताया कि कोलाबागान गांव के पशु पालकों के मवेशी प्रत्येक दिन की तरह जंगल में चरने गये थे। अत्यधिक बारिश के कारण सभी मवेशी पानी से बचने के लिए दो घने पेड़ के नीचे आ हो गये। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से मौके पर मौजूद 26 मवेशियों की मौत हो गयी।

हीट वेव जारी : पूरे झारखंड में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। पलामू प्रमंडल में में हीट वेव के कारण पिछले 48 घंटे में 20 लोगों की मौत की खबर आ रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से चार की मौत होना बताया है। स्वास्थ्य विभाग अन्य मौतों की भी जांच कर रही है कि यह लू लगने से मौत हुई या अन्य कारणों से हुई है। गुरुवार की शाम तक पलामू के विभिन्न इलाकों में आठ मौत के आंकड़ा रिकॉर्ड किया गया था। वहीं शुक्रवार को यहां आंकड़ा 20 तक पहुंच गया है। पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने लोगों को बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। भीषण गर्मी को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है।

अंतिम चरण आज मतदाताओं की बारी

वाराणसी समेत 57 सीटों पर डाले जायेंगे वोट

- सात राज्य, एक केंद्र शासित प्रदेश में 10.06 करोड़ वोटरा और 1.09 लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाये गये
- ओडिशा के 42 विधानसभा क्षेत्रों व हिमाचल की छह विस सीटों पर भी होगा मतदान
- गर्मी और बारिश से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करें अधिकारी : चुनाव आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। साथ ही ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी 1.09 लाख मतदान केन्द्रों पर 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

इस चरण में बिहार की 8 सीटों (नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद) पर 134, चंडीगढ़ की 1 सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला) पर 37, झारखंड की 3 सीटों (राजमहल, दुमका, गोड्डा) पर 52, ओडिशा की 6 सीटों (मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर) पर 66, पंजाब की 13 सीटों (गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला) पर 328, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों (महाराजगंज, गोरखपुर, कुशी नगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज) पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों (दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर) पर 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 13 विशेष रेलगाड़ियां और हेलीकॉप्टर की 8 उड़ानों (हिमाचल प्रदेश के लिए) की व्यवस्था की गई है। आयोग के अनुसार मतदान टीमों को मशीनों और चुनाव संबंधी सामग्री के साथ संबद्ध मतदान केन्द्रों पर भेज दिया गया है। मतदान केन्द्र मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और राज्य मशीनरी को निर्देश दिया गया है कि वे जहां भी गर्म मौसम या बारिश का पूर्वानुमान हो, उससे निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करें। आयोग ने बताया कि मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2707 उड़न दस्ते, 2799 स्थैतिक निगरानी दल, 1080 निगरानी दल और 560 वीडियो देखने वाले दल चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त उपहारों के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी नजर रखने के लिए कुल 201 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियों और 906 अंतर-राज्यीय सीमा चौकियों पर निगरानी रखी जा रही है। समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है। मतदान केन्द्रों पर पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवकों, व्हीलचेयर और बिजली जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है ताकि बुजुर्ग और दिव्यांगजनों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें।

काशी से तीसरी बार मोदी लड़ रहे चुनाव

इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अजय राय को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा गोरखपुर सीट से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने काजल निषाद को मैदान में उतारा है। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत चुनाव मैदान में हैं और उनके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हमीरपुर सीट से केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

लोकसभा सचिवालय नये सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार

नयी दिल्ली। लोकसभा सचिवालय 18वीं लोक सभा के सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। सदस्यों के स्वागत और उनके पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। वह हर दिन व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सचिवालय ने बताया कि कागजी कार्यवाही को कम करने और सदस्यों के पंजीकरण की औपचारिकताओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से, नव-निर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। सदस्यों को विभिन्न शाखाओं में निर्धारित कागजात पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे सदस्यों का काफी समय बचेगा। सचिवालय ने 4 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। इस बार, सचिवालय ने संसदीय सौंध में यह व्यवस्था की है। परिणामों की घोषणा के दिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नजर रखने और सफल उम्मीदवारों के संपर्क विवरण तुरंत दर्ज करने के लिए एक टीम गठित की गई है।

स्पीड न्यूज

यौन शोषण में 6 जून तक पुलिस हिरासत में सांसद प्रज्वल रेवन्ना

नयी दिल्ली। कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गुरुवार को यौन शोषण के मामलों में 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बेंगलुरु की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए रेवन्ना को प्रतिदिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी है। रेवन्ना मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। एसआईटी ने रेवन्ना पर लगे तीन यौन शोषण के मामलों में 15 दिनों की रिमांड मांगी थी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के सांसद पौत्र प्रज्वल रेवन्ना पिछले एक माह से चर्चा में हैं। रेवन्ना पर उनके यहां काम करने वाली महिला कर्मचारी ने यौन शोषण का आरोप लगाया है।

रजनीकांत ने बदरीनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

चमोली । मशहूर अभिनेता व सुपरस्टार रजनीकांत शुक्रवार को उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम पहुंचे। रजनीकांत आम श्रद्धालुओं की तरह लाइन में लग कर भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये। सुपर स्टार ने कहा कि वह आत्मिक शांति तथा अध्यात्मिक अनुभव हेतु प्रत्येक वर्ष श्री केदारनाथ एवं श्री बदरीनाथ धाम आते हैं।

चारधाम यात्रा में अब तक 71 यात्रियों की मौत

देहरादून। उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 22 दिन में 71 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो तीन तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 34 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर यात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा के कारण हुई है। 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में 22 दिनों में हृदय गति रुकने, पल्मोनरी एडिमा, हाईपोथर्मिया और सिर पर गंभीर चोट से अब तक 71 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है।

रूस के हमले से यूक्रेन में पांच मरे

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर रूस के मिसाइल हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गये और अन्य 25 घायल हो गये हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने बताया कि रूसी मिसाइलों ने पांच मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक और दो मंजिला औद्योगिक इमारत को निशाना बनाया। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि राजधानी पर हमले में कार सर्विस स्टेशन, कार वॉश और गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया।

अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर किये 13 हवाई हमले

सना। अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य विमानों ने लाल, अरब और भूमध्य सागर में अमेरिकी जहाजों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद यमन के तीन प्रांतों में शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) के ठिकानों पर 13 हमले किये। अमेरिका और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने पश्चिमी प्रांत होदेइदाह और दक्षिण पश्चिम में ताइज प्रांत में हूती के बैरकों और उपकरणों पर एक साथ कई हमले किए। यमन पर ये हमले हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हौथी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके समूह ने पिछले साल नवंबर से लाल, अरब, भूमध्य और हिंद महासागरों में 100 से अधिक इजरायली, अमेरिका और ब्रिटेन के जहाजों पर हमले किए हैं।

योगी ने 61 दिन में लगाया दोहरा शतक

- उप्र के सीएम ने बनाया नया कीर्तिमान, 204 कार्यक्रम, 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट
- उत्तर प्रदेश के 80 सीटों के साथ ही 12 राज्य और दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी किया चुनाव प्रचार

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ ने महज 61 दिन दोहरा शतक लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने 61 दिन के भीतर 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करने वाले योगी आदित्यनाथ ने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए पसीना बहाया। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ अपने राज्य की वाराणसी संसदीय सीट से सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लखनऊ से सांसद-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए। मतदाताओं ने मोदी के सारथी योगी आदित्यनाथ पर यकीन किया, जिसका परिणाम रहा कि हर रैली में लाखों की संख्या में पहुंचे मतदाताओं ने उन्हें सिर आंखों पर बैठाया। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी कमल के कमाल की अपील की। योगी ने 27 मार्च को ब्रज भूमि में हेमा मालिनी के पक्ष में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद तापमान 47-48 भी पहुंचा तो भी योगी की इच्छाशक्ति को डिगा न सका। उत्तर प्रदेश से भाजपा, सुभासपा, रालोद व अपना दल एस के सभी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। ढाई महीने के चुनावी कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 61 दिन प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कुल 204 चुनावी कार्यक्रम किए। इनमें से 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 13 रोड शो के अलावा अधिवक्ता सम्मेलन, नारी सम्मेलन, कार्यकर्ता सम्मेलन, लोकसभा संचालन समिति की बैठक, नामांकन समेत कई कार्यक्रमों में शिरकत की। हर बार की तरह इस बार भी यूपी ही दिल्ली की जीत का बड़ा रास्ता तय करेगा। अबकी पार-400 पार का आधार यूपी ही बनेगा। इस आधार के मजबूत स्तंभ के रूप में योगी आदित्यनाथ ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता दिलाने के लिए हर मुमकिन कदम उठाए। योगी उत्तर प्रदेश ऐसे पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो लगभग तीन-चार महीने के भीतर हर जनपद में पहुंचते हैं। इस बार भी ढाई महीने के भीतर योगी उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर पहुंचे और कार्यकताओं से यहां की विकास कार्यों की जानकारी भी ली।

पांच न्याय की गारंटी, संविधान की सुरक्षा प्राथमिकता : कांग्रेस

- चार जून को इंडिया गठबंधन को निर्णायक बहुमत मिलेगा : जयराम

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि उसका चुनाव प्रचार सकारात्मक रहा है और प्रचार के दौरान देश को पांच न्याय की गारंटी देने के साथ ही संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का वादा किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश, पवन खेड़ा तथा सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत अच्छा रहा है और इसके जरिए जनता को सकारात्मक संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी और प्रचार के दौरान जनता को पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है। इसके साथ ही हमने संविधान सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि मिलने जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा सबसे कमाल की बात यह है चुनाव आयोग में विपक्ष की एक नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि हमने 77 दिनों में चुनाव आयोग से 117 शिकायतें कीं। ये शिकायतें आचार संहिता समेत कई अन्य उल्लंघनों के बारे में थीं। इनमें 14 शिकायतें नरेंद्र मोदी, आठ शिकायतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तीन शिकायतें गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गईं। लेकिन कई ऐसी शिकायतें हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा की इन गारंटियों के माध्यम से श्रमिक न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय की बात की गई। कांग्रेस ने न से न्याय के आधार पर अपनी बात रखी और अपना प्रचार किया। वहीं नरेंद्र मोदी और भाजपा ने म से मंदिर, मंगलसूत्र, मटन, मुजरा जैसे शब्दों के आधार पर अपना प्रचार किया। इन सबके बाद अब प्रधानमंत्री ध्यान लगाने चले गए हैं। जिस आदमी ने पूरे 10 साल लोगों का ध्यान भटकाया, अब वह ध्यान लगा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब हम न्याय की बात कर रहे थे, तो नरेंद्र मोदी टोंटी और भैंस चोरी जैसी बातें कर रहे थे। कांग्रेस के प्रचार ने नरेंद्र मोदी के प्रचार को पटरी से उतार दिया। इस चुनाव में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। उन्होंने कहा कि जब भाजपा ने 400 पार का नारा दिया, तब इनके इरादे देश के सामने आए। भाजपा के कई नेताओं ने कहा कि वे संविधान बदल देंगे, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने संविधान को बचाने की मुहिम छेड़ दी। चुनाव से ज्यादा जरूरी हमारे लिए संविधान और लोकतंत्र को बचाना है।

एक्जिट पोल बहस में भाग नहीं लेगी कांग्रेस : खेड़ा

कांग्रेस ने कहा कि वह शनिवार को जारी होने वाले एक्जिट पोल नतीजों से जुड़ी बहस में भागीदारी नहीं करेगी। पार्टी का कहना है कि हम टीआरपी के लिए अटकलबाजी में शामिल होना जरूरी नहीं मानते । उल्लेखनीय है कि शनिवार को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद आम चुनाव से जुड़े एक्जिट पोल आयेंगे। इनमें सर्वे के आधार पर बताया जाता है कि देश में किस पार्टी को कितनी सीटें मिलने का अनुमान है। लगभग सभी टीवी चैनल इसे प्रसारित करते हैं। पार्टी नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को कहा कि एक्जिट पोल में भाग न लेने का कारण यह है कि मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है और उनका फैसला सुरक्षित हो गया है। नतीजे 4 जून को आएंगे। कांग्रेस एक्जिट पोल पर बहस में भाग नहीं लेगी। हम 4 जून से बहस में खुशी-खुशी हिस्सा लेंगे।

व्यावसायिक रिकॉर्ड की हेराफेरी में ट्रंप दोषी करार, सजा फैसला 11 जुलाई को

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयॉर्क में एक ऐतिहासिक आपराधिक मुकदमे में व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के सभी 34 मामलों में दोषी ठहराया गया है। यह पहला मौका है कि किसी पूर्व या सेवारत अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी। पूर्व राष्ट्रपति को जेल का सामना करना पड़ सकता है, हालांकि कानूनी विशेषज्ञों ने मीडिया को बताया कि दस तरह के मामलों में जुमार्ना अधिक संभावित परिणाम हो सकता है। ट्रंप ने फैसले को अपमानजनक बताया और मामले की अध्यक्षता करने वाले न्यायाधीश पर जुबानी हमला बोला। ट्रम्प ने अदालत में कहा कि यह एक विवादित न्यायाधीश द्वारा किया गया धांधली का मुकदमा था, जो भ्रष्ट था। यह एक धांधलीपूर्ण मुकदमा था, एक अपमान। यह फैसला ऐसे समय आया है जब ट्रम्प आगामी नवंबर में होने वाले चुनाव में श्री बाईडेन को हराने और व्हाइट हाउस में वापसी के लिए अभियान चला रहे हैं।

दो-तीन दिन में मिल सकती है भीषण गर्मी से राहत

- आइएमडी ने बिहार व झारखंड समेत नौ राज्यों में जारी किया ऑरेंज अलर्ट

नयी दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार सहित देश उत्तर-मध्य के राज्य नौतपा के दिनों में झुलस रहे है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक-दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा, इसके बाद कुछ राहत मिलने लगेगी। मौसम विभाग ने नौ राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

अनुमान है कि तापमान में मध्यम गिरावट की वजह से अगले 2-3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी से कुछ निजात मिल जाएगी।

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए राहत मिलने की भी बात कही है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर यहां दिखने वाला है। अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण कुछ स्थानों पर बारिश या तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 1 जून तक भारत के बड़े हिस्से में शुष्क मौसम की स्थिति के साथ-साथ अत्यधिक गर्म लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश आदि शामिल हैं। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और झारखंड समेत कई और राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा है कि बीते 24 घंटों में बिहार, झारखंड, ओडिशा में गर्मी के कारण काफी मौतें हुई हैं। उन्होंने संभावना जताई है कि शनिवार से इन क्षेत्रों में लू की स्थिति धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

100 टन सोना लंदन से वापस आया भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 100 टन सोना यूके के वॉल्ट से भारत वापस मंगाया है। इसका उद्देश्य सोना जमा करने की लागत कम करना था। मीडिया रिपोर्ट्स में ये जानकारी दी गई है। 1991 के बाद यह पहली बार है जब भारत की ओर से इतनी बड़ी मात्रा में विदेश से सोना वापस मंगाया गया है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य और अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने कहा कि आरबीआई ने 100 टन सोना यूके से भारत में शिफ्ट किया है। उन्होंने कहा कि कई देशों की ओर से बैंक ऑफ इंग्लैंड के वॉल्ट में गोल्ड रखा जाता है। इसके लिए एक फीस भी अदा की जाती है। भारत अब अपना ज्यादातर सोना अपने पास रखता है। 1991 में संकट के दौरान हमें अपने सोने के विदेश में गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम वहां से काफी आगे आ गए हैं। 1990-91 के दौरान विदेश में सोना भेजना हमारी पीढ़ी के लिए विफलता थी और उसे कभी नहीं भूला जा सकता। इस कारण से विदेश से वापस सोना आना काफी स्पेशल है।

1991 में जब देश संकट में था और आयात करने के पैसे नहीं थे। तब की चंद्रशेखर सरकार ने बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में 46.91 टन सोना गिरवी रखकर 400 मिलियन डॉलर उधार लेने का फैसला किया था। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक केंद्रीय बैंक के पास 822.10 टन सोना है। पिछले साल समान अवधि में ये आंकड़ा 794.63 टन पर था। सोने में निवेश सुरक्षित होने के कारण अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी इसमें निवेश करता है। देश की मुद्रा को स्थिर रखने में भी सोने का काफी महत्व होता है। वैश्विक अस्थिरता और बढ़ती हुई महंगाई की स्थिति में सोना एक हेज के रूप में कार्य करता है। अप्रैल 2024 तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़कर 8.7 प्रतिशत हो गई है जो कि दिसंबर 2023 में 7.75 प्रतिशत पर थी।

आरबीआइ की कामयाबी

- 1991 में संकट के दौरान गिरवी रखा गया था

विदेशी मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त हफ्ते में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 24 मई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा है। आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। इसका कारण डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में आयी गिरावट माना जा रहा है।

जनवरी-मार्च में 7.8 फीसदी रही जीडीपी

नयी दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 फीसदी रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6.2 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 8.6 फीसदी की उच्च दर से बढ़ी थी। हालांकि, चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमान 6.9 फीसदी के पार पहुंच गई है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !